लखनऊ

# स्पष्ट आवाज़

शुक्रवार, 23 फरवरी, 2024 वर्ष : 20, अंक: 238 पृष्ठ: 12

लखनऊ, गोरखपुर, कानपुर, ललितपुर से प्रकाशित

www.spashtawaz.com मूल्यः ₹ 3




भाजपा ने राजनीति में विश्वसनीयता ...पेज-12


Stallion Honda
MG Autosales Pvt. Ltd.
Ayodhya Road, Lucknow

ELEVATE
Starts from ₹11 57 900*

HONDA
The Power of Dreams

Top Reasons to Buy All New Honda Elevate
- World famous iVTEC petrol engine
- Best in segment High Ground Clearance of 220 mm
- 3 Yeare unlimited KMs of warranty & also 10 Years Any Time Warranty
- Level-2 ADAS ADVANCED DRIVER ASSISTANCE SYSTEM
- Best in class cabin space with 2650 mm wheelbase and 458 Ltrs of Boot Space
- Honda Connect with Smart Watch and Alexa connectivity.



/stallionhonda

Showroom (1S) : CP 5, Vikrant Khand, Gomtinagar, Ayodhya Road, Lucknow - 226010
Service (3S) : Anaura, After Indira Canal, Ayodhya Road, NH-28, Lucknow
Sales: +91 7897222000 ,+918009809995 | Service: +91 8009090093



आर.सी.जे. ज्वैलर्स
(आर.सी. ज्वैलर्स)



सर्राफा बाजार, कुर्सी रोड, अलीगंज
लखनऊ निकट आर्य समाज मंदिर
गोल मार्केट, महानगर, लखनऊ
बान वाली गली, चौक, लखनऊ
मो. - 8299567219, 9455555965, 9415133977


# ग्रामीण अर्थव्यवस्था की जरूरतों को टुकड़ों में देखती थीं पहले की सरकारें

- पिछले 10 साल में भारत में दूध उत्पादन में करीब 60 प्रतिशत वृद्धि हुई
- भारत के पशुपालकों के सामर्थ्य की पहचान बन चुका है अमूल

**अहमदाबाद।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पिछली सरकारों पर निशाना साधते हुए कहा कि पहले की सरकारें ग्रामीण अर्थव्यवस्था की जरूरतों को टुकड़ों में देखती थीं। हम गांव के हर पहलू को प्राथमिकता देते हुए काम को आगे बढ़ा रहे हैं। प्रधानमंत्री गुरुवार को अहमदाबाद में गुजरात कॉपरेटिव मिल्क मार्केटिंग फेडरेशन (जीसीएमएमएफ) के स्वर्ण जयंती समारोह को संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार का जोर अन्नदाता किसानों को ऊर्जादाता बनाने के साथ ही उर्वरकदाता बनाने पर भी है। उन्होंने कहा कि हमारा फोकस छोटे किसान का जीवन बेहतर करने, पशुपालन का दायरा बढ़ाने, पशुओं का स्वास्थ्य बेहतर करने, गांव में पशुपालन के साथ ही मछलीपालन और मधुमक्खी पालन को प्रोत्साहित करने पर केंद्रित है। महात्मा गांधी के कथन को याद करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत की आत्मा गांवों में बसती है। विकसित भारत के निर्माण के लिए भारत की ग्रामीण अर्थव्यवस्था का सशक्त होना जरूरी है। उन्होंने कहा कि हमने पहली बार पशुपालकों और मछली पालकों को भी किसान क्रेडिट कार्ड की सुविधा दी है।

किसानों को ऐसे आधुनिक बीज दिए हैं, जो जलवायु परिवर्तन का मुकाबला कर सकें। भाजपा सरकार राष्ट्रीय गोकुल मिशन जैसे अभियानों के माध्यम से दुधारू पशुओं की नस्ल सुधारने का भी काम कर रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि हम किसान कल्याण सुनिश्चित करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। सरकार ने देश भर में 60,000 से अधिक अमृत सरोवर बनाए हैं। इसी पहल से न सिर्फ



वाराणसी के बाबतपुर हवाई अड्डे पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का स्वागत करते सीएम योगी आदित्यनाथ

किसानों को फायदा होगा, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था भी मजबूत होगी। हमारा लक्ष्य देश के छोटे किसानों तक भी आधुनिक तकनीक और उसकी जानकारी पहुंचाना है। प्रधानमंत्री ने गुजरात कॉपरेटिव मिल्क मार्केटिंग फेडरेशन को स्वर्ण जयंती की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि गुजरात के गांवों ने मिलकर 50 वर्ष पहले जो पौधा लगाया था वो आज विशाल वटवृक्ष बन गया है। उन्होंने कहा कि भारत की आजादी के बाद देश में बहुत से ब्रांड बने, लेकिन अमूल जैसा कोई नहीं। आज अमूल भारत के पशुपालकों के सामर्थ्य की पहचान बन चुका है। उन्होंने कहा कि छोटे-छोटे पशुपालकों की ये संस्था आज जिस बड़े पैमाने पर काम कर रही है, वही संगठन और सहकार की शक्ति है। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह 'सरकार' और 'सहकार' का अद्भुत तालमेल है कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा दूध उत्पादक देश बनकर उभरा है। आज भारत में करीब 8 करोड़ लोग सीधे तौर पर डेयरी सेक्टर से जुड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि हम आज दुनिया के सबसे बड़े दूध उत्पादक देश हैं।

भारत के डेयरी सेक्टर से 8 करोड़ लोग सीधे जुड़े हुए हैं। पिछले 10 साल में ही भारत में दूध उत्पादन में करीब 60 प्रतिशत वृद्धि हुई है।

## संक्षिप्त आवाज़



### शेयर बाजार गुलजार

**मुंबई।** विश्व बाजार की तेजी से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा लिवाली की बदौलत आज शेयर बाजार गुलजार रहा।बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 535.15 अंक की छलांग लगाकर 73,158.24 अंक पर पहुंच गया। साथ ही नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 162.40 अंक की तेजी लेकर 22,217.45 अंक पर बंद हुआ।

### मणिपुर में मैतेई समुदाय का एसटी दर्जा हटा

**इम्फाल।** मणिपुर हाईकोर्ट ने मैतेई समुदाय को अनुसूचित जनजाति (एसटी) सूची में शामिल करने पर विचार करने के आदेश को रद्द कर दिया है। जस्टिस गोलमेई गैफुलशिलु की बेंच ने आदेश से एक पैराग्राफ को हटाते हुए कहा कि यह सुप्रीम कोर्ट की कॉन्स्टिट्यूशनल बेंच के रुख के खिलाफ था। गौरतलब है कि 27 मार्च 2023 के इसी निर्देश के बाद मणिपुर में जातीय हिंसा भड़क उठी, जिसमें अब तक 200 से ज्यादा लोगों की जान जा चुकी है।

### एनसीएसटी की टीम ने संदेशखाली का किया दौरा

**संदेशखाली।** पश्चिम बंगाल के संदेशखाली की घटना सामने आने के बाद से ही तमाम विपक्षी दल ममता सरकार के खिलाफ लामबंद हो गए हैं। जहां एक तरफ सत्ता पक्ष भाजपा पर प्रदेश में माहौल खराब करने का आरोप लगा रहा है। वहीं तमाम विपक्षी दल राज्य में कानून व्यवस्था के ध्वस्त होने की बात कह रहे है। पश्चिम बंगाल की पूरी सियासत संदेशखाली के ईर्दगिर्द भटक रही है। संदेशखाली सियासी जंग का मैदान बना हुआ है। अब मामले की तह तक जाने के लिए राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की एक टीम भी संदेशखाली पहुंच गई है।

### भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल होंगे अखिलेश

**लखनऊ।** सपा व कांग्रेस के बीच यूपी में सीट बंटवारे के बाद अब सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल होंगे। अखिलेश यादव 25 फरवरी को आगरा में न्याय यात्रा से जुड़ेंगे। इसके पहले अखिलेश यादव ने रायबरेली में न्याय यात्रा से जुड़ने का एलान किया था पर सीट बंटवारे पर फैसला न होने के कारण उन्होंने अपना कार्यक्रम रद्द कर दिया था। बुधवार को सीट बंटवारे पर सहमति बनने के बाद अब अखिलेश न्याय यात्रा मे शामिल होंगे।

### प. बंगाल में मीडिया का दमन न हो : ठाकुर

**नई दिल्ली।** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने पश्चिम बंगाल में एक टेलीविजन चैनल के पत्रकार की गिरफ्तारी पर गुरुवार को गंभीर आपत्ति जताई और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से यह सुनिश्चित करने की अपील की कि राज्य में मीडिया का दमन नहीं हो। यहां संवाददाता सम्मेलन में ठाकुर ने पत्रकार की गिरफ्तारी को दुर्भाग्यपूर्ण करार दिया।

# विकसित भारत के लिए यूपी का विकसित होना जरूरी : योगी

**सौगात**
- बेहतर कानून व्यवस्था से दिख रहा औद्योगिक विकास
- आवासीय परियोजना में हर श्रेणी के लोगों को मिलेगी सुविधा
- एक तरफ विकास तो दूसरी तरफ आस्था का सम्मान

**गोरखपुर (स्पष्ट आवाज)।** पीएम मोदी के मार्गदर्शन में डबल इंजन सरकार का लक्ष्य विकसित भारत बनाने का है। विकसित भारत के इस संकल्प को पूरा करने के लिए यूपी को विकसित बनाना होगा। यूपी को विकसित बनाने के लिए गोरखपुर को विकसित करना होगा। विकसित देश, प्रदेश और जनपद के इस संकल्प को पूर्ण करने के लिए औद्योगिक निवेश भी आवश्यक है।



सीएम योगी गुरुवार को गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण (गीडा) क्षेत्र को 1040 करोड़ रुपए की 20 परियोजनाओं की सौगात देने के बाद गीडा के सेक्टर-13 में आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे। सीएम ने कहा कि औद्योगिक विकास और रोजगार के क्षेत्र में जो परिणाम दिख रहा है, वह बेहतर कानून व्यवस्था, अच्छी सरकार और अच्छे जनप्रतिनिधियों के चुने जाने का परिणाम है। जब नीयत अच्छी होती है तो परिणाम भी अच्छे आते हैं। सीएम योगी ने कहा कि आज गीडा नई ऊंचाइयों को छू रहा है। यहां गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे का काम जल्द ही पूरा हो जाएगा। तब लखनऊ जाने के लिए दो रूट हो जाएंगे। सीएम ने कहा कि यह क्षेत्र औद्योगिक क्लस्टर के रूप में विकसित हो, इसके लिए बीते कुछ वर्षों में तमाम प्रयास हुए हैं। गीड में वरुण ब्रेवरेज, केयान डिस्टलरीज, सीपी मिल्क, तत्वा प्लास्टिक, सेंट्रल वेयरहाउसिंग कॉरपोरेशन, इंडिया ऑटोव्हील्स, बालाजी प्रोसेसर्स, रूंगटा इंडस्ट्रीज, कपिला कृषि उद्योग, सिंह पेपर प्रोजेक्ट के निवेश का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सिर्फ इन्हीं निवेश परियोजनाओं से करीब 5000 युवाओं को यही नौकरी व रोजगार उपलब्ध होगा। सीएम ने कहा कि गीडा क्षेत्र में ढेर सारे अन्य उद्योग लग रहे हैं। यहां 25 एकड़ में गारमेंट पार्क, 88 एकड़ में प्लास्टिक पार्क विकसित हो रहा है तो 34 करोड रुपए की लागत से फ्लैटेड फैक्ट्री भी बन रही है। इसके अलावा सरकार 5500 एकड़ में धुरियापार में औद्योगिक टाउनशिप बनाने जा रही है। उन्होंने बताया कि हाल में ही नई सीमेंट फैक्ट्री के लिए प्रस्ताव मिला है। इसके लिए निवेशक को भूमि दिखा दी गई है। सीएम ने कहा कि साल 2014 के प्रधानमंत्री बनने के साथ ही मोदी जी ने हर जरूरतमंद व्यक्ति के लिए आवास की घोषणा की थी। देश में अब तक चार करोड़ गरीबों को सिर ढकने के लिए पक्के छत की सुविधा उपलब्ध करा दी गई है। उत्तर प्रदेश में 56 लाख गरीबों को मकान दिए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि अपना पैसा देकर जो लोग आवास पाने के इच्छुक हैं, उनके लिए गोरखपुर विकास प्राधिकरण के साथ ही गीडा ने भी आगे कदम बढ़ाए हैं। उन्होंने बताया कि गीडा की कालेसर आवासीय परियोजना में हर श्रेणी के लोगों के लिए आवास उपलब्ध हो सकेंगे। सीएम ने कहा कि किसी भी उत्पाद की पैकेजिंग का अपना महत्व है। कोई उत्पाद कितना भी अच्छा हो, अगर उसका बाहरी आवरण ठीक नहीं है तो वह बाजार की प्रतिस्पर्धा में टिक नहीं पाएगा।

# 200 ब्रह्मोस सुपरसोनिक मिसाइल खरीदने को सीसीएस की मंजूरी

- नौसेना और ब्रह्मोस एयरोस्पेस के बीच अनुबंध पर अगले माह मार्च में किए जाएंगे हस्ताक्षर
- करीब 19 हजार करोड़ रुपये का होगा सौदा, कई युद्धपोतों से किया जा चुका है परीक्षण

**नई दिल्ली।** सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति (सीसीएस) ने भारतीय नौसेना के लिए 19 हजार करोड़ रुपये की 200 विस्तारित रेंज वाली ब्रह्मोस सुपरसोनिक मिसाइल के अधिग्रहण के लिए बड़े सौदे को मंजूरी दी है। नौसेना और ब्रह्मोस एयरोस्पेस के बीच अनुबंध पर मार्च, 2024 के पहले सप्ताह में हस्ताक्षर किए जाएंगे। इस मिसाइल की रेंज 450-600 किमी है। भारतीय नौसेना ने स्वदेशी बूस्टर के साथ ब्रह्मोस मिसाइल के एंटी-शिप वर्जन का सफल परीक्षण किया है, जो भारत की आत्मनिर्भरता के प्रति नौसेना की प्रतिबद्धता को मजबूत करता है। इस ब्रह्मोस मिसाइल में नई प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल किया गया है। ब्रह्मोस मिसाइल का निर्माण भारत और रूस के बीच एक संयुक्त उद्यम के तहत





किया जा रहा है। इस संयुक्त उद्यम में डीआरडीओ भारतीय पक्ष का प्रतिनिधित्व करता है। नौसेना अपने वॉरशिप आईएनएस विशाखापत्तनम, गाइडेड मिसाइल डिस्ट्रॉयर आईएनएस मोरमुगाओ, युद्धपोत आईएनएस दिल्ली, आईएनएस रणविजय, स्वदेशी स्टील्थ डिस्ट्रॉयर आईएनएस चेन्नई से समय-समय पर ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल का परीक्षण कर चुकी है। नेवी के पास समुद्र में दागने के लिए ब्रह्मोस मिसाइल के चार वैरिएंट्स हैं। युद्धपोत से दागी जाने वाली एंटी-शिप मिसाइल और लैंड-अटैक मिसाइल नौसेना के पास पहले से हैं। पनडुब्बी से दागी जाने वाली एंटी-शिप मिसाइल और लैंड-अटैक मिसाइल का भी सफल परीक्षण हो चुका है और जल्द ही नौसेना के जखीरे में शामिल होंगी।

# सीजेआई ने आयुष समग्र कल्याण केंद्र का किया उद्घाटन

- कोरोना होने पर पीएम मोदी ने खुद कॉल किया और वैद्य से दवा दिलाई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट परिसर में अब लोगों को इलाज भी मिल सकेगा। गुरुवार को भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) डी वाई चंद्रचूड़ ने शीर्ष अदालत के परिसर में आयुष होलिस्टिक वेलनेस सेंटर का उद्घाटन किया। सीजेआई ने कहा कि मेरे लिए यह पल काफी संतोषजनक है। मैं तब से इस पर काम कर रहा हूं जब से मैंने सीजेआई के रूप में पदभार संभाला है। मैं आयुर्वेद और समग्र जीवन शैली का समर्थक रहा हूं। हमारे पास 2000 से अधिक कर्मचारी हैं। उन्होंने आगे कहा कि हमें न केवल न्यायाधीशों और उनके परिवारों, बल्कि स्टाफ सदस्यों के जीवन जीने के तरीके को देखना चाहिए। मैं आयुष के



सभी डॉक्टरों का बहुत आभारी हूं। हम इसे सर्वोच्च न्यायालय और इसके माध्यम से पूरे देश के लिए अनावरण कर रहे हैं। इतना ही नहीं सीजेआई चंद्रचूड़ ने पीएम मोदी के फोन का एक वाक्या साझा किया। उन्होंने बताया कि मैं कोरोना के बाद से ही आयुष से जुड़ा हुआ हूं। मुझे कोविड हुआ था, तब मेरी हालात काफी खराब थी। उस समय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुझे फोन किया और कहा कि सब कुछ ठीक हो जाएगा। इतना ही नहीं, पीएम मोदी ने यह भी कहा था कि मुझे एहसास है कि आपकी तबियत सही नहीं है, लेकिन हम सब कुछ करेंगे। एक वैद्य हैं, जो आयुष में सचिव भी हैं। उनके साथ आपकी बात करवाऊंगा। वह आपको दवा देंगे। सीजेआई ने कहा कि जब मैं कोविड से पीड़ित था, उस समय मैंने आयुष से दवा ली थी। दूसरी और तीसरी बार जब मुझे कोविड हुआ, मैंने कोई एलोपैथिक दवा नहीं ली। मैं सभी न्यायाधीशों, उनके परिवारों और उच्चतम न्यायालय के 2000 से अधिक स्टाफ सदस्यों के बारे में बहुत चिंतित हूं क्योंकि उन्हें न्यायाधीशों के समान सुविधाएं नहीं मिलती हैं। मैं चाहता हूं कि उनके पास जीवन जीने का एक समग्र तरीका हो। मैं मंत्री सर्बानंद सोनोवाल को धन्यवाद देना चाहता हूं। चंद्रचूड़ ने आगे अपनी दिनचर्या बताई।

## नरेंद्र नारायण यादव ने बिहार विधानसभा उपाध्यक्ष पद के लिए किया नामांकन

**पटना।** जनता दल (यूनाइटेड) के वरिष्ठ नेता नरेंद्र नारायण यादव ने गुरुवार को बिहार विधानसभा उपाध्यक्ष पद के चुनाव के लिए अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। जदयू के नेता महेश्वर हजारी ने कल 21 फरवरी को बिहार विधानसभा के उपाध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया था। कल्याणपुर निर्वाचन क्षेत्र (आरक्षित) से दूसरी बार विधायक बने हजारी मार्च, 2021 से उपाध्यक्ष पद पर थे। विधानसभा उपाध्यक्ष पद के चुनाव के लिए नरेंद्र नारायण यादव ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा जैसे वरिष्ठ राजग नेताओं की उपस्थिति में विधानसभा सचिवालय में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। सदन के उपाध्यक्ष पद के लिए चुनाव शुक्रवार को होना है।

# लोकतंत्र की हो रही हत्या : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने किसानों के विरोध प्रदर्शन से जुड़े खाते और पोस्ट 'ब्लॉक' करने के भारत सरकार के आदेश से सोशल मीडिया मंच 'एक्स' द्वारा असहमति जताये जाने के बाद गुरुवार को केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि लोकतंत्र की हत्या की जा रही है। सोशल मीडिया मंच 'एक्स' ने किसानों के विरोध प्रदर्शन से जुड़े खाते और पोस्ट 'ब्लॉक' करने के भारत सरकार के आदेश से गुरुवार को असहमति जतायी और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का आह्वान किया। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने 'एक्स' के एक पोस्ट को रिपोस्ट करते हुए आरोप लगाया, लोकतंत्र की हत्या की जा रही है। एक्स' ने एक पोस्ट में कहा कि भारत सरकार ने शासकीय आदेश जारी किए हैं जिसके तहत एक्स को विशिष्ट खातों और पोस्ट्स पर कार्रवाई करने की आवश्यकता है जो अच्छे-खासे जुर्माने और कारावास सहित संभावित दंड के अधीन हैं। आदेश का अनुपालन करते हुए हम केवल भारत में ही इन खातों और पोस्ट्स पर रोक लगाएंगे, हालांकि, हम इन कार्रवाइयों से असहमत हैं और हमारा मानना है कि ये पोस्ट अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के दायरे में आनी चाहिए। सूत्रों ने बताया कि इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने गृह मंत्रालय के अनुरोध पर किसानों के विरोध प्रदर्शन से जुड़े 177 सोशल मीडिया खातों और वेब लिंक को अस्थायी रूप से 'ब्लॉक' करने का आदेश दिया है।



## आप-कांग्रेस के बीच गठबंधन लगभग तय

**नई दिल्ली।** आगामी लोकसभा चुनाव में दिल्ली में आम आदमी पार्टी और कांग्रेस मिलकर चुनाव लड़ सकते हैं। आम आदमी पार्टी चार और कांग्रेस तीन सीटों पर चुनाव लड़ सकती है। दिल्ली में आम आदमी पार्टी ने कांग्रेस को लोकसभा चुनाव में गठबंधन के लिए तीन सीटों की पेशकश की है। इसपर लगभग सहमति बन गई है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, कांग्रेस को आम आदमी पार्टी ने चांदनी चौक सीट देने का प्रस्ताव दिया है। इसके अलावा पूर्वी दिल्ली और नॉर्थ ईस्ट सीट कांग्रेस को देने का प्रस्ताव भी दिया है। आप की तीन सीटों की पेशकश पर दोनों दल सहमत हो गए हैं। ऐसे में कांग्रेस तीन सीटों पर चुनाव लड़ सकती है। वहीं, आम आदमी पार्टी नई दिल्ली, दक्षिणी दिल्ली, पश्चिमी दिल्ली और नॉर्थ वेस्ट दिल्ली सीट से चुनाव लड़ सकती है।

## किसानों, जवानों को नजरअंदाज कर रही है सरकार : राहुल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने केंद्र सरकार पर किसानों और जवानों को नजरअंदाज करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि मोदी शासन में लोगों की बात नहीं सुनी जा रही है और जनता की आवाज दबाकर लोकतंत्र की हत्या की जा रही है। श्री गांधी ने गुरुवार को कहा कि दिक्कत यह है कि जब लोग हक़ के लिए सड़क पर उतर कर आंदोलन करते हैं तो सरकार गोली चलाकर उनकी आवाज को दफन कर देती है। किसान अपने हक की बात कर रहे हैं तो उन्हें गोली मारी जा रही है। सोशल मीडिया पर लोगों की आवाज को दबाया जा रहा है। सरकार पर लोकतंत्र की हत्या करने का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा, किसान एमएसपी मांगें तो उन्हें गोली मारो-ये है मदर ऑफ डेमोक्रेसी। जवान नियुक्ति मांगें तो उनकी बातें तक सुनने से इनकार कर दो -ये है मदर ऑफ डेमोक्रेसी।

# सच्चाई छिपा रहीं ममता बनर्जी : भाजपा

- संदेशखाली विवाद पर भाजपा नेजारी की डॉक्यूमेंट्री

**कोलकाता।** भाजपा ने गुरुवार को अपने सोशल मीडिया हैंडल्स पर एक डॉक्यूमेंट्री जारी की है। इस डॉक्यूमेंट्री में पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में जमीन कब्जाने और महिलाओं के खिलाफ यौन शोषण के मामलों को उजागर करने का दावा किया गया है।

भाजपा ने एक्स हैंडल पर जारी इस 20 मिनट की डॉक्यूमेंट्री के साथ कैप्शन में लिखा कि एक सच्चाई जो आपको हैरान कर देगी।

एक सच्चाई जो हमें दर्द देती है और एक सच्चाई जो हमारी अंतरआत्मा को झकझोरती है। संदेशखाली की सच्चाई को ममता बनर्जी छिपाने की कोशिश कर



रही हैं। डॉक्यूमेंट्री में संदेशखाली की कुछ महिलाएं उन कथित अपराधों के बारे में बात कर रही हैं जो उनके साथ हुए थे। पीड़ित महिलाओं ने बताया कि किस तरह से उनकी जमीन टीएमसी नेताओं ने कब्जाई और उनका यौन शोषण किया। पीड़ितों ने आरोप लगाया कि जब उन्होंने पुलिस से अपने साथ ही ज्यादती की शिकायत की तो पुलिस ने भी आरोपियों से ही बात करके मामले को निपटाने की सलाह दी। भाजपा ने संदेशखाली मुद्दे पर ममता बनर्जी सरकार को घेर लिया है। वहीं ममता बनर्जी की पार्टी टीएमसी ने आरोपों के पीछे भाजपा का हाथ होने का आरोप लगाया। 20 मिनट 41 सेकेंड की इस डॉक्यूमेंट्री में संदेशखाली की महिलाएं अपने अनुभव बता रही हैं। इसमें एक महिला ने दावा किया कि टीएमसी नेता शिबप्रसाद हाजरा यानी शिबू हाजरा उन्हें घर से उठवाकर ले जाता था। टीएमसी के लोग लड़कियों की सुंदरता देखकर उन्हें अपने साथ ले जाते थे। उनके लिए लड़कियां एंटरटेनमेंट थीं। एक महिला ने बताया कि हाजरा के लोग रात के दो बजे बुलाने आते थे। कहते थे कि दादा (शिबू हाजरा) बुला रहे हैं। उनका आदेश मतलब भगवान का आदेश। मैं रात के दो बजे जाती थी और सुबह 5 बजे आती थी। मैं दुकान चलाती हूं। उनके बुलाने पर नहीं जाती तो मेरी दुकान तोड़ देते। इधर, बंगाल के डीजीपी राजीव कुमार बुधवार को संदेशखाली गए।

उन्होंने रात भर वहां रुक कर हालात का जायजा लिया। गुरुवार को कोलकाता लौटने के बाद डीजीपी राजीव ने कहा कि पुलिस संदेशखाली में हर व्यक्ति की शिकायत सुनेगी और दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करेगी। अगर लोगों को टॉर्चर करने में कोई शामिल होगा, तो हम उसके खिलाफ एक्शन लेंगे।

## संदेशखाली मामले में पश्चिम बंगाल सरकार को मानवाधिकार आयोग का नोटिस

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में कुछ तत्वों द्वारा महिलाओं के साथ कथित दुष्कर्म की रिपोर्ट पर स्वतः संज्ञान लेते हुये गुरुवार को राज्य सरकार के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) को नोटिस जारी किया है।आयोग की एक विज्ञप्ति के अनुसार, मुख्य सचिव भगवती प्रसाद गोपालिका और डीजीपी राजीव कुमार को संदेशखाली की घटनाओं के बारे में विस्तृत रिपोर्ट और कृत्य कार्रवाई के बारे में चार सप्ताह के अंदर रिपोर्ट देने को कहा गया है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि आयोग ने इस मामले में मीडिया की खबरों का स्वत- संज्ञान लेते हुये यह नोटिस जारी किया है। आयोग ने उन खबरों के आधार पर यह कदम उठाया है, जिनमें कहा गया है कि उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखाली में एक राजनीतिक व्यक्ति और उसके गिरोह ने गरीब महिलाओं का यौन उत्पीड़न करता आ रहा है। खबरों में कहा गया है कि इस गिरोह ने वहां बच्चों और वृद्धजनों से भी दुर्व्यवहार किया है, लेकिन स्थानीय प्रशासन को मालूम होने के बाद भी दोषियों के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई करने में विफल रहा है। आयोग ने राज्य के उच्चाधिकारियों से इस मामले में हिंसा से पीड़ितों को किसी तरह का सहायता राशि देने देने आदि का भी ब्यौरा मांगा है।

## अर्थ आवाज़

### एसबीआई लाइफ ने कस्टमर सर्विस को परिभाषित किया

नयी दिल्ली। निजी जीवन बीमाकर्ता एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस ने बिक्री के बाद सेवाओं की ग्लोबल एक्सेसिबिलिटी (वैश्विक पहुंच) प्रदान करने के लिए अनिवासी भारतीयों (एनआरआई) के लिए एक विशेष 24×7 इनबाउंड हेल्पलाइन शुरू की है। भारत के बाहर कहीं भी रहने वाले ग्राहक समर्पित हेल्पलाइन नंबर-+91-022 6928 9090 डायल करके इस प्रीमियम सेवा का लाभ उठा सकते हैं। यह पहल ज्योग्राफिकल बाउंड्रीज़ की परवाह किए बिना अपने विविध ग्राहक आधार तक अद्वितीय सुविधा और सपोर्ट उपलब्ध कराने की एसबीआई लाइफ की प्रतिबद्धता को मजबूत करती है। एनआरआई के लिए शुरू की गई नई इनबाउंड हेल्पलाइन का उद्देश्य कंपनी द्वारा पेश किए गए विभिन्न जीवन बीमा प्रोडक्ट्स और सेवाओं पर निर्बाध सहायता और मार्गदर्शन प्रदान करना है। चौबीसों घंटे उपलब्धता के साथ, एनआरआई अब किसी भी समय, कहीं भी अपने सवालों, चिंताओं और बीमा जरूरतों को संबोधित करने के लिए अनुभवी और जानकार ग्राहक सेवा प्रतिनिधियों से आसानी से जुड़ सकते हैं। एनआरआई के लिए एसबीआई लाइफ 24×7 इनबाउंड हेल्पलाइन निजी जीवन बीमा क्षेत्र में ग्राहक सहायता में एक आदर्श बदलाव का प्रतीक है, जिससे इसके प्रोडक्ट्स अंग्रेजी और हिंदी में चौबीसों घंटे उपलब्ध है।

### TOISA 2024 आज लखनऊ में खेल उत्कृष्टता का सम्मान

लखनऊ। आज सेंट्रम लखनऊ में बहुप्रतीक्षित टाइम्स ऑफ इंडिया स्पोर्ट्स अवार्ड्स TOISA 2024 देश के खेल नायकों को सम्मानित करने के लिए तैयार है। बहु विषयक खेल पुरस्कारों के लिए भारत की पहली लोकप्रिय पसंद उत्सव और मान्यता की खुशनुमा शाम के लिए खेल जगतए सरकारी अधिकारियों और मनोरंजन जगत के दिग्गजों को एक साथ लाने के लिए पूरी तरह तैयार है। टाइम्स ऑफ इंडिया समूह द्वारा एक राष्ट्रीय सामाजिक जिम्मेदारी के रूप में 2015 में स्थापित TOISA भारत में खेल प्रतिभाओं को पहचानने और प्रेरित करने काएक प्रकाशस्तंभ बन गया है। पांच शानदार संस्करणों की विरासत के साथ TOISA -24 का 22 खेल क्षेत्रों में उत्कृष्टता का एक भव्य उत्सव है। प्रतिष्ठित गुरुओं की परंपरा को जारी रखते हुए ऋहृढ्ढ्र की इस शाम के लिए महेश भूपति को मेन्टर के रूप में पाकर सम्मानित महसूस हो रहा है। खेलों को बढ़ावा देने की उनकी प्रतिबद्धता TOISA जनादेश के साथ सहजता से मेल खाती है और उनकी उपस्थिति इस वर्ष के संस्करण को अनूठा बनाती है। अतीत में कार्ल लुईस नादिया कोमनेसी और पी गोपीचंद सहित दिग्गज खेल हस्तियों ने TOISA की शोभा बढ़ाई है। इस वर्ष परंपरा को जारी रखते हुए।

### एक्शन स्पोर्ट्स ड्रामा क्रैक जीतेगा तो जिएगा का ट्रेलर रिलीज



लखनऊ। एक्शन स्पोर्ट्स ड्रामा क्रैक जीतेगा तो जिएगा का ट्रेलर रिलीज, विद्युत जामवाल अर्जुन रामपाल नोरा फतेही और एमी जैक्सन की पावरहाउस कास्ट से लैस यह फिल्म 23 फरवरी को रिलीज के लिए तैयार है। धड़कनें बढ़ा देने वाले टीज़र और गानों ने दर्शकों के बीच उत्साह पैदा कर दिया था, जिसके बाद प्रशंसक क्रैक जीतेगा तो जिएगा की बहुप्रतीक्षित ट्रेलर का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। देश के एक्शन सुपरस्टार विद्युत जामवाल ने पावरहाउस एक्टर्स के साथ इसका ट्रेलर लॉन्च किया। फिल्म निर्माता आदित्य दत्त द्वारा निर्देशित इस फि ल्म में विद्युत जामवाल अर्जुन रामपाल, नोरा फतेही और एमी जैक्सन जैसे सितारे प्रमुख भूमिकाओं में हैं। यह फि ल्म ज़बरदस्त एक्शन रोमांच और विभिन्न स्पोर्ट्स स्टंट पेश करती है जो भारत का पहला एक्शन स्पोर्ट्स ड्रामा बन गया है। एक शैली के रूप में यह फिल्म एक्शन स्पोर्ट्स ड्रामा के लिए एक नया मील का पत्थर साबित होगी। शानदार प्रोडक्शन वैल्यू के साथ आपको 23 को सिनेमाघरों में यह फिल्म देखने का मौका मिलेगा।

### ग्रीन एनर्जी का प्रयोग रेनॉ निसान ऑटोमोटिव में बढ़ रहा

चेन्नई। 2045 तक कार्बन न्यूट्रल ऑपरेशंस के लक्ष्य को पाने की प्रतिबद्धता पर आगे बढ़ते हुए रेनॉ निसान ऑटोमोटिव इंडिया प्राइवेट लि ने ग्रीन एनर्जी के प्रयोग की दिशा में अपनी उपलब्धि का एलान किया। कंपनी का कारखाना ओरागदम चेन्नई में है। कंपनी ने बताया कि 2023 की दूसरी छमाही में उसने अपने परिचालन में ग्रीन एनर्जी के प्रयोग में उपलब्धि हासिल की। जुलाई से दिसंबर-23 के दौरान कंपनी ने परिचालन में औसतन हर महीने 85 प्रतिशत ग्रीन एनर्जी का प्रयोग किया। सितंबर-23 में कंपनी ने 100 प्रतिशत ग्रीन एनर्जी का प्रयोग किया था। आरएनएआईपीएल कारें बनाने के लिए अपने संयंत्र में उत्पादित और बाहर से खरीदी हुई ग्रीन एनर्जी का प्रयोग करती है। आरएनएआईपीएल के मैनेजिंग डायरेक्टर कीर्ति प्रकाश ने कहा हम अपने परिचालन के कारण पर्यावरण पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव को कम करने के लिए प्रतिबद्ध है। पिछले साल हमने 2045 तक कार्बन न्यूट्रल ऑपरेशंस का लक्ष्य पाने और 2030 तक वाटर पॉजिटिव बनने की योजना सामने रखी थी। 23 की दूसरी छमाही में औसतन 85 प्रतिशत ग्रीन एनर्जी का प्रयोग करते हुए हमने इस दिशा में उपलब्धि हासिल की है। यह सस्टेनेबिलिटी की दिशा में हमारे समर्पण को दिखाता है।

### ओला ईलेक्ट्रिक के दाम में कटोती से बिक्री बढ़ी

मुंबई। ओला ईलेक्ट्रिक के पीछले सप्ताह अपने एस1 प्रो, एस1 एर और एस1 एक्स + स्कुटर्स के दाम में रू. 25,000 तक की कटोती करने के पश्चात उन की ब्रिकी में बढोतरी की खबर है। सूत्रो के मुताबिक अलग मीडिया की खबरों के अनुसार कंपनी ने सिर्फ तीन दिन में 10,000 स्कुटर्स की ब्रिकी की, जो उस की एवरेज दैनिक ब्रिकी में तीन गुना बढोतरी के बराबर है। बिक्री में यह उछाल इस बात का संकेत है कि दाम में यह व्यूहात्मक कटौती ओला की ईलेक्ट्रिक व्हिकल्स की महत्त्वाकांक्षा में गेम चेन्जर बन सकती है। कंपनी ने अगस्त-21 में अपनी प्रथम प्रोडक्ट की घोषणा के बाद अब तक ग्राहको को 400,000 से ज्यादा व्हिकल डिलिवर किए है। कंपनी ने अपने डीआरएचपी में बताया था उस के मुताबिक अपनी मोटर साईकिल मोडेल्स की डिलिवरी वित्तिय वर्ष 2026 के शुरूआती हिस्से में प्रारंभ करने की कंपनी की योजना है। ओला ने नियामको के समक्ष अपने आईपीओ के लिए दिसम्बर-23 में फाईलिंग की थी। यह प्योर प्ले ईवी कंपनी ईवी तथा बैटरी पेक्स मोटर्स एवं व्हिकल फ्रेम्स जैसे ईवी के महत्व के कोम्पोनेन्ट्स का उत्पादन तमिलनाडु के क्रिष्णागिरि स्थित अपनी फ्युचर फैकटरी में कर रही है।

### स्टार हेल्थ ने क्लेम सेटलमेंट में 345 करोड़ का भुगतान किया



लखनऊ। स्टैंडअलोन स्वास्थ्य बीमाकर्ता स्टार हेल्थ एंड एलाइड इंश्योरेंस ने घोषणा की कि उसने गत10 महीनों में यानी अप्रैल 2023 से जनवरी 2024 के बीच यूपी में करीब 345 करोड़ रु से ज़्यादा के क्लेम्स को मंजूरी दी है। कंपनी ने उनके नेटवर्क में आने वाले अस्पतालों को क्लेम सेटलमेंट के लिए 310 करोड़ रु दिए और जो इस क्षेत्र में उनके नेटवर्क में नहीं आते हैं, उन अस्पतालों को भी क्लेम सेटलमेंट के लिए 35 करोड़ रुपये दिए गए। स्टार हेल्थ ने यूपी में कैशलेस क्लेम सेटलमेंट में 296 करोड़ रु और रियंबर्समेंट क्लेम में 49 करोड़ रु से ज़्यादा का भुगतान किया है। ग्राहकों के विश्वास को बरकरार रखते हुए कंपनी ने सभी कैशलेस दावों को 4 घंटे के अंदर निपटा दिया। क्लेम सेटलमेंट के बारे में बताते हुए स्टार हेल्थ एंड एलाइड इंश्योरेंस कंपनी लि के चीफ़ क्लेम ऑफिसर सनथ कुमार ने कहा 90 प्रतिशत मामलों में कैशलेस इलाज के लिए अनुमति 2 घंटे के अंदर दे दी। कंपनी ने क्लेम करने के 7 दिनों के अंदर रियंबर्समेंट क्लेम का भुगतान करने का प्रयास किया है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि ग्राहकों को रियंबर्समेंट द्वारा क्लेम सेटलमेंट में किसी भी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े। अप्रैल-23 से जनवरी-24 तक यूपी में ज़्यादातर क्लेम मेडिकल ट्रीटमेंट के थे, उन क्लेम का भुगतान 175 करोड़ रु था। जिसमें सिर्फ सर्जिकल ट्रीटमेंट में क्लेम सेटलमेंट की राशि 170 करोड़ रु से ज़्यादा थी।

### एयरो एंड ऐथर महिन्द्रा विवि का वार्षिक खेल उत्सव सम्पन्न

नई दिल्ली। महिन्द्रा युनिवर्सिटी का वार्षिक उत्सव एयरो एंड ऐथर हाल ही में संपन्न हुआ जिसमें विद्यार्थियों और प्रबंधन के बीच खेल भावना, रचनात्मकता, प्रतिभा देखने को मिलह। इन उत्सवों को परिभाषित करने वाले जबरदस्त तालमेल पूरे कैंपस में देखने को मिला जहां विभिन्न संकायों से विद्यार्थी विभिन्न गतिविधियों का प्रदर्शन करने के लिए एक मंच पर आए। इस उत्सव के तहत कैंपस ऊर्जा से भरपूर रहा जहां बिट्स पिलानी, हैदराबाद, विज्ञान ज्योति इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेज में विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा और कौशल का विभिन्न गतिविधियों में शानदार प्रदर्शन किया। 7 दिनों चले इस उत्सव में कई प्रतिस्पर्धाएं आयोजित की गई जैसे फुटबॉल, बास्केटबॉल और लॉन टेनिस के साथ कई सांस्कृतिक आयोजन भी हुए जैसे वाद विवाद प्रतियोगिता और स्टैंड-अप कमेडी आदि। उद्घाटन में फीफा प्रमाणित फुटबॉल फील्ड में मैच का आयोजन किया गया जिसमें बिट्स पिलानी हैदराबाद विजेता रही। महिन्द्रा युनिवर्सिटी की लॉन टेनिस टीम ने दोनों सिंगल्स टूर्नामेंट जीते, बास्केटबॉल टीम ने टीमवर्क का प्रदर्शन कर जीत हासिल की। महिन्द्रा युनिवर्सिटी के कुलपति डा यजुलु मेदुरी ने कहा एयर-ऐथर महिन्द्रा विवि की भावना समाहित किए है जो समग्र विकास, नवप्रवर्तन को प्रोत्साहन और रचनात्मकता को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है।

### हरियाणवी शैली में हाई ऑक्टेन 'टेढ़े चालक' पेश

नयी दिल्ली। अपनी आकर्षक बोली और बेहतरीन गीत कौशल के साथ भावपूर्ण शब्दकार, एमसी स्क्वायर ने अपना अगली गीत 'टेढ़े चालक' रिलीज़ किया है। इसमें भावनाओं को हार्ड कोर रैप में पिरोया है। यह गीत श्रोताओं को हरियाणा की सड़कों के एक रोमांचक सफर पर ले जाता है, जिसमें अपनी जमीन से एमसी स्क्वायर का प्रेम और सपनों के पीछे उनकी निरंतर उड़ान प्रदर्शित होती है। जर्सी बीट के साथ एमसी स्क्वायर श्रोताओं को बचपन की अपनी महत्वाकांक्षाओं से लेकर पूरे विश्व में सफलता हासिल करने के अपने प्रेरक सफर का अनुभव लेने के लिए आमंत्रित करते हैं। 'टेढ़े चालक' के शक्तिशाली बोलों के साथ वो अपनी महत्वाकांक्षा की ओर निरंतर बढ़ते रहने की अभिव्यक्ति द्वारा हरियाणा की समृद्ध संस्कृति और परंपराओं का एक जीवंत चित्र पेश करते हैं। गीत के परफॉर्मर-लेखक, एमसी स्क्वायर ने आभार व्यक्त करते हुए कहा टेढ़े चालक मेरी अपनी कहानी में लौटने का अनुभव था, इस सफर ने सपनों को सच कर दिया। इस गीत की हर पंक्ति हमारी जड़ों और संस्कृति का अभिवादन करती है, और मेरे हरियाणा के निरंतर उत्साह का आभार व्यक्त करती है। मैं चाहता हूँ कि यह ट्रैक हमारी मातृभूमि की शक्ति और जीवंतता को प्रतिबिंबित करे।

# कड़ी सुरक्षा के बीच शुरू हुई यूपी बोर्ड परीक्षा, नकल करते पकड़ी गई छात्रा



बाराबंकी । कड़ी सुरक्षा के बीच आज से शुरू हुई यूपी बोर्ड परीक्षा के पहले दिन एक नकलची छात्रा नकल करते हुए पकड़ी गई जबकि सखती के चलते 3142 परीक्षार्थियों ने परीक्षाएं छोड़ दी । परीक्षा दो पालियों में संपन्न कराई गई । प्रथम पाली में हाई स्कूल हिंदी का प्रथम प्रश्न पत्र था जिसको लेकर छात्र-छात्राएं समय से अपने परीक्षा केंद्र पर पहुंच गये । तत्पश्चात उन्हें तलाशी लेकर अंदर प्रवेश कराया गया । वहीं दूसरी पाली में इंटरमीडिएट के परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी जिसमें जिला विद्यालय निरीक्षक ओपी त्रिपाठी के सचल दस्ते ने एसबीएस इंटर कॉलेज हैदरगढ़ में नकल करते हुए एक छात्रा को पकड़ लिया और उसके विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई की । इसके अलावा भी जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा विभिन्न परीक्षा केदो का निरीक्षण किया परंतु वहां कोई नकलची नहीं मिला । शक्ति के चलते दोनों फलियां में 3142 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी वही हमारे रामसनेहीघाट संवाददाता के अनुसार यूपी बोर्ड परीक्षा को सुचारु रूप सम्पन्न करवाने के लिए एसडीएम ने किया निरीक्षण बोर्ड परीक्षा को सम्पन्न बनाने को लेकर एसडीएम रामआसरे वर्मा ने सुबह से चल रही हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा को सकुशल संपन्न करवाने के लिए प्रथम पाली एवं द्वितीय पाली में स्कूलों का निरीक्षण किया। सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कालेज में जाकर कमरों में लगे हुए सीसीटीवी कैमरों को चेक किया तथा परीक्षा केन्द्र प्रभारी को नकल विहीन परीक्षा का निर्देश दिया।परीक्षा देने आने वाले छात्र छात्राओं को कोई असुविधा ना हो इसकी भी हिदायत दी गई। परिक्षाएं सुचारु रूप से चल रही है।

## महाशिवरात्रि मेले के दृष्टिगत अपर पुलिस अधीक्षक ने मेला क्षेत्र का किया निरीक्षण



रामनगर बाराबंकी स्पष्ट आवाज।प्रसिद्ध तीर्थ स्थल लोधेश्वर महादेवा में होने वाले फाल्गुनी मेले के दृष्टिगत अपर पुलिस अधीक्षक बाराबंकी ने पुलिस फोर्स के अधिकारियों के साथ मेला परिसर का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।पुलिस फोर्स की तैनाती व सुरक्षा व्यवस्था से संबंधित मौजूद अधिकारियों से जानकारी ली गई।शिव सरोवर के आसपास कैमरा व लाइट बढ़वाने के बारे में ग्राम प्रधान लोधौरा अजय कुमार तिवारी से वार्ता की। रोड पर लग रही दुकानों को व्यवस्थित ढंग से लगवाने का दिशा निर्देश पुलिस प्रशासन को दिया। भ्रमण के दौरान पुलिस क्षेत्राधिकारी सिटी बीनू सिंह पुलिस क्षेत्राधिकारी रामनगर आलोक पाठक,रामनगर प्रभारी निरीक्षक रत्नेश पांडे महादेवा चौकी प्रभारी संतोष कुमार त्रिपाठी, बुढ़वल रेलवे जीआरपी प्रभारी आदि सुरक्षा कुर्मी मौजूद रहे।

## सड़क किनारे स्थित खारजा में पड़ा मिला 35 वर्षीय युवक का शव



बाराबंकी(स्पष्ट आवाज ) । मसौली थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक युवक का सड़क किनारे स्थित खारजा में शव बरामद होने से हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा भर कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार की भोर शौच के लिए गये ग्रामीणों ने देखा कि मुंजापुर जाने वाली पक्की सड़क के किनारे खारजे मे 35 वर्षीय युवक का शव औन्धे मुँह पड़ा था जिसकी सूचना मसौली पुलिस को दी गयी मौक़े पर पहुंचे कस्बा प्रभारी अनिल कुमार सिंह उपनिरीक्षक विभूति द्विवेदी ने शव को खारजे से निकाल कर जमातलासी ली तो मृतक के पास से 5 रुपये की नमकीन के दो पैकेट व देशी शराब के दो खाली पाउच बरामद हुए। आसपास शव के शिनाख्त का प्रयास किया तथा सोशल मीडिया पर अज्ञात शव मिलने की सूचना फैलने पर मौक़े पर पहुंचे सुरसण्डा निवासी धर्मेन्द्र कनौजिया ने अपने भाई मीनू के रुप में पहचान की। मृतक के भाई धर्मेन्द्र ने बताया कि मीनू शराब का आदी था। जो अक्सर काम करने के लिए चला जाता था जिसकी जानकारी हम लोगों को नही देता था। मसौली पुलिस ने पंचायतनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## अगर इण्डिया गठबन्धन की सरकार बनी तो हम देंगें एमएसपी : पीएल पुनिया

**●इंडिया गठबंधन द्वारा बाराबंकी लोकसभा सीट पर तनुज पुनिया को प्रत्याशी बनाए जाने पर बधाई देने आए प्रशंसकों के बीच व्यक्त किये विचार**



बाराबंकी(स्पष्ट आवाज ) । इस देश का अन्नदाता सरकार से आसमान के तारे नही मांग रहा हैं बल्कि अपनी मेहनत से उगायी गयी फसल का न्यूनतम समर्थन मूल्य मांग रहा हैं लेकिन किसान विरोधी मोदी सरकार उनके लिये रास्ते में लोहे की कीले गड़वा रही हैं। काटेदार बाड़ लगवा रही हैं, आसूं गैस के गोले बरसा रही हैं और उनके सीने पर गोली चला रही हैं। 2024 के आम चुनाव के बाद अगर देश में इण्डिया गठबन्धन की सरकार बनी तो हम देश के अन्नदाता को एम.एस.पी. देंगे। उक्त विचार आज पूर्व सांसद डॉक्टर पी एल पुनिया ने दूर-दूर से बधाई देने आए लोगों के बीच व्यक्त किये ।उन्होंने कहा कि 2024 के लोकसभा के चुनाव में समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव द्वारा बाराबंकी लोकसभा सीट कांग्रेस पार्टी को देने के लिये कांग्रेस परिवार उनका आभार व्यक्त करता हैं। इससे पूर्व जनपद के कोने-कोने से आए लोगों ने इंडिया गठबंधन के बाराबंकी प्रत्याशी तनुज पुनिया को बधाई दी और आश्वासन दिया कि कांग्रेसजन समाजवादी पार्टी इण्डिया गठबन्धन के घटक दलों के साथ मिलकर मजबूती से चुनाव लड़कर ऐतिहासिक जीत दर्ज करेंगे। पार्टी प्रवक्ता सरजू शर्मा के संचालन में राजेन्द्र वर्मा फोटोवाला, इरफान कुरैशी, सै. सुहेल, आफाक अली, वीरेन्द्र यादव, अजय रावत, ज्ञान सिंह यादव, विजयपाल गौतम, अली अब्बास जैदी, संत शरण वर्मा, मोनू वर्मा, महेन्द्रपाल वर्मा, शहजादे आलम वारसी, फरीद अहमद, तस्लीमन खान, माया गौतम, अभय प्रताप सिंह, महेश गौतम, अखिलेश वर्मा, आनन्द गौतम, अरशद अहमद, भाईलाल गौतम, आलम सभासद, जसवन्त यादव, सुरेश चन्द्र बैसवार सहित सैकड़ो की संख्या में कांग्रेस व समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता थें।

## डीसीएम की टककर से ट्रैक्टर चालक की मौत

मसौली बाराबंकी(स्पष्ट आवाज ) । लखनऊ अयोध्या राष्ट्रीय राजमार्ग पर डीसीएम की टककर से ट्रैक्टर चालक की मौत हो गयी। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। गुरुवार की दोपहर सफदरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम करमुल्लापुर निवासी राजू पुत्र रामकुमार यादव जो दादरा चौराहे पर स्थित कृष्णा टेडर्स पर ट्रैक्टर ट्राली चलाने का काम करता है रसौली से गिट्टी मौरंग उतार कर ट्रैक्टर ट्राली नंबर यूपी 41 जे 5435 से टेडर्स पर वापस आ रहा था कि टेडर्स के सामने ही लखनऊ से अयोध्या की ओर तेज रफ्तार मे आ रही डीसीएम नंबर यूपी 42 सी टी 5502 ने जोरदार टककर मार दी जिससे ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर से नीचे गिर गया और पहिये के नीचे आ गया जिससे राजू गंभीर रूप से घायल हो गया। मौक़े पर मौजूद ट्रेडर्स के प्रोपाइटर दिनेश वर्मा ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया जिसकी इलाज के दौरान मृत्यु हो गयी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है ।

### रेलवे लाइन पर दो भागों में मिला कटा अज्ञात वृद्ध का शव

रामनगर बाराबंकी स्पष्ट आवाज। पूर्वोत्तर रेलवे के बुढ़वल रेलवे जंक्शन स्टेशन व चौकाघाट स्टेशन के बीच कस्बा रामनगर में रेलवे संपार गेट संख्या 303 केसरीपुर के निकट रेलवे लाइन पर एक अज्ञात वृद्ध व्यक्ति का बीच से दो भागों में कटा शव पड़ा होने की सूचना पाकर पुलिस ने शव को जिला मुख्यालय भेज दिया है। पुलिस के अनुसार रात में ट्रेन से कट कर दुर्घटना हुई है। देखने से मृतक की उम्र 60 वर्ष से अधिक होगी। सफेद दाढ़ी व हाथ में रक्षाबंधन जैसा बंधा है। काले फुल इनर के ऊपर स्लेटी हाफ स्वेटर है। मौके पर प्रयास के बावजूद पहचान नहीं हो सकी है।

## मायके जाने के लिए ससुराल से निकली विवाहिता लापता, पिता ने जतायी अनहोनी की आशंका

हैदरगढ़ बाराबंकी (स्पष्ट आवाज ) । मायके जाने के लिए ससुराल से निकली विवाहिता बीच रास्ते से लापता हो गई। पिता ने दहेज उत्पीड़न के साथ अनहोनी की आशंका व्यक्त करते हुए ससुराली जनों के खिलाफ सुबेहा थाने में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। सुबेहा थाना क्षेत्र के सोइना गांव निवासी मनीराम ने अपनी पुत्री का विवाह दो वर्ष पूर्व अमेठी जनपद के थाना मोहनगंज गांव किसुनपुर रामनगर निवासी जयकरन के पुत्र नागेन्द्र के साथ किया था। पिता ने पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया कि शादी के बाद से ही पति सास ससुर द्वारा मोटरसाइकिल की मांग को लेकर पुत्री को मारा-पीटा जाता रहा है। बीती 16 फरवरी शुक्रवार के दिन पुत्री ने फोन पर बताया कि दहेज के लिए हमें बहुत मारा-पीटा गया। जिसके बाद से पुत्री ससुराल से लापता हो गई है। पति नागेन्द्र ने ससुर को बताया कि किरन मायके जाने के लिए घर से निकली थी। लेकिन वह मायके नहीं पहुंची। सूचना पाकर दिल्ली शहर से गांव पहुंचे पिता ने सुबेहा पुलिस को तहरीर देकर दहेज के लिए प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। साथ ही पुत्री के साथ किसी अनहोनी घटना की आंशका व्यक्त की है। पुलिस घटना की जांच पड़ताल कर रही है।

### नगर में निकाली गई शोभायात्रा

जलालाबाद आज बुधबार को देर शाम फरुर्खाबाद जलालाबाद रोड पर स्थित सोहम आश्रम से बाके बिहारी लाल व राधा रानी की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा के लिये दोनों प्रतिमाओं के साथ नगर में शोभायात्रा निकाली गई जिसमें दर्जनों महिलाओं समेत सैकड़ो बाके बिहारी भक्तों ने हिस्सा लिया शोभा यात्रा नगर के मेन चौराहे क्कालटी तिराहे सदर बाजार नल बाली गली ठाकुर द्वारा मंदिर परुशुराम मंदिर बरेली रोड होती हुई सोहम आश्रम पर पहुची जहाँ बिधि विधान से मूर्तियों का प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम बिधि विधान से सम्पन्न कराया गया इस मौके पर बिनोद गुप्ता विनोद निखिल गुप्ता ,, पप्पू गुप्ता ,अनिल सर्राफ, आसतोष गुप्ता राजेश गुप्ता ब्रजेश गुप्ता श्रीमती,सुनयना गुप्ता , आशादेवी, सरोज गुप्ता , रजनी बाला ,बिमलेश गुप्ता समेत दर्जनों भक्त गण मौजूद रहे।

## प्रिशा ने जीती रीजनल चैम्पियन ट्राफी



लखनऊ। सिटी मोन्टेसरी स्कूल अलीगंज द्वितीय कैम्पस की केजी की छात्रा प्रिशा बाजपेयी ने रीजनल लेविल एबेकस कम्पटीशन में चैम्पियन का खिताब अर्जित कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। इस उपलब्धि हेतु प्रिशा को एचीवर्स ट्राफ ी प्रदान कर सम्मानित किया गया है। प्रतियोगिता का आयोजन शैक्षिक संस्था ब्रेनोब्रेन के तत्वावधान में हुआ। सीएमएस प्रेसीडेन्ट एवं एम.डी. प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने प्रिशा की प्रशंसा करते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की। यह जानकारी सीएमएस के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी हरि ओम शर्मा ने देते हुए बताया कि प्रतियोगिता में कई विद्यालयों के छात्रों ने प्रतिभाग कर अपनी गणितीय प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रिशा ने एबेकस के माध्यम से गणित के सवालों के जवाब निकाले एवं अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रीजनल चैम्पियन ट्राफी अपने नाम की।

## 124 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का हुआ शिलान्यास एवं लोकार्पण



गोला गोकर्णनाथ खीरी।नकहा पिपरी बाजार में आयोजित लखीमपुर-देवकली-अलीगंज मार्ग के किमी0 चैनेज 0.000 से 25.600 तक के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण सहित 124 करोड़ रुपये की परियोजनाओं के शिलान्यास, लोकार्पण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मंत्री जितिन प्रसाद, लोक निर्माण विभाग, उत्तर प्रदेश गृह राज्य मंत्री अजय मिश्र, विधायक गोला अमन गिरी ,के0के0 शुक्ल, अवधेश मिश्र, धर्मेंद्र गिरी मोंटी,भोली गिरी, विनीत पांडेय, सचिन सिंह, अजीत पांडेय, शुभम शुक्ला, आमान खान, सहित प्रमुख साथी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## भाजपा सरकार में किसी किसान के साथ अहित नहीं होगा:बलदेव सिंह



गोला गोकर्णनाथ खीरी। बलदेव सिंह औलख , कृषि, कृषि शिक्षा एवं कृषि अनुसंधान राज्यमंत्री उत्तर प्रदेश का विधायक अमन गिरी के फार्म हाउस पर आगमन हुआ। जिसमे विधान सभा क्षेत्र से आये हुए प्रमुख साथियों सुरेंद्र सिंह बिग्गी रामेश्वरापुर, ओमकार सिंह प्रधान वसलीपुर, तरसेम सिंह पूर्व प्रधान तेंदुआ, मलकीत सिंह सरैया विलियम, कुलवंत सिंह बढ़ैयाखेड़ा, मलूक सिंह बरेठी, कुलवंत सिंह बरेठी, मनजिंदर सिंह लाडी प्रधान पूजागांव, सतनाम सिंह प्रधान गुजारा, जगजीत सिंह प्रधान रूरा सुल्तानपुर, हर्षदीप सिंह प्रधान रामेश्वरापुर, अवतार सिंह सोढ़ी, कश्मीर सिंह पूर्व जिला पंचायत सदस्य, अमरपाल सिंह पूर्व प्रधान वजीरनगर, मनप्रीत सिंह बैंस, गुरमेज सिंह पूर्व जिला पंचायत सदस्य, को मा0 मंत्री जी ने शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि गोला जवाहर वर्मा, भोली गिरी, राजन साहनी, जोगिंदर सिंह जिन्दी, कुलदीप सिंह, विमल वर्मा ब्लॉक प्रमुख गोला इत्यादि लोग उपस्थित रहे। विधायक ने कृषि मंत्री से किसने की विभिन्न समस्याओं के निराकरण की बात रखी जिस पर कृषि मंत्री में उन्हें आश्वासन दिया कि भाजपा सरकार में किसी किसान के साथ अहित नहीं होगा।


### सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की पूर्व में मेरा नाम मोहम्मद सिराज था, जिसे मैने बदलकर मोहम्मद सिराज खान (MOHD SIRAJ KHAN) कर लिया है,आज से मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए।

**मोहम्मद सिराज खान**
**(MOHD SIRAJ KHAN)**
**S/o मुस्ताक खान, पता- मीरानपुर, पोस्ट- परसीपुर थाना- कुड़वार जनपद- सुल्तानपुर**


### कीमती चंदन का पेड़ काट ले गए चोर



मसौली बाराबंकी(स्पष्ट आवाज ) । सफदरगंज थाना क्षेत्र के बांसा मार्ग पर स्थित रानीगंज निवासी विश्वनाथ त्रिवेदी के घर के पीछे लगे 18 वर्ष पुराने एक कीमती चन्दन के पेंड़ को बीती रात अज्ञात चोर काट ले गये पेड़ मालिक ने सफदरगंज पुलिस मे पेड़ चोरी की तहरीर दी है। बताते चले कि बांसा सफदरगंज मार्ग पर स्थित विश्वनाथ त्रिवेदी के घर के पीछे लगे 18 साल पुराने चंदन के पेड़ को अज्ञात चोर काट ले गये रात करीब 3 बजे जब लघुशंका के लिए घर के पीछे गये तो दो अज्ञात लोग देखते ही हडबडी में भागते देख शोर मचाने लगे। शोरगुल सुनकर चोर पीछे खेत के रास्ते भाग निकले बाद में देखने पर 18 वर्ष पूराना चन्दन के पेंड की सिर्फ टहनियां कटी हुई पड़ी थी पेंड की कीमती लकड़ी को काटकर चोर उठा ले गये थे। पीड़ित ने बताया कि चोरी हुए चन्दन की अनुमानित कीमत करीब 40 हजार थी। सफदरगंज थाना प्रभारी सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि चंदन के पेंड़ को चोरी से काटने की सूचना मिली है जांच की जा रही है।

## नगर में बोर्ड परीक्षा देनेवाले परीक्षार्थियों की सुविधाओ का पूरा ख्याल रखा जाएगा:विजय शुक्ला रिंकू



गोला गोकर्णनाथ खीरी। यूपी बोर्ड की परीक्षाओं में हजारों की संख्या में विद्यार्थी गोला के विभिन्न परीक्षा केन्द्रो पर परीक्षा देने आ रहे है उनके लिए नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने रहने के लिए नीलकण्ठ मैदान और त्रिलोक गिरि मंदिर के रैन बसेरों में रहने एवं भोजन की व्यवस्था की है तथा रैन बसेरा में स्वयं जाकर निरीक्षण किया है । परीक्षा देने आए सभी परीक्षार्थी बिना किसी भी कठिनाई के अपनी परीक्षाएं दे सके इसके लिए उचित व्यवस्था की है । भोजन के लिए नीलकंठ मैदान में अन्नपूर्णा रसोई संचालित है जिसमें दिन में ?10 में पेट पर भोजन की व्यवस्था है। उन्होंने कहा कि मेरा पूरा प्रयास रहेगा की परीक्षा के समय विद्यार्थियों को किसी भी प्रकार की कोई समस्या का सामना नहीं करना पड़े।

## चेयरमैन शकील के साले की गोली मारकर हत्या

शाहजहांपुर। जनपद जलालाबाद नगर पालिका परिषद चेयरमैन शकील अहमद खान के साले की बीती देर रात गोली मारकर हत्या कर दी गई।जानकारी के अनुसार बुधवार रात लगभग 10ः00 बजे जलालाबाद के नगर पालिका चेयरमैन शकील अहमद खान के साले निहाल अहमद की चेयरमैन शकील अहमद खान के भाई कामिल खान ने गोली मारकर हत्या कर दी हैं। सूचना पर जलालाबाद कोतवाल हरपाल सिंह बालियान पहुंचे शव को कब्जे लेकर पंचनामा भरवाया। शब को पोस्टमार्टम के लिए शाहजहांपुर भेज दिया गया है जहां आज गुरुवार को पोस्टमार्टम किया जाएगा। वही अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण मनोज कुमार अवस्थी ने बताया कि देर रात लगभग 10 बजे नगर पालिका जलालाबाद के चेयरमैन शकील अहमद खान के साले निहाल अहमद की चेयरमैन शकील के छोटे भाई कामिल ने गोली मारकर हत्या कर दी,।आरोपी की तलाश की जा रही है जल्द ही गिरफ्तारी होगी।जानकारी के अनुसार दोनों में आपस में काफी समय से मन मिटा चल रहा था जिसकी के चलते हत्या की घटना हो गई आप बता दें चार दिन पहले ही शकील खान के बेटे की शादी हुई थी जिसमें सभी लोग एकत्र हुए थे। शाहजहांपुर में एक वैवाहिक कार्यक्रम में विवाद के बाद युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। हत्या का आरोप नगर पालिका के अध्यक्ष के सगे भाई पर लगा है। मरने वाला युवक भी नगर पालिका का करीबी रिश्तेदार बताया गया है। फिलहाल पुलिस ने शब को कब्जे में लेकर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। घटना थाना जलालाबाद क्षेत्र के सुल्तानपुर दिबियापुर गांव की है यहां एक वैवाहिक कार्यक्रम चल रहा था। बताया जा रहा है इसी दौरान नगर पालिका अध्यक्ष शकील खान के भाई कामिल का कार्यक्रम में शामिल होने आए निहाल से किसी बात को लेकर विवाद हो गया। बता जा रहा है इसी दौरान नगर पालिका के अध्यक्ष के भाई कामिल ने राइफल निकाल कर निहाल के सर में गोली मारकर उसकी हत्या कर दी।


### सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं श्रीमती खैरूलनिशां पत्नी Ex NK स्व0 लियाकत अली निवासी - ग्राम - मिसिरपुर मुस्तर्का पोस्ट - सराय भीमसेन तहसील - सदर जनपद- प्रतापगढ़ की निवासिनी हूँ । मेरे स्व0 पति लियाकत अली भूतपूर्व सैनिक थे, जिनका आर्मी नं0 1529931 है, जिसमें मेरा नाम खैरूलनिशां के स्थान पर **KERSUL NISSA** तथा जन्मतिथि 19 फरवरी 1954 हो गयी है, जो गलत है। मेरा सही नाम **KHAIRUL NISHA** तथा मेरी जन्मतिथि 01 जनवरी 1948 है। मेरे स्व0 पति के पारिवारिक पेंशन कागजात में दुरुस्त किया जाना आवश्यक है। यही नाम व जन्मतिथि मेरे आधार कार्ड व पैन कार्ड में अंकित है।

### सत्यवती पटेल महाविद्यालय

ममरी-लखीमपुर (खीरी)
सम्बद्ध-लखनऊ विश्वविद्यालय लखनऊ

**आवश्यकता है**

सत्यवती पटेल महाविद्यालय में सहायक आचार्यों की आवश्यकता है।

**एम.ए.-** ड्राइंग पेन्टिग, शिक्षा शास्त्र, अंग्रेजी, गृहविज्ञान, भूगोल विषयों हेतु दो-दो सहायक आचार्य।

**एम.एस.सी.-** भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, गणित, वनस्पति विज्ञान, जन्तु विज्ञान विषयों हेतु दो-दो सहायक आचार्य।

शैक्षिक योग्यता शासन/यू.जी.सी. लखनऊ विश्वविद्यालय के नियमानुसार/योग्यताधारी अभ्यार्थी अपने समस्त शैक्षिक एवं अनुभव अभिलेखों की सत्यापित छायाप्रति सहित आवेदन रजिस्टर्ड डाक, ई मेल द्वारा विज्ञापन तिथि से 15 दिन के भीतर भेज दें।

**मो.नं.-** 6386906946. 9452222289,
**मेल आइडी-** bitu.patel1983@gmail.com

**प्रबन्धक**
**सत्यवती पटेल महाविद्यालय**
**ममरी-लखीमपुर (खीरी)**

### अदालती सूचना

(आर्डर 5 कायद 1 व 5)
**न्यायालय सिविल जज (सी0डी0) मीरजापुर**
**वाद सं0 227 सन् 2023**
**जारी तिथि - 23.01.2024**
**ता0 पेशी - 26.02.2024**

जय चन्द्र मौर्य

**बनाम**

राम नारायण वगैरह

1. राम नारायण ब उम्र 60 वर्ष पुत्र भगवती
2. ज्योतिष ब उम्र 35 वर्ष पुत्र राम नारायण
3. सुर्य प्रकाश ब उम्र 30 वर्ष पुत्र राम नारायण, समस्त निवासीगण ग्राम इमलियाचट्टी कलॉ, परगना भगवत, तहसील चुनार, जिला मीरजापुर।

मैं आपके नाम नालिश बतारीख 26 माह 02 सन् 2024 जवाबदेही /सुनवाई बवक्त 10 बजे दिन के असालतन या मारफत वकील के जो मुकदमें के हालात से वाकई वाकिफ किया गया हो और उमूरानबरून मुताल्लिका मुकदमा का जवाब दे सकें या जिसके साथ और कोई सख्त हो जो कि जवाब ऐसे सवालात का दे सके हाजिर हो और जवाब देही दावा करें और आपको लालिम है कि उसी रोज जुमलादस्तावेज पेश करें। जिन पर आप बताइए अपना जवाबदेही के इस्तेमाल करना चाहते हो।

आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिर आपके समसूअ और होगा सख्स मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज बतारीख .................. को जारी किया गया।

**दस्तखत हाकिम व मुहर अदालत**

# हार के डर से सीबीआई का तोता सत्यपाल के घर छोड़ा



**लखनऊ (स्पष्ट आवाज)।** भारत के पूर्व सांसद और जम्मू कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक के घर भाजपा सरकार द्वारा सीबीआई छापे पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने तीखी प्रतिक्रिया देते भाजपा को चुनाव से पहले हार के डर से भयभीत बताया। उन्होंने कहा कि सत्यपाल मलिक के घर सीबीआई छापे को बीजेपी मोदी सरकार की तानाशाही और डराने की कोशिश करार दिया है। अध्यक्ष ने कहा कि हार के डर से मोदी सरकार किसानों के, युवाओं के, महंगाई-बेरोजगारी पर सवाल पूछने वालों के घर अपने सीबीआई तोते को भेज कर डराने की कोशिश कर रही है, हम सत्यपाल मलिक के साथ है, कांग्रेस भाजपा की तानाशाही का पुरजोर विरोध करती रहेगी। पूरे देश में जिस तरह से किसान आंदोलन हो रहा है और भाजपा सरकार किसानों के ऊपर जो जुल्म ढ़ा रही है, जो सड़क पर बड़ी-बड़ी कीलें और बैरियर लगाये जा रहे हैं, सीमेंट कंक्रीट की दीवारें खड़ी की जा रही हैं, उससे देश का अन्नदाता काफी आक्रोशित है, और भाजपा के सर्वे रिपोर्ट में हार स्पष्ट हो चुकी है ,जिसकी बौखलाहट में तानाशाही की जा रही है। सत्यपाल मलिक सदैव किसानों के प्रति समर्पित रहे हैं और जिस तरह वह समय-समय पर भाजपा को बेनकाब करते रहे हैं किसानों के मुद्दे पर जो प्रधानमंत्री अन्नदाताओं के लिए अशोभनीय शब्द कहे थे, आज इसी वजह से सत्यपाल मलिक जब अस्पताल में है तब ये कार्यवाही की जा रही है और डराने की कोशिश हो रही है लेकिन भाजपा को इन कुकर्मो से और उनके जो तोता-मैना सीबीआई, ईडी से कोई डरने वाला नहीं है, आज भाजपा और मोदी के तोते उड़ गए हैं इसीलिए वह अपने तोता दूसरों पर छोड़ने की कोशिश कर रहे हैं। अजय राय ने उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि सत्ता का जो नशा उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के ऊपर सवार है जनता 24 में उसका जवाब देने जा रही है, भाजपा नेताओं ने यूपी की जनता से बेरोजगारी दूर करने, अपराध कम करने और सामाजिक न्याय करने, के नाम पर वोट लिया था लेकिन अब उलूल-जुलूल बयान देकर अपनी असलियत दिखा रहे हैं, जनता लोकसभा चुनाव में इनका नशा उतार देगी।

# पहले आपस में लड़े अब मिलकर लड़ेंगे

**मिशन-2024**

विशेष संवाददाता



- सपा कांग्रेस के सामने बेहतर प्रदर्शन की चुनौती
- धरे रह गए अकेले दम पर लड़ने के सारे दावे
- 2017 के विस चुनाव दोनों ने मिलकर लड़े थे
- दो चुनावों में कांग्रेस का रहा शर्मनाक प्रदर्शन

**लखनऊ।** मिशन-2024 को फतेह करने और एनडीए एलायंस को शिकस्त देने की गरज से सबसे बड़े सूबे उत्तर प्रदेश में सात साल बाद समाजवादी पार्टी और कांग्रेस में फिर चुनावी गठबंधन हुआ है। दोनों दलों में सीटों का बंटवारा भी हो गया है। सपा अब 63 पर और कांग्रेस 17 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। दोनों ही दल आईएनडीआईए एलायंस का हिस्सा है। जिस तरह पश्चिम बंगाल,बिहार,जम्मू कश्मीर में क्षेत्रीय दलों ने आईएनडीआईए एलायंस से किनारा करके अकेले-अकेले चुनाव लड़ने का निर्णय लिया है उसी तरह की संभावनाएं यूपी में भी बनती दिख रही थी। पिछले साल पांच राज्यों के हुए विधानसभा चुनाव के बाद से पिछले गठबंधन में यहां कुछ भी ठीक नहीं चल रहा था। सपा और कांग्रेस दोनों ही अकेले दम पर चुनाव लड़ने की बात कह रहे थे लेकिन आखिर में सीटों पर शेयरिंग की बात बनी और अब 80 सीटों में सपा और कांग्रेस ने अपनी-अपनी सीटें बांट ली है। सपा और कांग्रेस की दोस्ती नई नहीं है इससे पूर्व यूपी में 2017 के विधानसभा चुनाव इन दोनों का एलायंस यूपी को यह साथ पसंद है के स्लोगन के साथ हुआ था। लेकिन तब यूपी की जनता को यह साथ पसंद नहीं आया। और भाजपा गठबंधन को 311 सीटों पर प्रचंड बहुमत मिला था। 2017 के विधानसभा चुनाव में सपा 311 सीटों पर लड़ी तो उसे मात्र 47 सीटें मिली थी जबकि कांग्रेस 114 सीटों पर लड़ी तो उसे मात्र सात सीटों पर कामयाबी मिली थी। इन दोनों के बीच यह दोस्ती वहीं तक सीमित रही। बाद में 2019 लोकसभा चुनाव में सपा ने बसपा का साथ लिया और इस गठबंधन ने पन्द्रह सीटों पर अपनी जीत दर्ज कराई थी। यह गठबंधन भी 2022 के विधानसभा चुनाव से पूर्व ही तीन तेरह हो गया। 2019 में सपा-बसपा का गठबंधन 26 साल बाद हुआ था उससे पहले यह दोनो दल 1993 में मिले थे। इस साल होने वाले चुनाव में अभी तक सपा और कांग्रेस दोनों ही अकेले दम पर चुनाव लड़ने की बात कह रहे थे लेकिन समाजवादी पार्टी 31 प्रत्याशियों की सूची जारी होने के बाद एकाएक दोनों दलों ने सारे गिले शिकवे भुलाकर साथ चलने का निर्णय लिया। और बीते बुधवार को दोनों के बीच सीटों का बटवारा हो गया। 2019 का लोकसभा चुनाव उत्तर प्रदेश में कांग्रेस अकेले लड़ी थी और इन चुनावों में बेहतर प्रदर्शन की गरज से प्रियंका गांधी को पूर्वी उत्तर प्रदेश और ज्योतिरादित्य सिंधिया को पश्चिमी उत्तर प्रदेश का प्रभारी बनाया गया था। इन चुनावों में कांग्रेस को सबसे शर्मनाक हार का सामना करना पड़ा था। पूर्वी उत्तर प्रदेश का प्रभारी होने के बावजूद राहुल गांधी को अपने परिवार की परंपरागत अमेठी सीट से हार का सामना करना पड़ा था मात्र रायबरेली सीट से सोनिया गांधी निर्वाचित हुई थी। 2019 के बाद 2022 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को मात्र दो सीटें ही मिली थी। पिछले कई प्रदर्शनों में शर्मनाक हार को देखते हुए कांग्रेस नेतृत्व इस बार के लोकसभा चुनाव में अकेले लड़ने की हिम्मत नहीं जुटा पाया और उसने समाजवादी पार्टी की शर्तों पर उससे एलायंस कर लिया। अब देखना यह होगा यह एलायंस किसके लिए मुफीद साबित होगा। पिछले लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी को मात्र पांच सीटें मिली थी और कांग्रेस को एक। लोकसभा चुनाव को लेकर सपा-कांग्रेस पहली बार एलायंस हुआ है। इस बार के लोकसभा चुनाव में जहां एनडीए एलायंस अस्सी में अस्सी की बात कह रहा है वहीं आईएनडीआईए को लगता है देश के दूसरे राज्यों की अपेक्षा यूपी में बेहतर प्रदर्शन करके दिखाएगा। यूपी में आईएनडीआईए के साथ अखिलेश यादव का पीडीए भी लगा हुआ है। कांग्रेस से सीटो की शेयरिंग न होने तक अखिलेश यादव यही कहते रहे कि यूपी में पीडीए ही एनडीए को हरायेगा। इस बार का चुनाव यूपी में विपक्ष के लिए कुछ ज्यादा ही खास है वो इस लिए क्योंकि एनडीए एलायंस को शिकस्त देने के लिए अपने-अपने दावे है इन दावों पर यह कहां तक खरे उतरेंगे इस बार में अभी से कुछ भी कह पाना मुश्किल है।

### बसपा से भी हो चुका कांग्रेस का गठबंधन

वर्ष 1993 में सपा-बसपा गठबंधन के बाद 1996 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस और बसपा का एलायंस हुआ था उस समय बसपा के प्रमुख कांशीराम हुआ करते थे और कांग्रेस के अध्यक्ष और प्रधानमंत्री पीवी नरसिंह राव हुआ करते थे। उस समय विधानसभा की चार सौ पच्चीस हुआ करती थी तब बसपा ने तीन सौ सीटें लेकर कांग्रेस को सवा सौ सीटें दी थी। चुनाव नतीजे आए तो तीन सौ सीटों पर लड़ी बसपा को 67 और सवा सौ सीटों पर लड़ी कांग्रेस को मात्र 33 सीटें मिली थी। बाद में बसपा ने भाजपा के साथ मिलकर सरकार बनाई थी। उसके बाद से कांग्रेस का बसपा से कोई एलायंस नहीं हुआ।

# रिश्वत लेते पकड़ा गया दरोगा



**लखनऊ (स्पष्ट आवाज)।** एक रिश्वतखोर दरोगा को एंटीकरप्शन टीम ने घुस लेते रंगे हाँथ पकड़कर मलिहाबाद पुलिस को सौंप उसके विरुद्ध गंभीर धाराओं में अभियोग पंजीकृत कराया है। दरोगा की गिरफ्तारी से माल पुलिस में खलबली मची है। माल थाना क्षेत्र के ग्राम सुर्तीखेड़ा निवासी किसान सुरफान उर्फ बब्लू का जमीनी विवाद विगत 17 जनवरी को विपक्षी आरिफ, मेहंदी हसन, इशाक अली सहित अन्य लोगों से हुआ था। जिसमें विपक्षियों ने उसकी मां मोनीना, भाई अजीत व पिता बशीर को मारपीट कर घायल कर दिया था। जिसकी शिकायत पीड़ित ने उसी दिन माल थाने पर की थी। लेकिन माल थाने में तैनात दरोगा बालकरन ने पीड़ित पक्ष का ही दूसरे दिन शांतिभंग के आरोप में चलान कर दिया था। जिसके बाद पीड़ित किसान ने अपना मुकदमा दर्ज कराने के लिये न्यायालय की शरण ली थी। जिसके बाद आरोपी दरोगा बालकरन ने विपक्षियों को भी न्यायालय भेज दिया था। पीड़ित किसान का आरोप है कि आरोपी दरोगा उससे 5 हजार रुपयों की मांग कर रहा था। जिसके बाद किसान ने इसकी शिकायत 17 फरवरी को एंटी करप्शन में की थी। जिसके बाद एंटी करप्शन की टीम लगातार निगरानी बनाये थी। गुरुवार को दोपहर करीब 2 बजे माल थाने के पास एंटी करप्शन की टीम प्रभारी निरीक्षक नुरुल हुदा खान, निरीक्षक उदयराज निशाद, उपनिरीक्षक सुशील कुमार, ज्ञानेन्द्र, आरक्षी राजू , भूपेन्द्र कुमार पाल व अन्य ने आरोपी दरोगा बालकरन को रंगे हांथ 5 हजार रुपयों की रिश्वत लेते गिरफ्तार कर मलिहाबाद थाने में अभियोग दर्ज करा पुलिस को सुपुर्द कर दिया है।

## परीक्षार्थियों के लिए शोर शराबा बन्द करायेगी पुलिस

**लखनऊ (स्पष्ट आवाज)।** उत्तर प्रदेश में विभिन्न बोर्ड की परीक्षाएं शुरू हुई हैं।जिसमे लाखों की संख्या में छात्र-छात्राएं शामिल हो रहे हैं। परीक्षा के दौरान बच्चों की पढाई में कोई व्यवधान न पड़े इसके लिए यूपी-112 की एडीजी नीरा रावत ने विद्यार्थियों को हो रही असुविधा के विरुद्ध कड़ा रुख अपनाया है । जिसके अंतर्गत शोर शराबे की शिकायत मिलते ही यूपी-112 की पीआरवी मौके पर जाकर तत्काल शोर-शराबा बंद करवाएगी। ताकि बच्चों को पढाई के लिए बेहतर वातावरण मिल सके। परीक्षाओं के समय अधिक शोर की शिकायतों को और अधिक मुस्तैदी से अटेन्ड करने के निर्देश जारी किए है । शोर शराबे के खिलाफ सर्वाधिक शिकायतें बड़े शहरों से मिल रही हैं।आंकड़े बताते हैं कि फरवरी माह के 15 दिनों में 3585 शिकायतें प्रदेश के विभिन्न शहरों से 112 को मिली. जबकि जनवरी माह के 31 दिनों में इन शिकायतों की संख्या महज 1415 थी।

# नीरज बोरा ने सड़क नवीनीकरण का किया शिलान्यास



**लखनऊ (स्पष्ट आवाज)।** प्रियदर्शिनी कॉलोनी सेक्टर.बी एमआईजी के नवदुर्गा मंदिर प्रांगण में गुरुवार को क्षेत्रीय विधायक डा. नीरज वोरा की उपस्थिति में कॉलोनी की कई जीण.र्शीर्ण सड़कों के नवीनीकरण के कार्य का शिलान्यास किया गया। आदर्श विकास समिति प्रियदर्शिनी के सचिव हेमन्त शुक्ल ने बताया कि इस नवीनीकरण का कार्य समिति के संरक्षक गिरिधर गोपाल यादव और अध्यक्ष आरपी सिंह के अथक प्रयास से विधानसभा उत्तर के विधायक डा. नीरज वोरा के विधायक निधि से कराया जा रहा है। शिलान्यास के समय कॉलोनी की समिति के संरक्षक गिरधर गोपाल यादव, अध्यक्ष आरपी सिंह, संजय शुक्ला, अजीत सिंह राठौर, कुलदीप तिवारी, मुकेश निगम, अजय श्रीवास्तव, शरद श्रीवास्तव, विजय कुमार सक्सेना, सूर्य निरंजन सिंह, दिलीप मंडल,राजन पांडेय, सुरेश चन्द्र अग्रवाल व मनोज सिंह मौजूद रहे।

# आईसीएसएसआर में स्वास्थ्य सेवाओं के डिजिटल परिवर्तन पर कार्यशाला



**लखनऊ (स्पष्ट आवाज)।** भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएसएसआर) ने गुरुवार को डॉ. अमृता साहू परियोजना निदेशक एवं डॉ. अमित वर्मा परियोजना सह-निदेशक द्वारा गोयल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट लखनऊ में स्वास्थ्य सेवाओं के डिजिटल परिवर्तन पर निष्कर्षों के प्रसार पर एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन करवाया। यह कार्यशाला स्वास्थ्य पेशेवरों एवं रोगियों को स्वास्थ्य सेवाओं में क्रांति लाने में डिजिटल परिवर्तन की क्षमता के बारे में शिक्षित और सूचित करने के लिए आयोजित की गई थी। कार्यशाला में 300 छात्रों ने पेशेवरों एवं संकायों के साथ ऑफ़ लाइन मोड के माध्यम से कार्यशाला में भाग लिया। चार कॉलेज-भोपाल स्कूल ऑफ सोशल साइंसेज, कालीचरण पीजी कॉलेज, लखनऊ, श्री वासवी कॉलेज, इरोड, तमिलनाडु और डॉ. एनजीपी कला एवं विज्ञान डॉ. एनजीपीएएससी, कोयंबटूर, तमिलनाडु ऑनलाइन मोड के माध्यम से जुड़े थे। डॉ. अमृता साहू ने डॉ. अमित वर्मा के साथ कार्यशाला का आयोजन और संचालन किया। कार्यशाला में डॉ. प्रो. अविनाश चंद्र श्रीवास्तव, प्रिंसिपल-गोयल आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल लखनऊ, डॉ. सुरेंद्र कुमार श्रीवास्तव अधीक्षक, गोयल आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल लखनऊ, डॉ. ज्योति अग्रवाल प्रबंधन विभाग, गोयल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट लखनऊ, डॉ. दीपक सुधी, एसो प्रो फार्माकोग्नॉसी विभाग गोयल आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल, लखनऊ, डॉ. अखिलेश कुमार सिंह प्रो फार्माकोग्नॉसी विभाग गोयल आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, लखनऊ ने व्याख्यान दिया। कार्यशाला के संयोजकों, आयोजन सचिवों डॉ. अमृता साहू और डॉ. अमित वर्मा ने धन्यवाद ज्ञापन दिया।

# लक्ष्य के सापेक्ष 75 प्रतिशत ही हो पायी धान की खरीद

**लखनऊ (स्पष्ट आवाज)।** इस वर्ष उत्तर प्रदेश में न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना के अंतर्गत 70 लाख मीट्रिक टन धान खरीद का लक्ष्य था। अब यह पूर्वी उत्तर प्रदेश में 29 फरवरी तक ही चलना है, जबकि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में 31 जनवरी को ही खरीदी बंद कर दी गयी। अब तक लगभग 790487 किसानों से 52.97 लाख मीट्रिक टन खरीद की गयी अर्थात लक्ष्य के सापेक्ष 75 प्रतिशत ही खरीदी हो पायी है। 11334.278 करोड़ रुपये का भुगतान उनके आधार से लिंक्ड बैंक खाते में प्रेषित कराया गया है। प्रदेश के विशेष सचिव, खाद्य एवं रसद अभिषेक गोयल ने बताया कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जनपदों में एक अक्टूबर, 2023 से 31 जनवरी तक तथा पूर्वी उत्तर प्रदेश के जनपदों में एक नवम्बर, 2023 से 29 फरवरी, 2024 तक खरीद की कार्यवाही चल रही है। विशेष सचिव ने बताया कि धान खरीद हेतु 70 लाख मी0टन धान क्रय का लक्ष्य निर्धारित है। नामित क्रय एजेन्सी. खाद्य तथा रसद विभाग की विपणन शाखा व पी0सी0एफ0, पी0सी0यू0, यू0पी0एस0एस0, मण्डी परिषद व भा0खा0नि0 द्वारा केन्द्र स्थापित किये गये हैं, जिनमें धान विक्रय हेतु लगभग 10,45,946 किसानों द्वारा ऑनलाइन पंजीकरण कराया गया। अब तक लगभग किसानों से 52.97 लाख मी. टन खरीद की गयी, जिसके सापेक्ष का भुगतान उनके आधार से लिंक्ड बैंक खाते में प्रेषित कराया गया है। विशेष सचिव ने बताया कि क्रय केन्द्रों से राइस मिलों को धान का प्रेषण ऑटोमेटेड सॉफ्टवेयर के माध्यम से कराया जा रहा है। इसमें मानवीय हस्तक्षेप समाप्त कर दिया गया है, जिसके कारण धान प्रेषण एवं सी0एम0आर0 डिलीवरी की स्थिति में गुणवत्तापरक सुधार आया है। क्रय केन्द्रों से राइस मिलों को धान का प्रेषण में प्रथम बार अधिक खरीद वाले 40 जनपदों में जी0पी0एस0 युक्त वाहनों का प्रयोग किया जा रहा है तथा इसकी सतत् मॉनिटरिंग भी की जा रही है, ताकि इस प्रक्रिया को पूर्ण रूप से पारदर्शी किया जा सके। सी0एम0 हेल्प लाईन, खाद्य विभाग के कॉल सेन्टर/टोल फ्री नम्बर, प्रदेश, मण्डल व जनपद स्तर पर स्थापित कन्ट्रोल रूम द्वारा धान क्रय में आने वाली किसी भी कठिनाई का त्वरित गति से समाधान कराया जा रहा है। सी0एम0 हेल्पलाईन से 91,842 किसानों को कॉल कर फीडबैक प्राप्त कर धान बिक्री व भुगतान से सम्बन्धित समस्याओं का निराकरण कराया गया।

## अग्निवीर परीक्षा के लिये प्रवेश पत्र नौ मार्च को

**लखनऊ (स्पष्ट आवाज)।** यूनिट हेडक्वार्टर कोटा के तहत अग्निवीर जनरल ड्यूटी, अग्निवीर ट्रेड्समैन और अग्निवीर क्लर्क (कार्यालय सहायक) श्रेणियों के लिए दिसंबर 2023 में भर्ती रैली आयोजित की गई थी। सैन्य प्रवक्ता ने बताया कि जो अभ्यार्थी उक्त भर्ती रैली में उपस्थित हुए थे और शारीरिक और चिकित्सकीय रूप से फिट पाए गए थे उनका सामान्य प्रवेश परीक्षा (सीईई) 10 मार्च 2024 को जाट रेजिमेंटल सेंटर, बरेली में आयोजित की जाएगी।

## पड़ोसी ने युवती से की छेड़छाड़, मुकदमा दर्ज

**लखनऊ (स्पष्ट आवाज)।** आलमबाग कोतवाली क्षेत्र में शोहदे ने पड़ोसी युवती संग अभद्रता करने के साथ मारपीट व छेडछाड के साथ उसे जान से मारने की धमकी दी। जिसकी शिकायत पीड़िता ने स्थानीय थाने पर की है। पुलिस मुकदमा दर्ज कर शोहदे के खिलाफ कार्यवाई में जुटी है। आलमबाग कोतवाली प्रभारी शिव शंकर महादेवन ने बताया कि थाना क्षेत्र स्थित मवइया निवासी अनुप्रिया सिंह पुत्री अनूप वर्धन सिंह के अनुसार गुरुवार को मवइया चौराहे पर स्थित शिव मंदिर के पास पड़ोसी शोहदे ने उसके संग मारपीट, गाली गलौज करने के साथ अभद्रता करते हुए जान से मारने की धमकी देने लगा। पीडिता का आरोप है कि शोहदे ने पहले भी पीड़िता को परेशान करते हुए जबरन उसका हाथ पकड़ा था और शरीर पर मुंह से पानी फेक उसकी कमर पकड़ कर बदतमीजी किया था। जिसकी शिकायत उसने महिला हेल्प लाइन 1090 पर की थी।

# फार्मा पार्क स्थापना कार्य के लिए 25 करोड़ जारी

- औद्योगिक विकास मंत्री नन्दी ने दिए मास्टर प्लान व डीपीआर बनाने के भी दिए गए हैं निर्देश



**लखनऊ (स्पष्ट आवाज)।** बुंदेलखंड के ललितपुर में प्रस्तावित बल्क ड्रग फार्मा पार्क को विकसित करने के कार्य का जल्द ही श्रीगणेश होने जा रहा है। जिसके लिए उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने 25 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत करते हुए धनराशि जारी करने के निर्देश दिए हैं। जिससे फार्मा पार्क के प्रथम चरण को विकसित करने के लिए सब स्टेशन एवं ट्रांसमिशन लाइन के साथ पहुंच मार्ग के चौड़ीकरण का कार्य कराया जाएगा। वहीं जल्द ही मास्टर प्लान के साथ ही डीपीआर बनाने के भी निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए हैं। मंत्री नन्दी ने कहा कि जनपद ललितपुर को उत्तर प्रदेश में फार्मा इण्डस्ट्री का हब बनाने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा बल्क ड्रग फार्मा पार्क विकसित करने की घोषणा की गई थी। जिसे अब आगे बढ़ाते हुए धरातल पर लाने की तैयारी शुरू कर दी गई है। ललितपुर के 5 गांवों की 1472 एकड़ भूमि पर ड्रग फार्मा पार्क बनना है, जिसे दो फेज में विकसित करना है। औद्योगिक विकास मंत्री नन्दी ने फार्मा पार्क को डेवलप करने के लिए प्रस्तावित कार्य को स्वीकृति प्रदान करते हुए 25 करोड़ की धनराशि जारी करने के निर्देश दिए हैं।

जिसके तहत 7.50 करोड़ की धनराशि से उत्तर प्रदेश पॉवर कारपोरेशन द्वारा सब स्टेशन एवं ट्रांसमिशन का कार्य, 17.37 करोड़ की धनाशि से उत्तर प्रदेश लोक निर्माण विभाग द्वारा पहुंच मार्ग के चौड़ीकरण का कार्य, वहीं 12 लाख 71 हजार की धनराशि से सर्वे एवं मृदा परीक्षण का कार्य कराया जाएगा। इसी के साथ जेनरिक दवाओं के उत्पादन हब के तौर पर ललितपुर के विकास का रास्ता साफ हो गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुसार फेज-1 में 300 एकड़ भूमि के डीटेल्ड मास्टर प्लान व प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार कराकर विकास कार्यों को धरातल पर लाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। जिसके लिए उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) को डीटेल्ड मास्टर प्लान व प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार कराने के निर्देश दिए गए हैं। ललितपुर में ड्रग पार्क के लिए मडावरा तहसील के तहत आने वाले सैदपुर में 426 व गडोलीकलां में 249 एकड़, महरौनी तहसील के तहत आने वाले लरगन में 239, करौंदा में 116 एकड़ व रामपुर में 441 एकड़ भूमि चिह्नित की गयी है।

## सपा कार्यकारिणी का विस्तार

**लखनऊ (स्पष्ट आवाज)।** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देशानुसार प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल द्वारा सपा उप्र की राज्य कार्यकारिणी में राशिद अली निवासी भपटामऊ आलमनगर कसमण्डी कलां मलिहाबाद जनपद लखनऊ, महेन्द्र यादव निवासी गांव सर्फाबाद सेक्टर-73 नोएडा जनपद गौतमबुद्धनगर, अफ्सार सिददीकी (बब्बू) निवासी 106/112 नज़रबाग लखनऊ, संजय कुमार मौर्य पुत्र राजेन्द्र प्रसाद मौर्य निवासी हण्डिया जनपद प्रयागराज, प्रदीप सिंह 'बब्बू' निवासी 152 सहारा बाजार निकट वेब सिनेमा गोमतीनगर लखनऊ, छोटे लाल यादव पूर्व जिलाध्यक्ष निवासी 137 आकांक्षा निलय जल निगम रोड पालपुर पोस्ट जगदीशपुर जनपद अमेठी प्रदेश सचिव नामित किए गए हैं। इनके अतिरिक्त इजहार अहमद निवासी ग्राम व पोस्ट रसूलाबाद तहसील मुसाफिरखाना जनपद अमेठी को राज्य कार्यकारिणी में विशेष आमंत्रित सदस्य तथा मो एरम रब्बानी निवासी 'दारूलइत्तिहाद' ग्राम व पोस्ट बसगित प्रयागराज को राज्य कार्यकारिणी सदस्य नामित किया गया है।

# चुनाव आयोग का मतदान प्रतिशत बढ़ाए जाने पर जोर

**लखनऊ (स्पष्ट आवाज)।** भारत निर्वाचन आयोग की टीम द्वारा विगत लोकसभा चुनाव में कम मतदान प्रतिशत वाले बूथों को चिन्हित कर कम मतदान प्रतिशत के कारण या समस्याओं को दूर करने के लिए विशेष कार्य योजना तैयार कर मतदान प्रतिशत बढ़ाये जाने पर जोर दिया गया। जनपदों की ऐसी विधानसभाएं और उनके बूथ जहां वर्ष 2019 में मतदान प्रतिशत राज्य औसत 59.11 प्रतिशत से कम वहां टारगेटेड स्वीप गतिविधियां संचालित की जाएं प्रदेश में 70 से प्रतिशत अधिक मतदान का लक्ष्य सुनिश्चित किया जाए।

चुनावा आयोग के सचिव संतोष कुमार तथा सीनियर कंसल्टेंट आरके सिंह तथा एसीईओ सुश्री निधि श्रीवास्तव, ने 18 जनपदों के स्वीप नोडल अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में आयोग की टीम द्वारा निर्देशित किया गया कि मतदान के दिन होने वाले सार्वजनिक अवकाश का सभी सरकारी एवं निजी संस्थाओं में पूरी तरह से अनुपालन कराया जाए। जिससे मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें। टीम द्वारा अपेक्षा की गई कि लोगो तथा चुनाव का पर्व देश का गर्व का व्यापक प्रचार प्रसार किया जाए तथा साथ ही ऐसे संदेश तैयार किये जाएं जो मतदान हेतु अधिक प्रेरित करे। उनकों विभिन्न प्लेटफार्मों पर प्रसारित किया जाए। शहरी क्षेत्र में मतदाताओं की उदासीनता को दूर करने के लिए आईटी टूल आदि का उपयोग किया जाए। जागरूकता के संबंध में विशेष कार्ययोजना बनाकर उसका पालन तथा मॉनीटरिंग की जाए। मतदाता जागरूकता के लिए आकाशवाणी द्वारा प्रत्येक शुक्रवार को सायं 07.15 बजे प्रसारित हो रहे मतदाता जंक्शन कार्यक्रम का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए।

## परीक्षा देने आये 5 छात्रों की स्कूटी से मोबाइल चोरी

**लखनऊ (स्पष्ट आवाज)।** आशियाना क्षेत्र में गुरूवार बोर्ड परीक्षा देने आये छात्र छात्राओं के परीक्षा सेंटर के बाहर खड़ी स्कूटी में रखा मोबाईल फोन चोरी हो गया। परीक्षा खत्म होने बाद परीक्षार्थियों ने गाड़ी से मोबाईल फोन गायब देख स्थानीय थाना आशियाना पहुंचकर शिकायत की। आशियाना क्षेत्र के रजनी खंड अवध पब्लिक स्कूल में गुरुवार से सीबीएसई बोर्ड की परीक्षा आयोजित है जिसमे लखनऊ पब्लिक स्कूल साऊथ सिटी शाखा के छात्र छात्राओं का सेंटर पड़ा। इंटर का छात्र तेलीबाग निवासी शुभम पुत्र शिव प्रसाद एवं एकता नगर निवासी रवि प्रजापति पुत्र लालमणी के मुताबिक सुबह करीब 10:30 बजे से परीक्षा आयोजित था परीक्षा में मोबाईल प्रतिबंधित होने के कारण अपना मोबाईल फोन स्कूटी के डिक्की में ही रखकर लॉक कर दिया था लेकिन जब परीक्षा ख़त्म कर बाहर निकले तो देखा कि स्कूटी से मोबाईल फोन गायब है। छात्रों के मुताबिक परीक्षा सेंटर के बाहर से अन्य परीक्षार्थियों अख्तर, अराध्या एवं वैष्णवी के भी मोबाईल फोन चोरी हुए है।

# जयंत चौधरी किसानों के विभीषण : सुनील सिंह

**लखनऊ (स्पष्ट आवाज)।** लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी सुनील सिंह गुरुवार को कहा कि सी-टू-प्लस फिफ्टी फार्मूला और स्वामी नाथन की रिपोर्ट को आज तक लागू नही किया। इससे यह साबित होता है कि केंद्र सरकार किसान विरोधी है। उन्होंने कहा कि सत्तालोलुप आरएलडी के जयंत चौधरी सौदागर बन गए हैं। वह किसानों के दुश्मन बन कर अब विभीषण की भूमिका में देखे जा रहे हैं। सुनील सिंह लखनऊ स्थित लोकदल के केंद्रीय कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि देश का किसान अपना हक माँगने के लिये जब दिल्ली कूच किया तो केंद्र और राज्य की सरकारें किसानों को रोकने के लिये आँसू गैस, लाठी चार्ज और गोली का बल पूर्वक प्रयोग कर घायल कर के लहू बहा दिया। सुनील सिंह ने कहा कि चौधरी चरण सिंह को केंद्र सरकार ने जो भारत रत्न दिया है चौधरी साहब उस भारत रत्न से भी बहुत बड़े रत्न थे। जो गाँव की घास, फूस की मिट्टी में जन्म लेकर गरीब व किसानों का तारणहार बने। गाँव व गरीब के लिये जीवन समर्पित करते हुये किसानों के मसीहा बने।

उन्होंने स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी से लेकर प्रधानमंत्री तक का सफर तय किया। 1980 में जिस लोकदल की स्थापना चौधरी चरण सिंह ने की थी उस विचारधारा को सहेज कर किसानों के हक की लड़ाई लड़ने का काम लोकदल कर रहा है। पत्रकार वार्ता में किसानों पर हो रहे अत्याचार पर उन्होंने कहा है कि किसानों के साथ सरकार फेल है सिन्धु बार्डर मानो भारत पाकिस्तान का बार्डर बनकर रह गया है।

## महिला दौड़ में आगरा जोन की मनोरमा अव्वल

**लखनऊ (स्पष्ट आवाज)।** राजधानी के गुरु गोविंद सिंह स्पोर्ट्स कालेज स्टेडियम में चल रही उत्तर प्रदेश राज्य पुलिस वार्षिक एथलेटिक्स क्लस्टर प्रतियोगिता 2023 के अंतर्गत चौथे दिन 800 मीटर महिला दौड़ के फाइनल मुकाबले में आगरा जोन की मनोरमा ने सबको पीछे छोड़कर पहला स्थान हासिल किया।इस मुकाबले में बरेली जोन की साक्षी द्वितीय और कानपुर जोन की बबली तीसरे स्थान पर रहीं। साईकिलिंग100 मीटर के फाइनल मुकाबले में पीएसी मध्य जोन के सुनील कुमार साहनी प्रथम स्थान पर पहुंचे जबकि डिकेथलान प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में पीएसी पश्चिमी जोन के सचिन कुमार ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। महिला वर्ग खो खो प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में लखनऊ जोन की टीम प्रथम रही जबकि मेरठ और बरेली जोन की खो खो टीमें क्रमश दूसरे और तीसरे स्थानों पर रहीं।

# सरकार टीबी मरीजों का कराएगी नोटिफिकेशन




**लखनऊ (स्पष्ट आवाज)।** टीबी की स्क्रीनिंग और जांच में तेजी लाने के उद्देश्य से साल 2024 में योगी सरकार को 6.50 लाख टीबी मरीजों के नोटिफिकेशन का लक्ष्य दिया गया है। इसमें सरकारी क्षेत्र में 4.30 लाख और निजी क्षेत्र में 2.20 लाख टीबी मरीजों के नोटिफिकेशन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। यह लक्ष्य राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत जनपद की आबादी, प्राइवेट ड्रग सेल डाटा, पेशेंट प्रोवाइडर सपोर्ट एजेंसी (पीपीएसए) कांट्रैक्ट में निर्धारित टारगेट, मरीज के नजदीकी जिले में इलाज के लिए जाने की प्रवृत्ति व अन्य एपीडिमियोलॉजिकल तथ्यों के आधार पर निर्धारित किया गया है। इसके साथ ही जांच में टीबी की पुष्टि होते ही जल्द से जल्द इलाज शुरू करने के भी प्रबंध किये गए हैं ताकि संक्रमण को फैलने से रोका जा सके। मुख्य चिकित्सा अधिकारी और जिला क्षय रोग अधिकारियों को भेजा गया पत्र

महानिदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं उत्तर प्रदेश डॉ. बृजेश राठौर ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरुप प्रदेश के सभी मुख्य चिकित्सा अधिकारियों और जिला क्षय रोग अधिकारियों को पत्र भेजकर जिले में वर्ष 2024 में टीबी मरीजों के नोटिफिकेशन के लक्ष्य के बारे में अवगत कराया है। इसके साथ ही लक्ष्य को निर्धारित समय से पहले ही प्राप्त करने के लिए जरूरी कदम उठाये जाने के बारे में भी निर्देशित किया है। टीबी नोटिफिकेशन के लक्ष्य को हासिल करने के लिए स्वास्थ्य केन्द्रों पर जहां हर माह की 15 तारीख को एकीकृत निःक्षय दिवस का आयोजन किया जा रहा हैं। वहीं समय-समय पर एक्टिव केस फाइंडिंग अभियान और दस्तक अभियान चलाकर भी टीबी मरीजों की पहचान की जा रही है।

**वर्ष 2023 में प्रदेश को 5.50 लाख टीबी मरीजों के नोटिफिकेशन का था लक्ष्य**

निदेशक-राष्ट्रीय कार्यक्रम डॉ. रतन पाल सिंह सुमन और संयुक्त निदेशक व राज्य क्षय रोग अधिकारी डॉ. शैलेन्द्र भटनागर का कहना है कि वर्ष 2023 में प्रदेश को 5.50 लाख टीबी मरीजों के नोटिफिकेशन का लक्ष्य दिया गया था, जिसके सापेक्ष 6,32,571 टीबी मरीजों को नोटिफाई कर 115 प्रतिशत उपलब्धि प्रदेश ने हासिल की। इसमें सरकारी क्षेत्र में 4,09,192 तो निजी क्षेत्र में 2,23,379 टीबी मरीज नोटिफाई किये गए। प्रदेश ने लक्ष्य के सापेक्ष सरकारी क्षेत्र में 113 प्रतिशत तो निजी क्षेत्र में 118 प्रतिशत उपलब्धि हासिल की। निजी क्षेत्र में उत्तर प्रदेश की श्रेष्ठ उपलब्धि के लिए इसी माह केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा अलग-अलग श्रेणियों में पांच सम्मान पत्र देश में सर्वाधिक उपलब्धि हेतु प्रदान किये गए हैं। डॉ. भटनागर का कहना है कि सरकार की दृढ़ इच्छा शक्ति और उच्चस्तरीय अधिकारियों के कुशल मार्गदर्शन से ही यह उपलब्धि प्रदेश को हासिल हो सकी। इस साल भी उनकी पूरी कोशिश रहेगी कि लक्ष्य से अधिक टीबी मरीजों को नोटिफाई कर प्रधानमंत्री के टीबी मुक्त भारत के संकल्प को साकार करने में प्रदेश को अग्रणी बना सकें। टीबी मरीजों को नोटिफाई करते ही उनको सरकारी स्वास्थ्य सुविधाएं जैसे- इलाज के दौरान हर माह पांच सौ रुपये सीधे बैंक खाते में मिलने लगते हैं, निक्षय मित्र और टीबी चैम्पियन से जोड़कर उनके पोषाहार और मानसिक संबल प्रदान करने की भी व्यवस्था की जाती है।

## संक्षिप्त समाचार

### पेड़ पर लटकता मिला युवक का शव

**घाटमपुर (कानपुर)।** थाना सजेती की पुलिस चौकी कुआंखेड़ा क्षेत्र अंतर्गत एक युवक ने जंगल में नीम के पेड़ से लटककर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने बताया कि युवक ने बीमारी से तंग आकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। विकास कोरी (18 वर्ष) पुत्र स्वर्गीय रामपाल कोरी निवासी ग्राम चिल्ली बद्रीपुर थाना जहानाबाद जनपद फतेहपुर काफी दिनों से बीमार था। परिजनों ने बताया कि उसने बीमारी से तंग आकर गले में मफलर का फंदा डाला और नीम के पेड़ से लटककर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों को रो-रो कर बुरा हाल है, पुलिस ने शव का पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

### बांकी के किसानों ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

**भरुआ, सुमेरपुर।** आधा सैकड़ा किसानों ने डीएम को ज्ञापन सौंपकर शत प्रतिशत फसलों के नुकसान की बात कहकर किसी सक्षम अधिकारी से सर्वे कराकर मुआवजा दिलाने की मांग की है। बांकी के किसान ओमप्रकाश पराशर, धीरेंद्र सिंह, रामकुमार तिवारी, कृष्ण कुमार तिवारी, अरविंद द्विवेदी, इंद्रेश कुमार आदि आधा सैकड़ा किसानों ने डीएम को ज्ञापन सौंपकर ओला वृष्टि से शत प्रतिशत नुकसान होने की बात कहकर किसी अधिकारी से डोर टू डोर सर्वे करा मुआवजा दिलाने की मांग की।

### एक माह के अंदर होगा व्यापार मंडल का चुनाव



**भरुआ सुमेरपुर।** गुरुवार को नगर उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष केजी अग्रवाल की अध्यक्षता में हुई बैठक में व्यापार मंडल का चुनाव संपन्न कराने को लेकर गहन मंथन किया गया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि 3 वर्ष पूर्ण होने पर संगठन का चुनाव प्रत्येक दशा में 31 मार्च के पूर्व संपन्न कराया जाना है। बैठक में सर्वसम्मति से व्यापार मंडल के संरक्षक के नेतृत्व में पांच सदस्यीय चुनाव कमेटी बनाकर चुनाव संपन्न कराने की सहमत प्रदान की गई। बैठक में नगर व्यापार मंडल अध्यक्ष महेश गुप्ता दीपू ने पिछले 3 वर्षों के कार्यों की जानकारी प्रदान की। बैठक में संरक्षक नंदकिशोर यादव, राठ के नगर अध्यक्ष काशी प्रसाद, प्रदीप कुमार गुप्ता, श्यामलाल गुप्ता, अनुज गुप्ता, राम जी मिश्रा, अनिल परनामी, रमेश चंद्र गुप्ता, मृत्युंजय गुप्ता, दिनेश सोनकर, सरदार धुरिया, विजय चौरसिया, आशीष गुप्ता, शिवम गुप्ता, धीरू यादव, संतराम प्रजापति, चित्रांशु खरे आदि व्यापारी मौजूद रहे।

### नाली निर्माण अधूरा, बारिश का पानी भरा



**भरुआ सुमेरपुर।** नदेहरा गांव निवासी वेदप्रकाश, स्वामीदीन, प्रमोद कुमार,कल्लन,बउआ, छोटेलाल, अरुण कुमार, जगरानी, सुशीला देवी आदि ने बताया कि गांव के मध्य से लोनिवि ने पक्की सड़क का निर्माण कराया है। बस्ती के पानी के निकास के लिए सड़क के दोनों ओर नाली निर्माण प्रस्तावित है। मगर विभाग ने आधी दूर तक नाली बनाकर छोड़ दिया है। इससे बरसात का पानी रास्ते में भर गया है। जिससे लोगों को चलने फिरने में असुविधा हो रही है। ग्रामीणों ने विभाग के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। एसडीएम ने बीडीओ को जांच करके कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। प्रधान उदयभान यादव ने बताया कि कुछ लोगों ने नाली निर्माण में व्यवधान डाल दिया है। इस वजह से कार्य रोका गया है। बारिश होने से समस्या उत्पन्न हुई है। जल्द ही समस्या का समाधान कराया जाएगा।

### भाजपा का सामाजिक सम्मेलन संपन्न

**भरुआ सुमेरपुर।** गुरुवार को नगर पंचायत के टाउन हॉल में आयोजित भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के सामाजिक सम्मेलन में जिलाध्यक्ष रविराज कुशवाहा की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष धीरेंद्र शिवहरे ने पिछड़े वर्ग के लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा सरकार ने सबसे अधिक लाभ पिछड़े वर्ग को पहुंचाने का काम किया है। अब हमारी जिम्मेदारी है कि आगामी लोकसभा चुनाव में पार्टी के 370 के अभियान को हासिल करने के लिए तन मन धन से जुट जाएं। जिलाध्यक्ष ने कहा कि पिछड़ा वर्ग मोर्चा चुनाव में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हुए पार्टी के लक्ष्य को प्राप्त कराने में पूरा जोर लगाएगा इस मौके पर मोर्चे के मण्डल अध्यक्ष कमलेश शिवहरे,जिलामंत्री अमन धुरिया ने भी विचार रखे। इस मौके में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### आयकर कटौती के सम्बन्ध में हुई कार्यशाला



**कानपुर देहात।** डीएम आलोक सिंह की अध्यक्षता में आयकर विभाग के सहयोग से स्त्रोत पर आयकर कटौती के सम्बन्ध में कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यकम में आयकर आयुक्त कानपुर आर. के. गुप्ता एवं उपायुक्त आयकर दीपक यादव द्वारा अपनी उपस्थिति प्रदान करते हुये आहरण वितरण अधिकारियों के स्तर से स्त्रोत पर आयकर कटौती के सम्बन्ध में प्रचलित नियमों एवं अद्यतन व्यवस्था के सम्बन्ध में अवगत कराया गया। डीएम द्वारा इस सम्बन्ध में आहरण वितरण अधिकारियों को नियमानुसार कार्यवाही किये जाने के लिये निर्देशित किया गया। इस मौके पर आयकर आयुक्त आर. के. गुप्ता एवं उपायुक्त आयकर दीपक यादव द्वारा कार्यशाला में उपस्थित आहरण वितरण अधिकारियों के प्रश्नों का समाधान करते हुये भविष्य में भी प्रत्येक स्तर पर सहयोग का आश्वासन दिया गया। कार्यक्रम की समाप्ति पर संजय कुमार सिंह, मुख्य कोषाधिकारी आयकर आयुक्त एवं उपायुक्त आयकर की गरिमामयी उपस्थिति एवं आवश्यक जानकारी प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में आभार एवं धन्यवाद प्रस्तुत किया गया।

### यूपी बोर्ड परीक्षा शुरू, हिंदी ने कराया 'फीलगुड'



**कानपुर।** उत्तर प्रदेश बोर्ड परीक्षा आज से शुरू हो गई है। कानपुर में परीक्षा के लिए 129 सेंटर बनाएं गए हैं। जहां बच्चों ने गुरूवार को पहला पेपर हिंदी का दिया। पेपर देने के बाद केंद्र से बाहर निकले अधिकांश छात्र- छात्राओं ने बताया कि पेपर सरल था। जो कम समय में हल हो गया। यूपी बोर्ड परीक्षा में हाईस्कूल की पहली पारी में पेपर था। पहले दिन हिंदी का पेपर देने स्कूलों में छात्र छात्राए क्लास रूम में पहुंचे। और हिंदी का पेपर देकर छुटने के बाद क्लास रूम से हस्ते हुए निकले। जहां ये मुस्कान उनके अच्छे पेपर होने का संदेश दे रही थी। छात्र-छात्राओं ने बताया कि किताब के साथ साथ यदि अपने सहपाठियों के साथ हिंदी विषय में कुछ चर्चा की होगी। तो वह पेपर उनके लिए बहुत सरल रहा है। सभी केंद्रों की निगरानी सीसीटीवी कैमरा से की जा रही है। इसमें 11 जोनल, 21 सेक्टर और 25 स्टेटिक मजिस्ट्रेट को जिम्मेदारियां दी गई है। जिले के सभी को अलग-अलग निगरानी के लिए जिम्मेदारियां सौंप गई है।




*महापौर प्रमिला पांडेय ने गुरुवार को बिरहाना रोड स्थित एक ज्वैलरी प्रतिष्ठान का उद्घाटन किया। इस मौके पर मशहूर फिल्म अभिनेता बॉबी देओल के साथ फीता महापौर ने फीता काटा। पार्षद विकास जायसवाल समेत अन्य प्रतिष्ठित लोग मौजूद रहे।*

स्पष्ट आवाज कैप्शन

# सीलिंग और शमन पर 'गुरुमंत्र' दे गए केडीए उपाध्यक्ष




● सभी प्रवर्तन प्रभारी तलब, न्यू कानपुर सिटी पर पैनी नजर

**आशुतोष मिश्र 'रुद्र'**

**कानपुर (स्पष्ट आवाज)।** कानपुर विकास प्राधिकरण में उपाध्यक्ष का अतिरिक्त प्रभार सम्भाल रहे जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह गुरुवार को अचानक दोपहर तीन बजे केडीए पहुंचे। लाव-लश्कर पहुंचते ही प्राधिकरण अफसर चौंकन्ना हो गए। उपाध्यक्ष ने चैम्बर में पहुंचते ही नगर नियोजक से लेकर प्रवर्तन प्रभारियों तक सबको तलब कर लिया। बंद कमरे में करीब 45 मिनट तक चली क्लास में उपाध्यक्ष ने सभी जोनों की समीक्षा करने के साथ जरूरी निर्देश भी दिए।

गौरतलब है कि 'स्पष्ट आवाज' हिंदी दैनिक ने अवैध निर्माणों के शमन में अभियन्ताओं का 'खेल' उजागर करते हुए खबर प्रकाशित की थी। जिसका शासन के बड़े अफसरों ने संज्ञान भी लिया। कम शब्दों में कहा जाए तो फिलहाल सभी मुलाजिमों को कार्यशैली में सुधार के लिए चेताया है। रवैया नहीं सुधरा तो अंजाम के लिए तैयार रहें।

**शमन पर मची खलबली ...**

बिल्डर्स के लिए 'दोस्त' की भूमिका निभा रहे प्राधिकरण के कुछ अभियन्ता प्राधिकरण को शमन में भारी चोट पहुंचा रहे हैं। विश्वस्त आधिकारिक सूत्रों द्वारा ऐसा दावा किया जा रहा है कि अपार्टमेंट, हॉस्पिटल, शॉपिंग कॉम्प्लेक्स, शो-रूम जैसे बड़े निर्माणों में शमन के नाम पर चेक लेने के बाद शमन की स्वीकृति होने पर अक्सर चेक गुपचुप तरीके से बिल्डर्स को वापस कर दी जाती हैं या पेमेंट रुक जाता है। इससे प्राधिकरण को शमन के मद में करोड़ों रुपए नुकसान का अनुमान है। खबर के प्रकाशित होने के बाद प्रवर्तन प्रभारियों ने अपने-अपने जोन में पिछले दो साल के दरम्यान हुए निर्माणों के शमन की फाइलें खंगालना शुरू कर दिया है। खेल उजागर होने के डर से अभियन्ता बेचैन हैं।

**वीसी की गाइडलाइंस ...**

बैठक में मौजूद रहे आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, उपाध्यक्ष आरके सिंह ने सभी प्रवर्तन प्रभारियों से उनके जोनों में चल रहे निर्माणों की कड़ी मॉनिटरिंग करने को कहा। खास तौर पर बड़े निर्माणों में सेट बैक और पार्किंग एरिया कवर्ड करने वालों को चिन्हित किया जाएगा। ऐसा ज्यादातर अपार्टमेंट के निर्माण में होता है। उपाध्यक्ष ने स्पष्ट तौर पर निर्देशित किया कि किसी भी आवेदक या शिकायतकर्ता को परेशान न किया जाए। समस्याओं का जल्द से जल्द निस्तारण करें, ताकि आम जनता को भटकना न पड़े।

**नगर नियोजन को टिप्स ...**

बैठक में नगर नियोजक को निर्देशित किया कि जो भी मानचित्र आवेदन स्वीकृति के लिए लंबित हैं। उनका मौके पर परीक्षण कर समय से निस्तारण किया जाए। बेवजह लोगों को केडीए के चक्कर न लगाने पड़ें। ध्यान रहे कि कोई भी मानचित्र स्वीकृत करने से पहले भवन विभाग सभी दस्तावेजों की सही से जांच अवश्य कर लें।

**रिशफलिंग के संकेत**

प्राधिकरण के आधिकारिक सूत्रों के हवाले से फेरबदल के संकेत मिल रहे हैं। दरअसल, सरकार की मंशा पर काम न करने वाले कुछ अभियन्ताओं के कारनामे लखनऊ तक पहुंचे हैं। इसमें एक अभियन्ता का नाम बताया जा रहा है जो एक साथ दो जोनों में प्रवर्तन का प्रभार सम्भाल रहे हैं। घनी आबादी वाले इलाकों में मानकों को ताक पर रख कर धड़ल्ले से अवैध निर्माण हो रहे हैं। बदले में शमन के नाम पर केडीए के खजाने में कुछ नहीं आ रहा। कुछ बड़े निर्माणों का डिटेल भी आवास एवं शहरी नियोजन कार्यालय तक पहुंचा है। जबकि, कुछ अभियन्ता पिछले तीन-चार महीने से लूप लाइन में चल रहे हैं। सूत्रों की मानें तो खराब कार्यशैली वाले चिन्हित अभियन्ताओं के आने वाले दिनों में पर कतरे जाएंगे। लोकसभा चुनाव 2024 की आचार संहिता लागू होने से पहले प्रवर्तन, भवन विभाग में रिशफलिंग सम्भव है। हालांकि, इस प्रकार के बदलाव की फिलहाल कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। लेकिन, फरवरी के अंत तक तमाम मुलाजिम बदले जा सकते हैं। यहां यह भी स्पष्ट कर दें कि समाचार पत्र आधिकारिक सूत्रों द्वारा किए जा रहे किसी भी दावे की सत्यता की पुष्टि नहीं करता है।



सभी प्रवर्तन प्रभारियों एवं नगर नियोजन विभाग के साथ बैठक में उन्हें निर्देशित किया गया है कि परीक्षण के बाद ही कार्यवाही को अंजाम दें। किसी भी आवेदक या शिकायतकर्ता को अनावश्यक तौर पर परेशान न होना पड़े। शमन आदि पर ध्यान देते हुए बेहतर कार्यशैली का सभी अफसर व स्टाफ परिचय दें। नियमित समीक्षा होती रहेगी।

**राकेश कुमार सिंह (केडीए उपाध्यक्ष/जिलाधिकारी)**

**न्यू कानपुर सिटी पर फोकस**

न्यू कानपुर सिटी योजना को लेकर लगातार शिकायतें शासन तक पहुंच रही हैं। एक तरफ लॉन्चिंग के बाद केडीए के आला अफसर योजना बसाने में लगे हैं तो दूसरी तरफ केडीए की जमीन पर दनादन टाउनशिप और अवैध निर्माणों का मकड़जाल फैलता जा रहा है। इससे योजना में जमीन लेने वालों की रुचि कम हुई तो पूरी स्कीम 'फ्लॉप-शो' बन कर रह जाएगी। भीतरखाने की खबर यह है कि योजना में जिम्मेदार अफसर ऑफिस की कुर्सी का मोह नहीं छोड़ पा रहे। जबकि, उन्हें फील्ड में ऑब्जर्वेशन करना बेहद जरूरी है। एक अफसर ने बताया कि न्यू कानपुर सिटी में चल रहे अवैध निर्माणों पर तत्काल रोकथाम के लिए उपाध्यक्ष ने कड़े निर्देश दिए हैं। हालांकि, धरातल पर कितना असर होगा। यह आने वाला वक्त बताएगा।

# 'भौकाल' के साथ सीपी के पास पहुंचा आशु दिवाकर



● पुलिस कमिश्नर ने कहा, सभी पहलुओं पर होगी तथ्यों की जांच

**कानपुर (स्पष्ट आवाज)।** कानपुर के चकेरी गांव के रहने वाले किसान बाबू सिंह ने 9 सितंबर साल 2023 के दिन रेलवे ट्रैक पर सुसाइड कर लिया था। इस दौरान पुलिस को एक सुसाइड नोट भी मिला था। सुसाइड नोट में लिखा था कि उनकी करोड़ों की जमीन भाजपा नेता और यूपी बाल आयोग के सदस्य आशु दिवाकर उर्फ प्रियरंजन और उसके गैंग ने कब्जे में ले ली है। किसान बाबू सिंह का आरोप था कि जमीन जबरन हड़प ली गई और उन्हें एक पैसा भी नहीं दिया गया। सुसाइड नोट में किसान ने इसी को सुसाइड का कारण बताया था। इस मामले में पुलिस ने आशु दिवाकर समेत 6 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया था। भाजपा ने भी आशु को पार्टी से निकाल दिया था। पुलिस ने इनाम भी घोषित किया था। मगर वह पुलिस को चकमा देता रहा।

इसी बीच उसने हाईकोर्ट से जमानत ले ली है। जानकारी के मुताबिक, कुछ दिन पहले ही मृतक किसान बाबू सिंह के परिजनों ने आशु दिवाकर पर डराने और धमकाने का मामला दर्ज करवाया था। इसी मामले में अपनी सफाई देने के लिए आशु दिवाकर पुलिस कमिश्नर से मिलने पहुंचा था।

इन फोटो में आशु दिवाकर पुलिस कमिश्नरेट में बैठा हुआ दिख रहा है। यहां पुलिस दफ्तर में उसे जब इंतजार करना पड़ा तो उसके लिए पानी, नाश्ता भी आया। जैसे ही ये खबर मीडिया को पता चली तो पत्रकार कैमरा लेकर पुलिस दफ्तर पहुंच गए। जिससे पुलिसकर्मी भड़क गए, इस दौरान उसने मीडिया से भी बात की। उसने कहा कि उसे फंसाने की साजिश रची जा रही है। इसमें अखिलेश यादव समेत कई नेताओं का हाथ है। इस दौरान उसने ये भी कहा कि बाबू सिंह यादव की बेटियां पता नहीं किस लालच में हैं। वह पता नहीं किसके दबाव में ये सब कर रही हैं। आशु दिवाकर ने कहा कि मुझे विश्वास है कि मुझे न्याय मिलेगा।

पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार ने बताया, आशु दिवाकर ने हाई कोर्ट का जमानत कागज दिखाया है। इस मामले में उनका कभी भी बयान लिया जा सकता है। पूरे मामले की तथ्यों के आधार पर जांच की जाएगी।

## सीएम 26 को करेंगे डिफेंस कॉरिडोर का 'श्रीगणेश'



**कानपुर (स्पष्ट आवाज)।** नर्वल तहसील के साढ़ में डिफेंस कॉरिडोर में अदाणी समूह की ओर से बनाए गए स्माल कैलिबर एम्यूनेश मैनुफैक्चरिंग प्लांट का निर्माण लगभग पूरा हो चुका है। करीब 206 हेक्टेयर में बने डिफेंस कॉरिडोर का शुभारंभ 26 फरवरी को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे। मुख्यमंत्री के संभावित कार्यक्रम को लेकर प्रशासन तैयारी करने में जुट गया है। डिफेंस कॉरिडोर में गोलियां बनने के साथ भंडारगृह भी बनाया गया है। अडानी समूह ने साढ़ गांव के लोगों से करीब 200 हेक्टेयर जमीन खरीदी थी। अब कॉरिडोर का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। इसका उद्घाटन करने के लिए सीएम आ रहे हैं। कार्यक्रम के लिये प्रशासनिक स्तर पर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। डिफेंस कॉरिडोर के पास ही हेलीपैड बनाया जाएगा। बुधवार को पीडब्ल्यूडी अधिकारियों व अडानी समूह के सदस्यों ने भूमि का जमीन का निरीक्षण किया। नर्वल एसडीएम ऋषभ वर्मा ने बताया कि सीएम के आगमन को लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं।

## ज्योति मर्डर केसः पीयूष की मुश्किलें बरकरार

**कानपुर।** ज्योति हत्याकांड के मुख्य आरोपी ज्योति के पति पीयूष श्यामदासानी को सुप्रीम कोर्ट से राहत नहीं मिल सकी है। पीयूष ने जमानत के लिए याचिका सुप्रीम कोर्ट में दाखिल की थी, लेकिन बाद में वापस लेने की बात कही। वापसी के आधार पर सुप्रीम कोर्ट ने याचिका को निस्तारित कर दिया है। हाईकोर्ट में मार्च 2004 में सजा पर अपील की अंतिम सुनवाई होनी है। ज्योति की हत्या में उम्रकैद की सजा पाए पीयूष श्यामदासानी ने सजा के खिलाफ हाईकोर्ट में अपील की है। अपील के दौरान हाईकोर्ट से जमानत की मांग की थी, लेकिन उसे हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया था।

इसी आदेश के खिलाफ पीयूष ने सुप्रीम कोर्ट में विशेष याचिका दाखिल कर जमानत मांगी थी, लेकिन मार्च में हाईकोर्ट में अपील की सुनवाई की बात कहे जाने पर सुप्रीम कोर्ट ने जमानत को औचित्यहीन बताया था। मध्यप्रदेश के जबलपुर निवासी शंकरलाल नागदेव की बेटी ज्योति का विवाह 28 नवंबर 2012 को पांडुनगर निवासी बिस्कुट व्यापारी ओमप्रकाश श्यामदासानी के बेटे पीयूष से हुआ था। 27 जुलाई 2014 को ज्योति की हत्या हो गई थी। अपर जिला जज प्रथम ने ज्योति की हत्या में शामिल पीयूष, मनीषा, अवधेश, आशीष, सोनू व रेनू को 21 अक्तूबर 2022 को उम्रकैद की सजा सुनाई थी।

## डोंट वरी! अब नाक पर रुमाल नहीं रखना पड़ेगा

● पोस्टमॉर्टम कूड़ा अड्डा बनेगा न्यू ट्रांसफर स्टेशन



**कानपुर (स्पष्ट आवाज)।** नगर निगम के नगर आयुक्त शिवशरणप्पा जीएन द्वारा हैलट अस्पताल स्थित पोस्टमार्टम कूडे अडडे का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि मुख्य मार्ग का कूडा अडडा होने के कारण इस कूडे अडडे से परिवर्तित कर ट्रान्सफर स्टेशन के रूप में बदल दिया जायें। इस सम्बन्ध में पोस्टमार्टम कूडे अडडे को तत्काल ट्रान्सफर स्टेशन में तब्दील किये जाने के लिये रफजुल रहमान डिपो इंचार्ज को निर्देशित किया गया, साथ ही बने रैन बसेरा को भी चुस्त दुरूस्त किये जाने हेतु अधिशाषी अभियन्ता को निर्देशित किया गया। रैन बसेरा के बगल में अवैध निर्माण के सम्बन्ध में जोनल अधिकारी को निर्देश दिये गये कि तत्काल निर्माण से सम्बन्धित अभिलेखों की जॉच करे, यदि अवैध है, तो तत्काल हटाया जाये।

# क्राइम कंट्रोल में 'सारथी' बनेंगे 'त्रिनेत्र एम्बेस्डर'

## पुलिस कमिश्नर, नगर आयुक्त की मौजूदगी में नगर निगम में बैठक का आयोजन




**कानपुर (स्पष्ट आवाज)।** सीएम की महत्वाकांक्षी योजना सेफ सिटी परियोजना के कुशल संचालन एवं कानपुर शहर के नागरिकों की सुरक्षा के दृष्टिगत सरकारी व गैर सरकारी प्रतिष्ठानों में रोड साइड सीसीटीवी कैमरों को आईसीसीसी से इन्टीग्रेट किये जाने का कार्य किया जा रहा है। उक्त के सम्बन्ध में कानपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड, नगर निगम कानपुर व पुलिस कमिश्नरेट की सयुंक्त पहल के अन्तर्गत ऑपरेशन त्रिनेत्र प्रारम्भ किये जाने का प्रस्ताव रखा गया है, जिसमें कानपुर नगर में ऑपरेशन त्रिनेत्र के अन्तर्गत शहर के लगभग 600 चौराहे/तिराहों पर सीसीटीवी कैमरों का अधिष्ठापन होना प्रस्तावित है, जो शहर के सम्भ्रान्त नागरिकों द्वारा कैमरा यूनिट, एनवीआर यूनिट, पीओई स्विच यूनिट इत्यादि आवश्यक उपकरण का अधिभार किया जाना है। त्रिनेत्र अम्बेस्डर प्रोग्राम को आई.सी.सी.सी. कार्यालय, तृतीय तल, नगर निगम कानपुर में पुलिस विभाग, नगर निगम कानपुर एवं कानपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के संयुक्त अभियान से प्रारम्भ किया गया है, जिस हेतु एक त्रिनेत्र अम्बेस्डर प्रोग्राम की बैठक आहुत की गयी। जिसमें अखिल कुमार, शिवशरणप्पा जी.एन., जगदीश यादव, चित्रांशु गौतम, राहुल सब्बरवाल तथा पुलिस विभाग व नगर निगम के अन्य अधिकारीगण रहे।

# महाराजपुर 'रॉड केस' के बाद पहुंचे डीसीपी पूर्वी



**कानपुर (स्पष्ट आवाज)।** महाराजपुर के प्रेमपुर गांव में लेनदेन के विवाद को लेकर पिता-पुत्र ने अपने साथियों संग मिलकर बुधवार देर शाम दुकान के बाहर बैठे हार्डवेयर कारोबारी को लोहे की रॉड से पीटकर मरणासन्न कर दिया। मदद के लिए लोग दौड़े, तो हमलावर धमकाते हुए भाग निकले। परिजन उन्हें हैलट अस्पताल ले गए, जहां हालत गंभीर बताई गई।

प्रेमपुर गांव निवासी मनीष उत्तम की रेलवे स्टेशन के पास उत्तम हार्डवेयर के नाम से दुकान है। पिता सत्यप्रकाश उत्तम ने बताया कि मंगलवार शाम बड़ा गांव निवासी राम सिंह से दुकान के पुराने हिसाब को लेकर मनीष की कहासुनी हो गई थी। इससे नाराज राम सिंह ने उत्तम से गालीगलौज करते हुए हत्या की धमकी दी थी।

पुलिस द्वारा आरोपियों की त्वरित गिरफ्तारी के प्रयासों के क्रम में पुलिस उपायुक्त पूर्वी एस.के. सिंह व सहायक पुलिस आयुक्त चकेरी द्वारा मय पुलिस बल के साथ मुल्जिमान के घर पर दबिश दी गई। तथा ग्रामवासियों से वार्ता कर घटना व आरोपियों के सम्बन्ध में जानकारी की गई व पीड़ित के परिवारीजनों से भी मिलकर शीघ्र गिरफ्तारी व कठोर कार्यवाही का आश्वसन दिया गया।

# विकास समन्वय और निगरानी समिति की बैठक संपन्न



**उन्नाव (स्पष्ट आवाज)।** राज्य स्तरीय विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) के सदस्य राजू वाल्मीकि द्वारा निरीक्षण भवन उन्नाव के सभागार में जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ विकास कार्यों की समीक्षा की गयी। समीक्षा के दौरान उन्होंने विकास कार्यों में बेहतर परिणाम पाने के लिए मानवीय दृष्टिकोण से काम करने की अपेक्षा की। उन्होंने कहा कि पं० दीनदयाल उपाध्याय के सपनों को साकार करने के लिए अन्तिम पायदान पर बैठे व्यक्ति को सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रदान करना हम सबकी नैतिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि हम सभी अधिकारियों को आपस में बेहतर समन्वय बनाने की आवश्यकता है। पीएम स्वनिधि योजना, बाल विकास एवं पुष्टाहार वितरण योजना, आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना आदि सरकार की महत्वपूर्ण योजनाएं हैं। उन्होंने इन योजनाओं के तहत ज्यादा से ज्यादा लोगों को लाभान्वित कराने के संबंध में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने सीएमओ और डीएसओ को निर्देशित करते हुए कहा कि आपसी समन्वय से कोटेदारों को प्रशिक्षित कर आयुष्मान कार्ड शतप्रतिशत बनवाना सुनिश्चित करें। बैठक में सीएमओ डा० सत्यप्रकाश, पीडी कमलेश कुमार, समाज कल्याण अधिकारी डा0 निलम सिंह, जिला कृषि अधिकारी कुलदीप मिश्रा, जिला कार्यकम अधिकारी राकेश मिश्रा, सूचना अधिकारी सतीश कुमार सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी गण आदि मौजूद रहे।

# ओलावृष्टि से प्रभावित किसानों के लिये सपा ने दिया ज्ञापन



**हमीरपुर (स्पष्ट आवाज)।** भारी ओलावृष्टि एवं तूफान से किसानों की फसलों के नुकसान पर समाजवादी पार्टी के प्रतिनिधि मंडल ने जिलाधिकारी कार्यालय में ज्ञापन सौंपकर क्षतिपूर्ति सहित किसानों की मदद करने की मांग की है। जिलाध्यक्ष इदरीश खान ने कहा कि जनपद में भारी ओलावृष्टि व तूफान की तबाही से किसानों की फसलों को भारी पैमाने पर नुकसान हुआ है। ओलों व तूफान तथा बिजली के तार व खंभे टूटने से जनहानि भी हुई है। किसानों की जीविका का एकमात्र साधन ध्वस्त हो गया है। प्रदेश सचिव अजय उर्फ कल्लू यादव ने कहा कि इस विकराल स्थिति में किसानों के सामने उनके परिवार को दो वक्त की रोटी, बच्चों की शिक्षा, शादी विवाह की समस्या खड़ी हो गई है। इस समस्या के निदान हेतु समाजवादी पार्टी ने ज्ञापन देते हुये मांग की है कि किसानों की फसलों के नुकसान की पैमाइस तत्काल प्रभाव से करायी जाये। पैमाइस के आधार पर किसानों को राहत अनुदान धनराशि तत्काल दिलायी जाये। बिजली के तारों से मृत लोगों को मुआवजा दिलाया जाये। साथ ही किसानों के विरूद्ध जो भी बकाया राजस्व वसूली चल रही है उसे तत्काल प्रभाव से बन्द किया जाये। इस मौके पर सपा नेता नंदकिशोर शिवहरे, मुन्नीलाल निषाद, वीरेन्द्र वर्मा, माया बाल्मीकी, शिवनायक, ज्ञान सिंह यादव, विवेक यादव, नीलेश श्रीवास, रण बहादुर सिंह यादव, रामबाबू वर्मा सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पुनः परीक्षा कराये जाने की छात्र सभा ने उठाई मांग



**फर्रुखाबाद (स्पष्ट आवाज)।** पुलिस परीक्षा के पेपर लीक होने को लेकर समाजवादी छात्र सभा के जिला अध्यक्ष हर्ष गंगवार के नेतृत्व में राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को दिया गया द्य समाजवादी छात्र सभा के जिला अध्यक्ष हर्ष गंगवार पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष व सपा जिला उपाध्यक्ष सौरभ कटियार, अधिवक्ता पुष्पेंद्र यादव, जिलाध्यक्ष युवजन सभा शिवम यादव, अमन बाथम, आकाश यादव, सुमित गंगवार, आयुष यादव, सुभाष चंद्र गौतम, कुलदीप यादव सहित कलेक्ट्रेट पहुंचकर राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी को दिया गया। जिसमें कहा गया कि विभिन्न माध्यमों से जानकारी प्राप्त हुई है कि विगत दिनों संपन्न हुई उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा आर ओ एआरो की परीक्षा से पेपर पूर्व लीक टेलीग्राम व व्हाट्सएप के माध्यम से लीक हो गया था। इन परिस्थितियों में शामिल होने वाले लगभग 60 लाख से अधिक छात्राओं का भविष्य अंधकार में है जिस वजह से हम सभी यह मांग करते हैं कि ऐसी स्थिति में परीक्षा को निरस्त कर पुनः परीक्षा कराई जाए। जिससे कि जो बच्चा उन पद के लायक है उसकी नियुक्ति हो सके किसी भी छात्र-छात्राएं के भविष्य के साथ खिलवाड़ ना हो।

# मिशन सतरंग अभियान के तहत शिविर का आयोजन



**मैनपुरी (स्पष्ट आवाज)।** मिशन सतरंग अभियान के अंतर्गत जनपद मैनपुरी में चिन्हित 2344 सैम बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण एवं उन्हें दवाएं उपलब्ध कराने के लिये जनपद के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं चयनित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सुल्तानगंज, बरनाहल, मानपुर हरी, भोगांव, आगरा रोड एवं हिंदपुरम में शिविर का आयोजन किया गया। इसमें आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों व आशाओं के द्वारा आंगनबाड़ी केंद्रों पर पंजीकृत सैम बच्चों को इन शिविरों पर लाकर चिकित्सकों से इन बच्चों की स्वास्थ्य जांच एवं आवश्यक दवाओं का वितरण किया जाना प्रस्तावित था। जिलाधिकारी द्वारा नगरीय स्वास्थ्य केंद्र हिंदपुरम में कार्यक्रम का शुभारंभ फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर डाक्टर आरसी गुप्ता मुख्य चिकित्सा अधिकारी, सुप्रिया गुप्ता जिला कार्यक्रम अधिकारी, डॉक्टर अनिल कुमार वर्मा एसीएमओ, डॉक्टर सुरेंद्र सिंह नोडल, डॉ राज विक्रम सिंह, डॉक्टर पंकज शाक्य, डॉक्टर अनिल यादव, हरिओम बाजपेई, सीडीपीओ मैनपुरी, डीएमसी यूनिसेफ संजीव कुमार पांडेय डब्ल्यूएचओ से विकास शाक्य, धर्मेंद्र कुमार, रविंद्र सिंह गौर आदि उपस्थित रहे। सायं 4 बजे तक 1737 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण करते हुए उन्हें आवश्यक दवाओं का वितरण किया गया। 17 बच्चों को जिला अस्पताल में संचालित पोषण पुनर्वास केंद्र संदर्भित किया गया।

SA NEWS
स्पष्ट आवाज़
लखनऊ, शुक्रवार, 23 फरवरी, 2024
विक्रम संवत 2080, माघ मास, चतुर्दशी (शुक्ल पक्ष)



जो लोग जानते हैं, वह करते हैं। वो लोग जो समझते हैं, वह दूसरों को सिखाते हैं। - अरस्तु

# सभी संकल्पों को सिद्ध कर जनता का दिल जीता

> पश्चिम बंगाल का संदेशखली कांड ममता बनर्जी की सरकार पर एक गहरा दाग बनता जा रहा है। जिस तरह राज्य सरकार ने विपक्षी प्रतिनिधिमंडलों को इस गांव में जाने से रोका है, उससे यह धारणा और गहराई है कि वह कुछ छिपाना चाहती है। इस कांड में गंभीर आरोप तृणमूल कार्यकर्ताओं पर लगे हैं। उत्तर 24 परगना के गांव संदेशखाली की दर्जनों महिलाओं ने तृणमूल सदस्यों पर यौन उत्पीडन् के संगीन आरोप लगाए हैं। इन महिलाओं के सामने आने के बाद आठ फरवरी को से वहां विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए।

वर्ष 2024 के आम चुनाव सन्निकट हैं। भारतीय जनता पार्टी ऐतिहासिक एवं धमाकेदार जीत के प्रति आश्वस्त है। एक बार फिर प्रधानमंत्री के रूप में नरेन्द्र मोदी एक नयी पारी की शुरुआत करेंगे। प्रधानमंत्री के रूप में नरेन्द्र मोदी का यह तीसरा कार्यकाल अगले एक हजार वर्षों के लिए एक मजबूत नींव रखने का कार्यकाल होगा। इस अवधि में भारत दुनिया की तीसरी आर्थिक महाशक्ति बनने के साथ विश्वगुरु भी बन सकेगा। प्रधानमंत्री मोदी के दो कार्यकाल की समीक्षा करें तो स्पष्ट हो जाता है कि उनकी सरकार द्वारा उठाये गये हर कदम एवं उनकी हर बात राष्ट्र निर्माण की दिशा में बढ़ाये गये अनूठे, परिवर्तनकारी एवं सकारात्मक कदम रहे हैं। 2014 से पहले के भारत में भ्रष्टाचार, घोटालों और तुष्टिकरण की ही बात सामने आती थी लेकिन अब विकास, अविष्कार और नवाचार की बातें हो रही हैं, जिनमें नये भारत, सशक्त भारत की जड़ें गहरी हुई हैं। मोदी के नेतृत्व में पिछले दस वर्ष भारतीय इतिहास में सबसे सुदृढ़ एवं युगांतरकारी रहे हैं। हम सब इतिहास के उस स्वर्णिम काल के गवाह बनने के साक्षी बने हैं। यह सब मोदी के करिश्माई एवं चमत्कारी व्यक्तित्व से ही संभव हो पाया है। करिश्मा किसी व्यक्ति विशेष का एक निश्चित गुण होता है जो अपवाद होता है और जिसके आधार पर वह स्वीकार्यता हासिल कर शासन करता है। लिंकन, चर्चिल, रूसवेल्ट और जॉन एफ केनेडी महान राजनेता थे, जो अपने करिश्माई व्यक्तित्व और प्रभामंडल के लिए जाने जाते थे और इसका उपयोग उन्होंने अपने देश को मजबूत करने के लिए किया। मोदी इसी श्रेणी के इन सबसे आगे निकलते हुए विलक्षण क्षमताओं एवं मौलिक विशेषताओं वाले विरल नेता हैं।2024 के लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा एवं सभी विपक्षी दल अपनी-अपनी चालें चल रहे हैं। भाजपा एवं इंडिया गठबंधन दोनों ही खेमों में अब हर दिन चुनावी रणनीति को लेकर नये गठबंधन हो रहे हैं तो बने हुए गठबंधन टूट रहे हैं, अनेक नेता दलों के पाले बदल रहे हैं, एक दूसरे को मात देने का दौर चल रहा है, सब अपनी-अपनी व्यूह रचना बना रहे हैं। भाजपा ने स्वयं की 370 एवं उसके गठबंधन की 400 सीटों का लक्ष्य बनाया है। इंडिया गठबंधन एवं विभिन्न राजनीतिक दल भी जीत की संभावनाओं को लेकर जुटे हैं। राजनीति पल-पल नया आकार लेती है, इसलिये राजनीति में सही वक्त पर सही ढंग से इस्तेमाल करने का हुनर होना अपेक्षित होता है, जो अच्छा चल रहा है उसे बिगाड़ना आना चाहिए और जो बिगड़ रहा है

## आज का इतिहास

1468 - प्रिंटिंग मशीन का आविष्कार करने वाले युहेन गोटेनबर्ग का निधन।
1768 - कर्नल स्मिथ ने ब्रिटिश सत्ता को स्वीकार कर चुके हैदराबाद के निजाम के साथ शांति समझौता किया।
1799 - मिस्र पर फ्रांस के तानाशाह नेपोलियन बोनापार्ट का अधिकार हो जाने के बाद फ्रांसीसी सेना ने आक्रमण शुरू किया।
1886 - अमेरिकी रसायनशास्त्री और आविष्कारक मार्टिन हेल ने एल्यूमीनियम की खोज की।
1905 - रोटरी इंटरनेशनल की स्थापना हुई।
1940 - रूसी सेना ने ग्रीस के निकट लासी द्वीप पर कब्ज़ा किया।
1947 - अंतर्राष्ट्रीय मानकीकरण संगठन ने विश्व मानक की स्थापना की।
1958 - अर्जेंटीना के महान फॉर्मूला वन चालक खुआन मैनुअल फांगियो का दो लोगों ने अपहरण किया।
1962 - अमेरिका ने नेवादे में परमाणु परिक्षण किया।
1967 - अमेरिकी सेनाओं ने वियतनाम युद्ध में बड़े हमले शुरू किये।
1969 - हिंदी सिनेमा की मशहूर अभिनेत्री मधुबाला का निधन।
1970 - गुयाना देश गणराज्य बना और आज के दिन को इस देश का राष्ट्रीय दिवस घोषित किया गया।
2003 - कनाडा के डेविसन ने वर्ल्ड कप का सबसे तेज शतक लगाकर 1983 का कपिल देव का रिकॉर्ड तोड़ा।
2007 - पाकिस्तान ने शाहीन-2 का परीक्षण किया।

# ट्रंप के पापों का घड़ा बहुत बड़ा!

**श्रुति व्यास**

डोनाल्ड ट्रंप का पिछला हफ्ता काफी बुरा गुज़रा। न्यूयार्क के एक जज ने उन पर करीब 45 करोड़ डॉलर का जुर्माना ठोका। इसलिए क्योंकि जज इस नतीजे पर पहुंचे कि ट्रंप ने अपनी नेटवर्थ (संपत्ति की कुल कीमत) में हेरफेर की। जज ने पाया कि %द ट्रंप आर्गेनाइजेशन' (ट्रंप के सभी व्यवसायों की होल्डिंग कंपनी) ने अपनी संपत्ति की कीमत बढ़ा-चढ़ा कर बताई ताकि उसे बेहतर शर्तों पर ज्यादा कर्ज़ मिल सके। और ट्रंप को पता था कि हेराफेरी का। वे ही इसके लिए ज़िम्मेदार हैं।जाहिर है धोखाधड़ी के इस दीवानी मामले में यह उनकी बड़ी हार है।

ट्रंप ने कहा कि उन्होंने धोखाधड़ी नहीं की है बल्कि यह मुकदमा उनके साथ धोखाधड़ी है और वे फैसले के खिलाफ अपील करेंगे। मगर अभी ट्रंप के सामने समस्या है 45 करोड़ डॉलरकी जुगाड़ करना। इस फैसले से ट्रंप का नगदी का खज़ाना करीब-करीब खाली हो जायेगा। इसके अलावा अगले तीन साल तक ट्रंप आर्गेनाइजेशन पर उनका नियंत्रण नहीं रहेगा।

जज आर्थर एन्गोरों के फैसले का एक उद्देश्य ट्रंप आर्गेनाइजेशन के कामकाज के तरीके को बदलना है।ट्रंप तीन साल तक कंपनी से दूर रहेंगे और उनके दो सबसे बड़े बेटे, जो कंपनी के को-चीफ एग्जीक्यूटिव हैं, वे भीदो साल तक। सन 2022 से कंपनी की देखभाल कर रहे स्वतंत्र मॉनिटर का कार्यकाल तीन साल और बढ़ जायेगा। इसके अलावा एक स्वतंत्र अधिकारी और नियुक्त होगा जो यह देखेगा कि अदालत का फैसला ठीक से लागू हो रहा है या नहीं।

कंपनी को तीन साल तक न्यूयार्क में पंजीकृत किसी ऋणदाता से कर्ज़ लेने का हक़ नहीं होगा। अपीलीय अदालतें संभवतः अपील सुनने के पहले इस आदेश पर रोक लगा देंगीं। मगर इस प्रक्रिया में भी कम से कम दो साल लगेंगे।जज आर्थर का यह कड़ा फैसला अक्टूबर में शुरू हुई और 11 महीने तक चली सुनवाई के बाद आया है।मुक़दमे के दौरान ट्रंप के व्यवहार ने भी उन्हें बहुत नुकसान पहुंचा। उन्होंने जज आर्थर की क्लर्क का सोशल मीडिया पर जमकर अपमान किया। जज ने ट्रंप पर क्लर्क के बारे में कुछ भी कहने पर रोक लगा दी। मगर ट्रंप नहीं माने और नतीजे में उन्हें 15 हज़ार डॉलर का जुर्माना अदा करना पड़ा। बल्कि ट्रंप ने जज को भी नहीं छोड़ा। अंतिम बहस के दौरान अपना बचाव करते हुए ट्रंप ने जज को खरीखोटी सुनायी।ट्रंप से कहा, मुझे मालूम है आप बोर हो रहे हैं। आपका अपना एजेंडा है, यह मैं समझता हूँ। आप मेरी बात एक मिनट से ज्यादा नहीं सुन सकते।इस तरह कानूनी और आर्थिक - दोनों दृष्टियों से ट्रंप के लिए गुज़रा हफ्ता खराब रहा। हालाँकि हमेशा की तरह वे ऊटपटांग बातें करते रहे। आगे आने वाले दिन उनके लिए और खराब होंगे।

# भाजपा के राष्ट्रीय अधिवेशन का क्या संदेश?

**अजीत द्विवेदी**




लोकसभा चुनाव से पहले राष्ट्रीय अधिवेशन भाजपा ने किया, जिसकी चुनावी तैयारियां राउंड द क्लॉक यानी 24 घंटे, सातों दिन और 12 महीने चलती रहती है। कायदे से मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस को इस तरह का अधवेशन करना चाहिए था और साथ ही नए बने विपक्षी गठबंधन %इंडिया' की साझा बैठक भी करनी चाहिए थी। लेकिन कांग्रेस के सर्वोच्च नेता राहुल गांधी भारत जोड़ो न्याय यात्रा कर रहे हैं और बाकी सहयोगी पार्टियों के साथ कांग्रेस का इतना भी तालमेल नहीं बन पाया है कि विपक्ष के नेता उनकी यात्रा में शामिल हों। सो, मोटे तौर पर विपक्ष की तैयारियां भगवान भरोसे हैं और चुनाव का नैरेटिव भी हालातों पर निर्भर है। ऐसा लग रहा है कि उसे अपनी ओर से चुनाव का कोई नैरेटिव भी सेट नहीं करना है। उसे सिर्फ भाजपा के तय किए नैरेटिव पर प्रतिक्रिया देनी है। तभी यह जानना अहम है कि भाजपा ने क्या नैरेटिव सेट किया है या दो दिन के राष्ट्रीय अधिवेशन से देश के मतदाताओं और भाजपा के कार्यकर्ताओं को क्या संदेश दिया है। दो दिन के सम्मेलन का सार पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा द्वारा पेश किए गए प्रस्ताव और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के भाषण से मिलता है, जिसे कई पहलुओं से समझा जा सकता है।

पहला, राष्ट्रीय अधिवेशन में राममंदिर पर प्रस्ताव मंजूर किया गया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारिफ की गई। इस प्रस्ताव में कहा गया कि राममंदिर का निर्माण %भारत की आध्यात्मिक चेतना का पुनर्जागरण' है और यह %एक हजार साल के लिए राम राज्य की स्थापना का प्रस्थान बिंदु' है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि भाजपा के चुनाव अभियान में अयोध्या के श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के उद्घाटन और रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम का क्या महत्व है। यह सिर्फ एक मंदिर का मामला नहीं है। भाजपा ने इसे हिंदू पुनरूत्थान से जोड़ा है, जिसका प्रतीक चेहरा नरेंद्र मोदी हैं। अयोध्या का मामला या यह नैरेटिव सिर्फ अयोध्या तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका विस्तार व्यापक है। अयोध्या के बाद प्रधानमंत्री ने मां कामाख्या कॉरिडोर का शिलान्यास किया, अबु धाबी में पहले हिंदू मंदिर का उद्घाटन किया और कल्कि धाम मंदिर का शिलान्यास भी किया। पिछले दो महीने के घटनाक्रम का संदेश दूर तक जा रहा है। भाजपा नेता भले हिंदू पुनर्जागरण, पुनरुत्थान या राम राज्य कह रहे हैं, लेकिन व्यापक हिंदू समाज इसे हिंदू राष्ट्र सुन रहा है। उसको लग रहा है कि एक हजार साल के हिंदू राष्ट्र की बुनियाद पड़ रही है और नरेंद्र मोदी इसका माध्यम बन रहे हैं।

दूसरा, इतिहास की ग्रंथियों का मुद्दा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने भाषण में कहा कि दशकों से जो काम लंबित थे वो काम उनके कार्यकाल में पूरे हुए हैं। उन्होंने अयोध्या में राममंदिर निर्माण से लेकर जम्मू कश्मीर में अनुच्छेद 370 खत्म करने, नागरिकता कानून में संशोधन करने, नया संसद भवन बनाने, तीन तलाक पर कानून बनाने, राजपथ को कर्तव्य पथ करने आदि का जिक्र किया। इन्हें सिर्फ सरकार की उपलब्धियों का बखान मानने की गलती नहीं करना चाहिए। ये मुद्दे सामान्य उपलब्धियों की तरह पेश भी नहीं किए गए हैं। ये सब या तो धर्म से जुड़े हैं या राष्ट्रवाद से जुड़े हैं। इनके जरिए भी भाजपा ने हिंदुत्व और राष्ट्रवाद की मजबूती का नैरेटिव बनाया है। राममंदिर, नागरिकता कानून, तीन तलाक पर कानून तो सीधे तौर पर धर्म से जुड़े मुद्दे हैं। तो नए संसद भवन का निर्माण गुलामी की मानसिकता से मुक्त होने के नैरेटिव का हिस्सा है, जिसके साथ और भी कई चीजें जुड़ी हैं, जैसे अंग्रेजों के जमाने के कानूनों को बदलना।

तीसरा, अनुच्छेद 370 खत्म करने के फैसले को अब जाकर राजनीतिक विमर्श का हिस्सा बनाया गया है। सरकार ने अगस्त 2019 में अनुच्छेद 370 खत्म करने, जम्मू कश्मीर का विभाजन करने और उसे केंद्र शासित प्रदेश बनाने का फैसला किया था। उसके बाद से इस पर लगभग खामोशी थी। उलटे यह सवाल उठ रहा था कि अनुच्छेद 370 खत्म करने के बाद जम्मू कश्मीर में क्या बदला है? क्या कश्मीरी पंडितों का पुनर्वास हो रहा है? इस मसले पर करीब साढ़े चार साल की चुप्पी के बाद अब यह बड़ा चुनावी मुद्दा बन रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने इसके भावनात्मक इस्तेमाल का रोडमैप बनाया है। उन्होंने अनुच्छेद 370 को लोकसभा की 370 सीटों से जोड़ दिया है। वे कह रहे हैं कि उनकी सरकार ने अनुच्छेद 370 हटाया तो देश के लोग भाजपा को 370 सीटों का टीका देंगे। ध्यान रहे प्रधानमंत्री मोदी भले अपने मुंह से नहीं कहें लेकिन उनकी पार्टी ने यह नैरेटिव बनाया है कि कश्मीर को आजादी 2019 में मिली है और तभी वह भारत का हिस्सा बना है। याद करें भाजपा के पुराने नारे को- जहां हुए बलिदान मुखर्जी वह कश्मीर हमारा है। भाजपा ने यह स्थापित किया है कि कश्मीर पहले हमारा नहीं था। वह 2019 में हमारा हुआ और इसलिए श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान को याद करते हुए देश के लोगों को 370 सीटें भाजपा को देनी चाहिए। इसके जरिए 370 सीट और 50 फीसदी से ज्यादा वोट का लक्ष्य तय हुआ।

चौथा, विपक्ष को देश विरोधी, भ्रष्ट और परिवारवादी बताने के पुराने नैरेटिव को फिर से राष्ट्रीय अधिवेशन में जोर-शोर से उठाया गया और देश भर से आए करीब साढ़े 11 हजार पार्टी पदाधिकारियों और नेताओं को इसे जनता के बीच ले जाने का संदेश दिया गया। प्रधानमंत्री ने स्वंय कांग्रेस पर हमले की कमान संभाली और कहा कि कांग्रेस ने हमेशा देश का विरोध किया है। सेना की उपलब्धियों पर सवाल उठाए हैं। राफेल की खरीद तक में रोड़ अटकाए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस देश को बांटने और समाज को तोडने़ वाली पार्टी है। उन्होंने सीधे तौर पर उत्तर और दक्षिण के विभाजन के नैरेटिव या जाति गणना के मुद्दे को नहीं उठाया लेकिन कांग्रेस को तोडने़ और बांटने वाली पार्टी बता कर उसकी ओर इशारा किया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि विपक्ष में सभी परिवारवादी पार्टियां हैं। उन्होंने साथ ही कहा कि मोदी के तीसरे कार्यकाल में परिवारवादी पार्टियों का अंत हो जाएगा। यह अपने आप में बहुत मजबूत नैरेटिव है, जिसे प्रधानमंत्री मोदी ने इन शब्दों में आगे बढ़ाया कि %कांग्रेस सिर्फ एक परिवार के लिए है'।

पांचवां और सबसे बड़ा संदेश मोदी के नेतृत्व, देश के लिए उनकी अनिवार्यता और सत्ता में लौटने की अवश्यंभाविता का है। दो दिन के अधिवेशन में पूरी पार्टी ने मिल कर यह स्थापित किया कि मोदी इकलौते नेता हैं और भाजपा में या भाजपा से बाहर कोई भी नेता उनके मुकाबले का नहीं है। वे सर्वोच्च हैं और सर्वमान्य हैं। मोदी ने खुद अनेक बार अपना नाम लिया, जो हैरान करने वाला था। मनोवैज्ञानिक इसे आत्मविश्वास की कमी बताते हैं तो विपक्ष अति आत्मविश्वास और कुछ हद तक अहंकार मान रहा है। फिर यह बताया गया कि वे देश के लिए क्यों अनिवार्य हैं। यह बताने का प्रयास तो बहुत पहले से चल रहा था लेकिन दो दिन के सम्मेलन में कई तरह से यह बताया गया कि देश अपना पुराना गौरव हासिल करने की ओर बढ़ रहा है तो वह सिर्फ मोदी के कारण हो रहा है। वे हिंदू गौरव लौटाने के लिए काम कर रहे हैं। भारत को फिर से महान बनाने के लिए काम कर रहे हैं और दुनिया भी मानने लगी है कि भारत महानता की ओर बढ़ चला है। इसी के साथ उनकी सत्ता में वापसी की अवश्यंभाविता का नैरेटिव भी बनाया गया।

# पाकिस्तान में उथल-पुथल, भारत रहे चौकस

**आर.के. सिन्हा**



> पाकिस्तान, जिसकी नियति ही हो गई है हमेशा संकट में रहना द्ध अब तो वह अराजकता की चपेट में है और भारी मुश्किल की स्थिति में दिखाई दे रहा है। हालांकि लंबी कवायद के बाद पाकिस्तान मुस्लिम लीग ( नवाज) और पाकिस्तान पीपल्स पार्टी ने देश में मिल कर सरकार बनाने का फैसला कर लिया है। फिलहाल राजनीतिक विश्लेषकों, पत्रकारों और आमजन को कुछ समझ नहीं आ रहा कि देश किस दिशा में जा रहा है।

पाकिस्तान में बीती 8 फरवरी को हुए आम चुनाव के बाद देश में जो एक राजनीतिक स्थिरता की उम्मीद थी, वह फिलहाल तो पूरी तरह खत्म हो गई हैं। पाकिस्तान, जिसकी नियति ही हो गई है हमेशा संकट में रहना द्ध अब तो वह अराजकता की चपेट में है और भारी मुश्किल की स्थिति में दिखाई दे रहा है। हालांकि लंबी कवायद के बाद पाकिस्तान मुस्लिम लीग ( नवाज) और पाकिस्तान पीपल्स पार्टी ने देश में मिल कर सरकार बनाने का फैसला कर लिया है। फिलहाल राजनीतिक विश्लेषकों, पत्रकारों और आमजन को कुछ समझ नहीं आ रहा कि देश किस दिशा में जा रहा है। हर कोई अनभिज्ञ सा ही दिख रहा है। चुनाव के नतीजों ने पाकिस्तानी सेना के मोटी तोंद वाले जनरलों को उनकी औकात दिखा दी है। उनके लाख चाहने के बावजूद नवाज शरीफ की मुस्लिम लीग को जनता ने बहुमत नहीं दिया। नवाज शरीफ लंदन से इसी उम्मीद में पाकिस्तान वापस आए थे कि उन्हें फिर से पाकिस्तान का प्रधानमंत्री बनने का मौका मिल जाएगा। जाहिर है,पाकिस्तानी अवाम चुनाव नतीजों से हताश और अवाक है। चुनावों के नतीजों में कसकर धांधली हुई है। जनता को अब देश में राजनीतिक स्थिरता की कोई उम्मीद भी नहीं है। अफसोस देखिए कि जिन्हें जनता ने नकारा वे ही सरकार बनाने जा रहे हैं। दरअसल चुनाव में खंडित जनादेश आने के बाद एक के बाद एक वहां विवादों को ही जन्म मिला। खासकर चुनाव में अनियमितताओं के व्यापक आरोपों के कारण। मतदान में धोखाधड़ी के खिलाफ देशभर में विरोध प्रदर्शन जारी है और बलूचिस्तान का जनजीवन लगभग ठप पड़ा हुआ है। वहां पर चुनाव से पहले धमाकों की झड़ी सी लग गई थी। इसके साथ ही, रावलपिंडी के चुनाव आयुक्त ने चुनावों में धांधली के गंभीर आरोप लगाए हैं। इसके बाद तो चुनाव की विश्वसनीयता पर और सवाल खड़े हो गए हैं। इमरान खान की पार्टी च्पीटीआईज्ज् नेशनल असेंबली में सबसे बड़ी पार्टी बनी। मतलब यह है कि जिस इमरान खान को एक के बाद एक गंभीर आरोपों के लिए दोषी मानकर जेल की सजा सुनाई जा रही है, लेकिन पाकिस्तान की जनता तो उसके साथ खड़ी है।

पाकिस्तान में राजनीतिक अस्थिरता के कारण वहां की अर्थव्यवस्था भी धराशायी हो चुकी है, जिससे पाकिस्तान के भविष्य पर दूरगामी परिणाम होंगे। पाकिस्तान की ताजा निराशाजनक स्थिति के बीच एक खबर यह भी आई कि सिर्फ हमारे एक टाटा ग्रुप के सामने भी पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था बौनी पड़ गई है। टाटा ग्रुप का मार्केट कैपिटलाइजेशन 365 अरब डॉलर पहुंच गया है। यह पाकिस्तान के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) से भी कहीं ज्यादा है। पिछले साल टाटा ग्रुप की कई कंपनियों ने शानदार प्रदर्शन किया है। इसी के बाद ही ग्रुप ने यह उपलब्धि हासिल की है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के अनुमानों के अनुसार, पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था का आकार करीब 341 अरब डॉलर का है। टाटा ग्रुप की एक कम्पनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) की वैल्यू ही करीब 15 लाख करोड़ रुपये या 170 अरब डॉलर है। यह न केवल भारत की दूसरी सबसे बड़ी कंपनी है, बल्कि पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था के लगभग आधे आकार की भी है। अब आप समझ सकते हैं कि पाकिस्तान की आर्थिक स्थिति कितनी खराब हो चुकी है। कंगाली से गुजर रही पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था इस समय गंभीर आर्थिक संकट का सामना कर रही है। पिछले साल आई बाढ़ ने पाकिस्तान को व्यापक स्तर पर नुकसान पहुंचाया है। यह नुकसान भी अरबों डॉलर में है। इससे देश के लाखों लोग दाने-दाने को मोहताज हो गए हैं। इसके अलावा पाकिस्तान 125 अरब डॉलर के विदेशी कर्ज के बोझ से दबा हुआ है। मतलब यह है कि पाकिस्तान में राजनीतिक और आर्थिक हालात डरावने बन चुके हैं। पाकिस्तान को लेकर बाकी दुनिया की राय भी कोई अच्छी नहीं है। पाकिस्तान में कानून और व्यवस्था के मामले में छवि ठीक नहीं है और इसे कारोबार के लिए सही जगह नहीं माना जाता। पाकिस्तान में निवेश के लिए कहीं के निवेशक आगे नहीं आते। निवेशक तो उसी देश में जाते हैं, जहां पर बिजनेस का माहौल सही होता है। कोई निवेशक अपना पैसा बर्बाद करने के लिए तो कहीं नहीं जाता है न ? निवेशक अपने निवेश पर बेहतर रिटर्न की उम्मीद रखता है। इसमें कोई बुराई भी नहीं है। उसे पाकिस्तान में किसी तरह के संभावना नजर नहीं आती। जाहिर है, इसलिए पाकिस्तान का विदेशी निवेशक रुख ही नहीं करते। आप समझ लें कि किसी भी देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती विदेशी निवेश या विदेशी पर्यटकों के आने से ही होती है। तब ही तो किसी देश का विदेशी मुद्रा का भंडार बढ़ने लगता है। पर पाकिस्तान में तो पर्यटन सेक्टर तक घुटनों पर आ चुका है। दुनिया के 140 देशों में पर्यटन को लेकर जारी ट्रैवेल एंड टूरिज्म कंम्पटेटिवनेस इंडेक्स में आज पाकिस्तान 121वें पायदान पर खड़ा है। इस रिपोर्ट के आने के बाद पाकिस्तानी हुक्मरानों की नींद उड़ जानी चाहिए। आतंकवाद की खेती करने वाले पाकिस्तान के हुक्मरानों को समझना होगा कि वे विदेशी पर्यटकों को देश में आने के लिए कैसे आकर्षित करें।

# खराब न होने दें अपनी माटी का स्वास्थ्य

**अरुण कुमार दीक्षित**

हम सबके जीवन में माटी का बड़ा महत्व है। चाहे हम भारत में हों या दुनिया के किसी भी देश में हों, बात जब माटी की होगी तब भारत का ही नाम लेते हैं। अपनी माटी अपनी ही है। हमारे लोकजीवन में बार-बार माटी की बात होती है। कथित आधुनिक सोच ने मिट्टी को डस्ट और एलर्जी वाली वस्तु बताना काफी पहले शुरू किया। इससे माटी के प्रति हमारी अवधारणा भी बहुत हद तक प्रभावित हुई है। पहले घर भी माटी के होते थे। आज भी गांवों में माटी के बहुत सारे घर हैं। यह और बात है कि आर्थिक-सामाजिक परिवर्तन के कारण अब पक्के घर अधिक दिखाई देते हैं। माटी के घरों की पुताई माटी से ही होती थी। नीचे माटी, ऊपर माटी, सब तरफ माटी ही प्रयोग होती रही है। घर में गृहस्थी के नाम पर सबसे अधिक माटी के बर्तन होते थे, जिन्हें हम गगरी, घड़ा ,कलश, मटका,सुराही आदि नाम से जानते हैं। अब गांव और नगर दोनों में सुराही के पानी पर चर्चा होती है। अपने गांव में कुम्हार परिवार माटी के खिलौने, गगरी, कलश, सुराही, मटका, मटकी, दीया, दियाली के अलावा विभिन्न प्रकार माटी के उत्पादों को बनाते थे। अब परम्परा टूट गई। कुम्हार परिवारों के सामने रोजी-रोटी का संकट है। वे उपेक्षा का शिकार हैं।



गांव में भी प्लास्टिक की टोंटी वाली बाल्टी पहुंच गई है, जिसे वाटर बैग कहते हैं। माटी के सोंधेपन से हम गांववासी सीधे जुड़े हैं। कोई एक गिलास सुराही, घड़े का पानी पिला दे तो लगता है कि हम अपना बचपन वाला पानी पी रहे हैं। जिन लोगों को माटी के कुएं ,ईंट से बने कुओं का पानी पीने का सौभाग्य मिला, वही उसकी तासीर को आत्मसात कर सकते हैं । मांगलिक कार्यक्रमों विवाह, तिलकोत्सव, (फलदान ) मुंडन ,छेदन,उपनयन संस्कार में माटी के बर्तन ही प्रयुक्त प्रयोग होते थे। मांड़ौ (मंडप) के नीचे कलश माटी का ही जल भरकर रखा जाता है। रंग-बिरंगे अक्षत लगाए जाते हैं । उसकी सतरंगी छटा हम सबने देखी है । हमें याद है, अस्सी के दशक तक मांगलिक कार्यक्रम में रसगुल्ला, जलेबी, बर्फी और कुल्फी माटी की ही तश्तरियों में ही अतिथियों को परोसी जाती थीं। पानी पीने के लिए दिए जाने वाले पात्र को लोग हुंडा कहते हैं । लोकभाषा में इसे कुज्जा भी कहा जाता है। तब की स्थिति में उसे हम सब तालाब से आई माटी ही जानते थे। कुम्हार तालाब से माटी लाते। माटी को कूटते। पीसते। पानी डालकर चाक पर बर्तन बनाते। आवां में बर्तन पकाकर प्रयोग के लिए तैयार करते। यही बर्तन लोगों को प्रयोग के लिए देते थे। माटी के बर्तन प्रयोग के बाद फिर वापस माटी में मिल जाते। यह प्राकृतिक समन्वय था । इस पर मीटिंग और बैठकों के प्रस्ताव नहीं होते थे। हमारे कवि मनीषियों ने बताया है कि हमारा शरीर भी माटी है । कुछ भी कर लो। लगा लो और महका लो चमेली से, जूही से, गुलाब से, पारिजात से, मगर माटी को माटी ही होना है । इसे कबीर दास ने कागद कहा। यहु संसार कागद की पुड़िया बूंद परे घुलि जाना है। अब हम अति शहरी जीवन की ओर तेजी से बढ़ रहे हैं । कुम्हारों का भारी नुकसान हुआ है । उन्हें प्रजापति भी कहा जाता है। हो सकता है वह प्रजापति। दक्ष प्रजापति के वंशज हों। माटी के बर्तनों का काम आदिकाल से करते हैं । पूरी दुनिया के वैज्ञानिक मृद्भांडों से सभ्यताओं और संस्कृतियों के निष्कर्ष निकालते हैं। सिंधु घाटी और मोहनजोदड़ो में यही जांचा । राखीगढ़ी और धोलावीरा को जांचा। खुदाई से प्राप्त रथों को भी जांचा। मतलब साफ है, माटी हमारे आदि-अनादि के प्रमाण दे रही है। मगर आधुनिक वैज्ञानिकों ने प्लॉस्टिक की बोतल बनाई । पहले बड़ी और अब छोटी भी उपलब्ध है। एक बड़ा हिस्सा हमारे जीवन में प्लॉस्टिक का है। वह हमें प्रतिपल प्रभावित कर रही है। हम जिस पेन से लिख रहे हैं, इसका का भी 98 प्रतिशत भाग प्लॉस्टिक का ही है। प्लॉस्टिक ने हमें माटी से दूर किया। परंपरा को प्लास्टिक ने नष्ट किया। कुम्हारों का व्यवसाय तहस-नहस किया । सामग्री रखने के लिए आधुनिक डिब्बे हैं। कुछ डिब्बे खुलने के और बंद होने की मशीनों से युक्त हैं। मगर माटी से तो पृथक ही किया प्लॉस्टिक ने । आज हमारे कुम्हार परिवार अपनी महान परंपरा से बाहर हैं। अन्य व्यवसाय करने के लिए विवश हैं। सरकारों ने मिट्टी के लिए कुछ कुम्हारों को भूमि का पट्टा भी दिया है। मगर कुम्हारों का मिट्टी के बर्तन बनाने से पलायन नहीं रोक पाए। इससे रासायनिक कचरे को बढ़ने का संबल मिला। हालात यह है कि रासायनिक कचरे नदियों और समुद्र के जल में घुल रहे हैं । जब तक हम प्लास्टिक प्रदूषण और स्टील के बर्तनों के प्रदूषण को शरीर में पहुंचाते रहेंगे, शरीर रुग्ण रहेंगे। बीमारियां बढ़ती रहेंगी। लाखों रुपये इलाज पर खर्च होते रहेंगे। हालात यह है कि माटी का स्वास्थ्य खराब हो रहा है। जिस तरह से हमारे अंदर प्राण है, उसी तरह से धरती में प्राणवायु है। पृथ्वी में एक विशेष गंध है। उसे सगंधा कहा गया है। वह गंध अनेक जहरीले रसायनों से खराब हुई है। खेती करने की परंपरा को काफी पहले खाद से हटाकर वैज्ञानिकों ने किसानों को उर्वरकों की ओर ध्यान आकर्षित कराया था। फिर फसलों को कीट-पतंगों से बचाने के लिए रसायनों के छिड़काव के परामर्श आकाशवाणी और अन्य समाचार माध्यमों से प्रसारित किए गए। अब कृषि वैज्ञानिक ही कह रहे हैं कि रसायनों के प्रयोग से बचें। हम कह सकते हैं कि भारत की आदिकालीन कृषि परंपरा में रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों की दखल कराकर क्षेत्र को भारी नुकसान पहुंचाया गया है । इसकी भरपाई हाल-फिलहाल होती नहीं दिख रही है। प्राचीन साहित्य में खेती की विशद चर्चा है। हमारे ऋषियों ने कहा कि जरा भी असावधानी कृषि और पशुओं को नष्ट कर देती है। जीवन का आधारभूत तत्व पृथ्वी है। इसी पर सारे प्राणी जन्म लेते हैं। पृथ्वी ही सबको धारण करती है। इसी से उसका नाम धरा है। पृथ्वी ही सभी प्राणियों वनस्पतियों का मधु है। सभी प्राणी इस पृथ्वी के सारतत्व हैं। भूमि पर ही ऐश्वर्य है। भूमि पर ही सारे भोग हैं। यही हमारी संस्कृति है। पृथ्वी ही हमारी सीता है। पृथ्वी के अपने विविध रंग हैं। कहीं वह काली है, कहीं भूरी है तो कहीं लाल। कहीं कंकड़ीली है।

● स्पष्ट आवाज में प्रकाशन हेतु आपके पत्र और विचार आमंत्रित हैं जो के आप इस पते पर भेज सकते हैं- सम्पादक, स्पष्ट आवाज, 47/1 क्ले स्क्वायर, कबीर मार्ग लखनऊ- 226001 ईमेल- spawaz2010@gmail.com इस पृष्ठ पर प्रकाशित लेखों में लेखकों के विचार अपने हैं। ●

# दारु पार्टी के बाद दोस्त की हत्या, नहर में फेंका शव

●मंगलवार की शाम लापता हुआ कक्षा नौ का छात्र
●पिता की शिकायत पर दोस्त को उठाया,सीसीटीवी ने जोड़ी कड़ी
●मौके पर पहुँचे एएसपी, शव की तलाश जारी


मृतक की फाइल फोटो


नहर में शव को तलाशती एनडीआरएफटीम

**महमूदाबाद-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)।** कोतवाली इलाके में छात्रों की आपसी खुन्नस ने किशोरों की जरायम की राह पर ढकेल दिया। मनमुटाव इस कदर हावी हुआ कि दोस्त अपने ही साथी के खून के प्यासे हो गये। मंगलवार की शाम दवा लेने घर से निकले कक्षा नौ के छात्र को साथियों ने पहले नहर किनारे शराब पिलाई फिर सर पर पत्थर से वार किया गला घोंटा और नहर में फेंक दिया। समाचार लिखे जाने तक एनडीआरएफ की टीम शव की तलाश में जुटी थी कि लापता छात्र मामले में कड़ियां जुड़ने के बाद एएसपी डॉ. प्रवीण रंजन सिंह, सीओ दिनेश शुक्ला ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया है। बताते चलें कि रामपुर कला इलाके के ग्राम लखवापुर निवासी सुनील कुमार पुत्र भारत प्रसाद पेशे से सहायक अध्यापक हैं। वर्तमान समय में वह परिवार के साथ महमूदाबाद इलाके में मोतीपुर चौराहे पर किराए के आवास में रहते हैं। सुनील के मुताबिक मंगलवार की शाम उनका बेटा सुधाकर उम्र 15 वर्ष दवा लेने की बात कह तक घर से निकला था। लौट कर नहीं आया तो सुनील ने रिश्तेदारी व बेटे के दोस्तों के पास सुधाकर की तलाश की, लेकिन उन्हें कोई सफलता हाथ नहीं लगी। तलाश के दौरान ही उन्हें यह जानकारी हुई कि उनके बेटे सुधाकर का उसी के विद्यालय के कक्षा ग्यारह के छात्र शशांक पुत्र पप्पू वर्मा से कुछ विवाद हो गया था। आशंका प्रबल हुई तो सुनील कोतवाली पहुंचे और पुलिस को दास्तां सुनाई। मसला गंभीर था लिहाजा इलाकाई पुलिस हरकत में आई। नामजद दोस्त को हिरासत में लेकर इलाके के सीसीटीवी कैमरे खंगाले। कड़ियां जुड़ी तो हिरासत में लिए गए दोस्त से सख्ती से पूछताछ हुई। हकीकत चौकानें वाली थी। शशांक ने अपने साथी आकाश के साथ मिलकर सुधाकर को मौत घाट उतार दिया था। पुलिस सूत्रों की माने तो शशांक ने अपने साथी आकाश के साथ मिलकर नहर किनारे पहले सुधाकर को शराब पिलाई और फिर हत्या कर उसका शव नहर में फेंक दिया है। इलाके के कई सीसीटीवी कैमरों में शशांक, सुधाकर व आकाश की तस्वीरें भी कैद हुई है। मामले के खुलासे के बाद महकमें के उच्चाधिकारी मौके पर पहुंचे। समाचार लिखे जाने तक शव की तलाश जारी थी। बताया जा रहा है कि मुख्य आरोपी शशांक के पिता बाराबंकी के रहिलामऊ ग्राम पंचायत से प्रधान निर्वाचित है।

## नशें और अराजकता का 4152

**महमूदाबाद-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)।** महमूदाबाद का नवयुवक इन दिनों 4152 के फेर में फंसा है। महमूदाबाद के युवाओं में सोशल मीडिया से लेकर सड़क तक इस चर्चित गैंग के मनबढ़ों का क्रेज है। बताया जा रहा है कि इलाके के एक हिस्ट्रीशीटर का बेटा इस ग्रुप का सरगना है। नशे में धुत इस गिरोह के सदस्य आये दिन कस्बे से लेकर उसके सटे इलाकों में स्टंटबाजी करते और छोटे-छोटे विवादों में वर्चस्व दिखाते हैं। इस मामले में भी मृतक और आरोपी 4152 गैंग के सदस्य है। दावा यह भी किया जा रहा है कि इस गैंग का सरग़ना नवयुवकों को स्मैक व मादक पदार्थों की लत भी लगा रहा है।

## वर्चस्व की लड़ाई या आशनाई!

**महमूदाबाद-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)।** इलाके के 4152 ग्रुप में वर्चस्व की लड़ाई और आशनाई को सुधाकर की हत्या का कारण माना जा रहा है। एक ही विद्यालय में पढ़ने वाले सुधाकर और शशांक इलाके में चर्चित इस सोशल मीडिया ग्रुप के जरिए संपर्क में आए और घनिष्ठ मित्र हो गए। बताया जा रहा है कि इस बीच पिछले लगभग 8 माह से दोनों के बीच आपसी मनमुटाव के चलते कुछ दूरियां भी आई थी। ग्रुप में वर्चस्व की जंग और आशनाई को इन दूरियों का कारण भी बताया जा रहा था।

## सुधाकर के परिवार में मचा कोहराम

**महमूदाबाद-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)।** शिक्षक पिता सुनील सिंह यादव करीब दस वर्षों से कस्बे के मोतीपुर चौराहे पर किराए पर सपरिवार रहते हैं। जिनमें पत्नी आशा देवी गृहणी है। बेटा अनुज कुमार लखनऊ में बी फार्मेसी की पढ़ाई कर रहा हैं। दो बेटी प्रियांशी यादव व अनामिका यादव कस्बे के एक निजी कॉलेज मे पढ़ाई कर रही हैं। घटना के बाद से परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

## घटना स्थल से मिली शराब की बोतल व चाट के पत्ते

**महमूदाबाद-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)।** मंगलवार को अचानक लापता हुए छात्र के मामले में जब पुलिस की तफ्तीश आगे बढ़ी तों कई चौकाने वाले मामले सामने आए। पिता के द्वारा दी गई तहरीर में नामज़द बेटे के दोस्त शशांक से पुलिस ने जब कड़ाई से पूछताछ की तों शशांक टूट गया और उसने सुधाकर की हत्या कर शव बड्डूपुर थाना क्षेत्र के ग्राम रमपुरवा के सामने नहर में फेंकने की बात स्वीकार कर ली। आरोपी की निशानदेही पर सीओ दिनेश शुक्ला, कोतवाल अनिल सिंह, बड्डूपुर कोतवाल ज्योति वर्मा, एनडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस को वहां मास्क, चाट के खाली पत्ते, पानी की खाली बोतल सहित कई अन्य सामग्री मौके पर मिली।

गायब छात्र के दोस्तों को हिरासत में लेकर पूछतांछ की जा रही है। छात्र का शव नहर में फेंकने की बात पूछताछ के दौरान सामने आई है। पीएसी गोताखोरों की मदद से नहर में शव की तलाश की जा रही है।

**दिनेश शुक्ल सीओ महमूदाबाद।**

# युवक के हाथ में खून से सना बांका देख पुलिस कर्मियों में मचा हड़कंप

●बुजुर्ग पिता का सिर धड़ से अलग कर कोतवाली पहुंचा कातिल बेटा
●दिवंगत माता की तेरहवीं पर दिया जघन्य खूनी वारदात को अंजाम
●कातिल बेटे को शक था कि आधी संपत्ति बहन के नाम कर सकता है पिता



**महमूदाबाद-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)।** कोतवाली प्रांगण में गुरूवार की सुबह मौजूद पुलिस कर्मियों में उस समय अचानक हड़कंप मच गया जब बदहवास हालत में एक युवक खून से सना बांका लेकर आ धमका। युवक ने स्वीकार किया कि उसने इसी बांके से अपने बुजुर्ग पिता का सिर धड़ से अलग कर मौत के घाट उतार दिया है। उसकी माता की आज तेरहवीं है। उसे शक था कि उसका पिता अपनी आधी संपत्ति उसकी इकलौती बहन के नाम कर सकता है। इसी शक के चलते उसने अपने पिता को ठिकाने लगा दिया है। युवक के मुँह से इतना सुनते ही पुलिस कर्मियों के होश उड़ गये। आनन-फानन में कातिल बेटे को पुलिस ने हिरासत में ले लिया और मौके पर फॉरेंसिक टीम के साथ पहुंच कर मामले की पड़ताल शुरू कर दी। बताते चले कि गुरुवार की सुबह करीब नौ बजे महमूदाबाद कोतवाली क्षेत्र के सायपुर चंदनपुर निवासी अवधराम उम्र 65 वर्ष पुत्र नत्था खेत की ओर शौच के लिए गया था। काफी देर बाद भी नत्था के न लौटने पर परिजन उसकी तलाश करने लगे। तभी चंदनपुर से सहरी घाट जाने वाले खड़ंजा मार्ग पर खून से सना अवधराम का शव पड़ा होने की सूचना मिली, जिससे गांव व आस-पास के लोगों में हड़कम्प मच गया। सूचना पाकर महमूदाबाद सीओ दिनेश शुक्ल, कोतवाल अनिल सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। सीओ ने बताया कि मृतक अवधराम को उसके कलयुगी बेटे रामसंजीवन ने धारदार हथियार से मौत के घाट उतार दिया है। कलयुगी बेटे को आशंका थी कि कहीं वह अपने नाम की 18 बीघे भूमि इकलौती बहन नीतू पत्नी संदीप के नाम न कर दें। इसी आशंका को लेकर रामसंजीवन ने अपने पिता अवधराम को बेरहमी से मौत के घाट उतार दिया। कत्ल करने के बाद कातिल बेटा हाथ में खून से सना बांका लेकर सड़क से होता हुआ कोतवाली पहुंचा। रास्ते में तमाम लोगों ने भी बांका के साथ जा रहे युवक को देखा। पुलिस ने कोतवाली पहुंचते ही युवक को हिरासत में ले लिया और फॉरेंसिक टीम के साथ घटना स्थल पहुंच कर साक्ष्य संकलन करना शुरू कर दिया। घटना स्थल पर पहुंचे अपर पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रवीण रंजन सिंह ने बताया कि मृतक की बेटी नीतू ने तहरीर देकर अपने भाई रामसंजीवन व उसकी पत्नी अनीता देवी को नामजद किया है। सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर जांच की जा रही है।

## जिसको उंगली पकड़ कर चलना सिखाया उसी ने किया कत्ल

**महमूदाबाद-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)।** पैसठ वर्षीय बुजुर्ग अवधराम ने कभी सपने में भी नहीं सोचा होगा कि उन्होंने जवानी के दिनों में अपने जिस इकलौते बेटे को उंगली पकड़ कर चलना सिखाया वहीं बेटा एक दिन उनका सिर धड़ से काट कर अलग कर देगा। खेत के सामने ही बेरहम बेटे ने अवधराम का कत्ल कर जमीन को लाल कर दिया। मृतक अवधराम मेहनत से खेती बाड़ी कर अपने परिवार की जीविका चलाता था। ग्रामीणों की माने तो 18 बीघा जमीन में नौ बीघे जमीन पर अवध राम खुद मेहनत कर फसल पैदा करता था तथा नौ बीघा उसने अपने इकलौते बेटे रामसंजीवन को दे रखी थी। काफी लंबे अरसे से रामसंजीवन अपने पिता अवधराम से अलग रह रहा था।

# तीन वर्ष बाद भी नहीं चालू हुआ सामुदायिक शौचालय

●जमीनी हकीकत नहीं देख रहे ब्लाक के जिम्मेदार अधिकारी
●चुनावी वर्ष, कहीं विपरीत असर न डाल दें विकास के मुद्दे



**इमलिया सुल्तानपुर-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)।** ब्लाक मुख्यालय पर मलाई खाने वाले जिम्मेदार गाँव की हकीकत देखना उचित नहीं समझ रहे हैं। जिसके चलते तीन वर्ष बीतने के बाद भी डबल इंजन सरकार की महत्वाकांक्षी योजना आम ग्रामीणों को चिढ़ा रही हैं। कहीं ब्लाक के जिम्मेदारों की यह लापरवाही सानिकट चुनाव में मुद्दा न बन जाये और सत्तारूढ़ दल को इसका नुकसान उठाना पड़ जाये। ऐलिया विकास खण्ड की ग्राम पंचायतों में शासन की स्वच्छ भारत अभियान की महत्वपूर्ण योजना अन्तर्गत वर्ष 2020-21 में सामुदायिक शौंचालय प्रत्येक ग्राम पंचायत में बनने थे। शौंचालय का उद्देश्य खुले में शौंच मुक्त भारत बनाने का था। ऐलिया विकास खण्ड के अधिकतर गाँव में बने सामुदायिक शौंचालय कुछ दिन क्रियाशील होने के बाद बन्द हो गये हैं। तो कुछ ग्राम पंचायतों में अभी तक क्रियाशील भी नही हो पाये हैं। जिसका जीता जागता उदाहरण ऐलिया विकास खण्ड की ग्राम पंचायत तिहार में अर्धनिर्मित सामुदायिक शौंचालय है। ग्रामीणों के अनुसार दिखावे के लिये शौंचालय निर्माण तो हुआ है। परन्तु अर्ध निर्माण कराकर ग्राम पंचायत ने अपना ताला डलवा दिया। अन्दर क्या बना है किसी ने देखा नहीं। पश्चिम द्वार में लगे ताले में जंक लग चुकी है। शौचालय के टैंक बनवाये नहीं गये। घास फूस दरवाजा न खुलने की गवाह बनी हुई है। तो दूसरे भाग के दरवाजे का चबूतरा टूटा पड़ा है। दीवाल का प्लास्टर टूट रहा है। पानी सप्लाई लाइन टूटी पड़ी है। पानी सप्लाई हेतु बना हैण्डपम्प शोपीश बन्द पड़ा है। यूं तो वॉल पेन्टिंग कर केयर टेकर अंजुमन महिला स्वंय सहायता समूह को हस्तांतरण किया जाना दर्शा रहा है। मामले को लेकर ग्राम पंचायत तिहार में तैनात सचिव नवल किशोर का कहना है। कि शौंचालय के अन्दर सीट नहीं थी। शौंचालय डैमेज स्थित में था। जिसकी मरम्मत करायी गयी है। शौंचालय का अनुबंध नहीं हो सका है। जल्द ही केयर टेकर अनुबंध कराकर शौंचालय चालू करा दिया जायेगा। सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) ऐलिया रमेश चन्द्र मिश्रा ने बताया कि परसों जांच कर लूंगा। आप भी साथ में चलना। कमी पाये जाने पर कार्यवाही की संस्तुति करूंगा।

## तो क्या मरम्मत के नाम पर हो गया घोटाला

**इमलिया सुल्तानपुर-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)।** तिहार में बना सामुदायिक शौंचालय तीन वर्ष बीतने के बाद भी क्रियाशील नहीं हो सका है। सचिव भी इस बात को स्वीकार कर रहा है। इससे प्रतीत होता है कि पूर्व में विकास निधि का दुरूपयोग कर शासकीय धनराशि का बन्दर बांट हुआ था। वहीं मौजूदा समय मरम्मत कराने व सीट लगवाने की बात स्वंय सचिव नवल किशोर बता रहा है। परन्तु मौके पर कुछ भी नया कार्य नहीं दिख रहा है। ऐसे में मरम्मत के नाम पर क्या शासकीय धनराशि का नये सिरे से बन्दर बांट हो गया। जो जांच का विषय है। अब देखना है कि इसी ग्राम पंचायत में मनरेगा से बनी नरहरियापुर गाँव स्थित विद्यालय बाउन्ड्री वॉल की तरह जांच अपनो को बचाते हुये हवा हवाई तो नहीं हो जायेगी। बताते चलें सितम्बर 2023 में पूरा भुगतान होने से पहले बाउन्ड्री वॉल धड़ाम हो गयी थी। स्पष्ट आवाज ने उक्त खबर प्रमुखता से प्रकाशित की थी। जांच सहायक विकास अधिकारी (पं) व अवर अभियन्ता को संयुक्त रूप से करना था। जांच हुई भी थी, लेकिन कार्यवाही की संस्तुति अब तक नहीं हो सकी है।

# गुदगुदाने लगी हवा में उड़ती सियासी अफवाहें!


राजस्थान सीएम के स्वागत में सजा मंच

●भाजपा टिकट से लेकर कांग्रेस उम्मीदवारी पर चर्चाएं शुरू
●सियासत के बड़े चेहरे की आहट सुनने लगे लोग

आशीष मिश्रा

**सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)।** लोकसभा चुनाव की हलचले तेज हो चुकी है। सपा-कांग्रेस के बीच हुए गठबंधन में सीतापुर की सीट कांग्रेस के खाते में पहुंची है, लिहाजा प्रत्याशी चयन को लेकर बाते शुरू हो गई है। हवा में उड़ती सियासी अफवाहों ने गुदगुदाना शुरू कर दिया है। नैमिषारण्य में सीएम के कार्यक्रम को आधार मान कर बेवजह की चर्चाएं फैलाने वाले लोग कुतर्कों की बहस करने लगे हैं। दिल्ली से लौटे सांसद राजेश वर्मा के टिकट पर उंगलियां उठा रहे तथाकथित सियासी जानकार शर्तों के साथ दावे करने को तैयार है, वहीं ऐसे लोग कांग्रेस के टिकट पर सियासत के बड़े चेहरे की आहट भी सुनने लगे हैं, चर्चा यह भी कर रहे हैं कि बनारस, बाराबंकी के साथ कांग्रेस ने सीतापुर की सीट इसलिए ली है कि वह यहां से प्रियंका गांधी को लड़ा सकते हैं। यह सब हवाहवाई दावे इन दिनों चर्चा में है। कांग्रेस सीट पर ब्राहम्ण समाज के एक बड़े नेता का भी नाम लिया जा रहा है, जिनका सीतापुर से कोई खास सरोकार नहीं रहा। सच यह भी है कि कांग्रेस का टिकट लेने के लिए राजा की जोर आजमाइश शुरू हो गई है। हर वक्त चुनावी मोड में रहने वाली भाजपा लोकसभा को हलवा मान रही है और इसके लिए उनके पास अपने जानदार तथ्य भी है। कार्यकर्ताओं की बड़ी फौज, योगी-मोदी की लोकप्रियता और पिछले दस वर्षों में हुए विकास कार्यों के पैमानों की सीढ़ी चढ़ कर भाजपा प्रत्याशी संसद तक पहुंचना चाह रहे हैं, जबकि कांग्रेस सीतापुर में अपने पुराने वजूद को तलाशने की कवायद करेगी। सच है कि पिछले कई दशको से लोकसभा चुनाव में कांग्रेस उम्मीदवारों की हालत बेहद पतली रही है, लेकिन इस बार गठबंधन धर्म के सहारे कांग्रेस के तीन रंग चटक बनना चाहेंगे। भाजपा चुनाव को लेकर बेहद सक्रिय है। यूपी ही नहीं गैर राज्यों के शीर्षस्थ नेताओं का दौरा शुरू हो चुका है। बदलते यूपी के विकास कार्यों के अलावा राष्ट्रवाद के बल पर भाजपा खुद को मजबूत मान रही है। अयोध्या में पांच सौ वर्ष बाद रामलला प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा ने समूचे देश के हिंदुओं में उत्साह का संचार किया है। भगवान राम के प्रति आस्था रखने वाले लोगों का बड़ा समूह भाजपा की ओर आकर्षित होता दिख रहा है। पीएम मोदी की लोकप्रियता भी लोगों के सिर चढ़ कर बोल रही है। अपने पक्ष में बने ऐसे माहौल के बाद भी भाजपा संगठन चुनाव की दृष्टि से तैयारियों में जुटा है। मतदाताओं को सरकार की उपलिब्धयां गिनाने के अलावा उन्हें किसी भी तरह अपने पक्ष में रखने के प्रयास हो रहे हैं। झूठी-सच्ची अफवाहों के बीच लोकसभा चुनाव की सरगर्मियां तेज हो चुकी है। लोक चटकारे लेकर चर्चाएं कर रहे हैं।

## राजस्थान सीएम के साथ भाजपाईयों का आज लगेगा जमावड़ा

**सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)।** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा शुक्रवार को सीतापुर आ रहे हैं। नैमिषारण्य के माँ ललिता दरबार में माथा टेकने के बाद वह सीतापुर में भाजपाई दिग्गजों के साथ लोकसभा चुनाव की रणनीति पर विचार विमर्श करेंगे। लोकसभा कलस्टर प्रवास बैठक में राजस्थान के सीएम सहित यूपी भाजपा के अहम चेहरे भाग लेंगे। जानकार सूत्रों की माने तो पांच लोकसभा क्षेत्रों के सांसद, विधायक, एमएलसी भी इस बैठक में मौजूद रहेंगे। पार्टी पदाधिकारियों और संगठन कार्यकर्ताओं के साथ भी बैठक होगी। खैराबाद में प्रबुद्धजन सम्मेलन भी होगा। पार्टी सूत्रों के मुताबिक शहर के नवीन चौक स्थित एक निजी गेस्ट हाउस में राजस्थान सीएम भजन लाल शर्मा के अलावा यूपी के सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर, प्रदेश महामंत्री एवं एमएलसी अनूप गुप्ता, सीतापुर के प्रभारी मंत्री मयंकेश्वरशरण सिंह, आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल के अलावा कई नामचीन नेता मौजूद रहेंगे। चुनाव कमेटी के साथ बैठक कर लोकसभा चुनाव में टिकट बंटवारे को लेकर भी मंथन होगा। भाजपा की लोकसभा कलस्टर प्रवास बैठक टिकटार्थियों के चयन को लेकर अहम मानी जा रही है।


लोकसभा चुनाव में सपा-कांग्रेस मिली तो होगा फायदा

सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। पूर्व सदर विधायक राकेश राठौर की कांग्रेस में वापसी सियासी लहजे से अहम मानी जा रही है। राजनैतिक जानकार राठौर के कांग्रेस में शामिल होने के निहितार्थ तलाश रहे है। जानकारों का कहना है कि राठौर का यह फैसला जल्दबाजी मे नही बल्कि सोंच-समझकर उठाया गया कदम है। सियासी भविष्य को संवारने के लिये मौके की तलाश कर रहे राठौर और उनके समर्थकों को समय के साथ कांग्रेस मजबूत दिख रही है। वजह यह है कि उत्तर प्रदेश में भाजपा के खिलाफ मजबूती से विपक्ष उतरना चाहेगा। हो यह भी सकता है कि लोकसभा चुनाव में सपा-कांग्रेस का गठबंधन हो जाये, यदि ऐसा हुआ तो कांग्रेस के पक्ष में कुछ सीटें जाना तय है। भाग्य प्रबल रहा और गठबंधन हुआ तो राकेश की सियासत चमक सकती है। हालांकि यह सब तो अभी समय के गर्भ मे है पर सियासत में कुछ भी असंभव नही है। इसमे कोई दो राय नही कि राकेश राठौर ने खुद की विचारधारा से अच्छी खासी सियासी जमीन तैयार कर रखी है। भाजपा के खिलाफ विपक्ष को मजबूत प्रत्याशी की तलाश है। राकेश राठौर मैदान में उतरे तो जातिगत आधार पर मजबूत चुनाव लड़ सकते हैं।

08जून 2023 को 'स्पष्ट आवाज़' में प्रकाशित खबर

## आखिर राकेश के लिए मुफीद साबित हुआ कांग्रेस का हाथ

**सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)।** 2017 में भाजपा के टिकट पर विधायक बनने के बाद पार्टी पर हमलावर रहे राकेश राठौर ने नौ माह पूर्व कांग्रेस का हाथ थामा था। उस वक्त उनकी यह सियासी चाल भले ही लोगों को समझ में न आई हो पर पुराने घर पहुंच कर राकेश राठौर ने सियासत की नई पारी शुरू कर दी थी। स्पष्ट आवाज ने 9 जून 2023 को 'लोकसभा चुनाव में सपा-कांग्रेस मिली तो होगा फायदा' शीर्षक से खबर का प्रकाशन कर आने वाले हालातों को लेकर भविष्यवाणी की थी। स्पष्ट आवाज के तथ्य सियासत के उलटफेर में सटीक साबित हुए है। लोकसभा चुनाव की बेला में सपा-कांग्रेस का गठबंधन हुआ और सीतापुर की सीट कांग्रेस की झोली में आई। स्पष्ट आवाज ने इस बात का खुलासा किया था कि यदि ऐसा हुआ तो राकेश राठौर की सियासत चमक सकती है। सूत्रों की माने तो कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में राकेश राठौर की दावेदारी प्रबल मानी जा रही है। इसमें कोई दो राय नहीं कि राकेश राठौर ने खुद की विचारधारा से अच्छी खासी सियासी जमीन तैयार कर रखी है। यदि कांग्रेस उन्हें उम्मीदवार बनाती है तो भाजपा के खिलाफ वह न सिर्फ मजबूत प्रत्याशी साबित हो सकते हैं बल्कि स्थानीय जनप्रतिनिधि होने और जातिगत आधार पर मजबूत पकड़ के सहारे वह चुनाव में शानदार प्रदर्शन कर सकते हैं।

# महिला अस्पताल में बदल गया बच्चा, मचा हड़कंप

**सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)।** जिला महिला अस्पताल में गुरुवार की सुबह बच्चा बदलने का आरोप लगाकर परिजनों ने जमकर हंगामा काटा। बुधवार की रात बच्चे की मौत सूचना पर परिजनों ने अस्पताल प्रशासन पर रुपये मांगने का आरोप लगाकर मृत बच्चे को सौंपने की सूचना पुलिस को दी।पुलिस ने देर रात बच्चे को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की तफ्तीश शुरू कर दी थी। गुरुवार की सुबह फिर परिजनों ने बच्चा बदलने और 50 हजार रुपये का सुविधा शुल्क मांगने का आरोप लगाकर हंगामा काटा। लखीमपुर जिले के ओयल इलाके की निवासिनी कल्पना देवी को प्रसव पीड़ा होने पर परिजनों ने 19 फरवरी को महिला अस्पताल में भर्ती कराया था। पति रवि कुमार का कहना है कि 20 फरवरी को कल्पना ने स्वस्थ्य बच्चे को जन्म दिया। बावजूद इसके अस्पताल स्टॉफ ने बच्चे में कमी बताकर उसे एनआरसी वार्ड में मां से दूर रखा। परिजनों का कहना है कि बच्चा दिखाने की कई बार अस्पताल स्टॉफ से मिन्नतें की गई लेकिन स्टॉफ ने अनसुना कर दिया। बुधवार को अचानक डॉक्टरों ने सूचना दी कि आपके बच्चे की मौत हो गई। बच्चे की मौत की सूचना पर परिजनों ने अस्पताल स्टॉफ से कहासुनी के बाद बुधवार रात ही कोतवाली पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की गहनता से तफ्तीश के लिए बच्चे के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। अस्पताल में हुए हंगामे के बाद अस्पताल स्टॉफ एक बार फिर सवालों के घेरे में आ चुका है। बच्चे के डीएनए रिपोर्ट आने के बाद ही आरोपों से पर्दा हट सकेगा।

# भाजपा ने किसानों का बढ़ाया सम्मानः लोकेश



**सेवता-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)।** भारतीय जनता किसान मोर्चा के नेतृत्व में गुरुवार को ग्राम अकसोहा में ग्राम परिक्रमा यात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष लोकेश मिश्रा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने सबसे ज्यादा भला किसानों का किया है। भाजपा सरकार ने किसानों को किसान सम्मान निधि देकर के किसानों का सम्मान बढ़ाया है। आज देश का किसान खुशहाल है। योगी सरकार ने गन्ने के मूल्य में वृद्धि करके किसानों को लाभकारी मूल्य फसल का दिलाने का काम किया है। अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण किया गया है। कश्मीर में धारा 370 का खात्मा करके भाजपा सरकार ने साहसिक काम किया है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से भाजपा मंडल अध्यक्ष संजय सिंह कुशवाहा, किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष कमलेश मिश्रा, संजय त्रिवेदी, शिवनारायण अवस्थी समेत अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त आवाज़

### कार सवार चोरों ने दो ई-रिक्शा से छह बैटरी उड़ाई

●वारदात के दौरान घरों के दरवाजों में बाहर से लगाई कुंडी



**लहरपुर-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम शाहपुर में अज्ञात चोरों ने दो ई-रिक्शा से 6 बैटरी चोरी कर ली। प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार की सुबह अज्ञात चोर चौपहिया वाहन से आये और घर के साइड में खड़े दो ई-रिक्शा से 6 बैटरी चोरी कर उसे अपने वाहन में लाद कर फरार हो गये। चोरों ने मोहल्ले में सबके घर के बाहर दरवाजा में कुंडी लगाकर रोहित जायसवाल पुत्र जमुना प्रसाद के ऑटो से चार बैट्रा व कादिर पुत्र कय्यूम के ऑटो से दो बैट्रा चोरी कर लिए। इसी बीच कादिर के घर की महिलाएं कुछ काम के लिए अपनी छत पर गई थीं। आहट होने पर घर वालों को आवाज लगाई और घर वालों ने तुरंत अपना दरवाजा खोलना चाहा तो दरवाजे में बाहर से कुंडी लगी थी। आहट होने पर चोर कार में बैटरी लादकर फरार हो गए। मोहल्लेवासियों ने जमा होकर 112 नंबर पर कॉल किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी भदफर चौकी पर देने को कहा। रोहित जायसवाल व कादिर ने भदफर चौकी प्रभारी को प्रार्थना पत्र देकर घटना की जानकारी दी। चौकी प्रभारी धर्मेंद्र बहादुर सिंह ने मौके पर पहुंच कर घटनास्थल का जायजा लिया और घटना के शीघ्र खुलासे का आश्वासन दिया।

### चारबाग रेलवे स्टेशन से पुलिस ने बरामद किया लापता किशोर

**सेवता-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)।** रेउसा थाना इलाके में विगत दिनों घर से अचानक लापता किशोर को पुलिस ने लखनऊ के चारबाग रेलवे स्टेशन से बरामद करने के बाद उसे परिजनों से मिलवाया। बताते चलें कि रेउसा थाना क्षेत्र के लालसापुरवा गाँव निवासी मो. रफीक अहमद का करीब 16 वर्षीय पुत्र सुहैल अहमद परिजनों से नाराज होकर घर से गायब हो गया। जिसकी परिजनों ने काफी तलाश की लेकिन उसका कोई अता पता नहीं चल सका। घबराये परिजनों ने सूचना थाना रेउसा पुलिस को दी। जिस पर पुलिस ने गुमशुदगी का मुकदमा दर्ज किया था। गायब किशोर की तलाश करने के लिये टीम गठित की गई। जिसके परिणाम स्वरूप गत दिवस मुखबिर की सूचना पर रेउसा पुलिस टीम ने लापता किशोर को चारबाग रेलवे स्टेशन से सकुशल बरामद कर लिया। लापता हुए किशोर को रेउसा पुलिस ने गुरुवार को परिजनों से मिलाया। लापता किशोर की तलाश करने वाली टीम में उप निरीक्षक झारिया सिंह, कांस्टेबल शुभम तिवारी, महिला कांस्टेबल अंजू आदि लोग शामिल रहे।

### बिना इजाजत निकाली ट्रैक्टर रैली, दर्ज हुआ केस

●किसान नेताओं पर धारा 144 उल्लंघन करने का आरोप

**सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)।** शहर कोतवाली इलाके में धारा 144 का उल्लंघन कर ट्रैक्टर रैली निकालने वाले किसान नेताओं पर अभियोग पंजीकृत हुआ है। आरोप है कि यह किसान नेता बिना किसी अनुमति के शहर के व्यस्ततम मार्ग पर ट्रैक्टर रैली निकाल रहे थे। पुलिस ने रोकने का प्रयास किया फिर भी किसान नहीं माने। अचानक निकाली गई ट्रैक्टर रैली से दो घंटे शहर के राहगीरों को दुश्वारियां झेलनी पड़ी। मंडी चौकी इंचार्ज हर्षित सिंह ने महिला नेत्री सहित तीन नामजद व 40 अज्ञात किसानों के विरूद्ध केस दर्ज कराया है। बताते चले कि मंगलवार की दोपहर संयुक्त किसान मंच के संयोजक पिंदर सिंह, गुरूपाल सिंह और किसान मंच की महिला प्रदेश अध्यक्ष अल्पना सिंह के नेतृत्व में शहर की गल्ला मंडी गेट से ग्रास फार्म तक ट्रैक्टर रैली निकाली गई थी। पुलिस का कहना है कि अचानक ट्रैक्टर रैली निकाल रहे किसान नेताओं से जब अनुमति पत्र मांगा गया तो वह उसे उपलब्ध नहीं करा पाये। लाख मना करने के बावजूद वह ट्रैक्टरों को लेकर शहर के व्यस्ततम हरदोई चुंगी, जीआईसी, लालबाग होते हुए ग्रास फार्म तक पहुंच गये। इस दौरान तकरीबन दो घंटे तक शहर का आवागमन बाधित रहा। जिला अस्पताल निकट होने के चलते कई मरीजों को चिकित्सालय पहुंचने में भी समस्याओं का सामना करना पड़ा। मंडी चौकी इंचार्ज हर्षित सिंह ने किसान नेता पिंदर, गुरूपाल, नेत्री अल्पना सहित 40 अज्ञात लोगों के विरूद्ध आईपीसी की धारा 143, 188, 353, 243 व 341 के तहत अभियोग पंजीकृत किया है।

### पिता पर मारपीट कर घर से भगाने का आरोप

**सिधौली-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)।** सहजनपुर इलाके की युवती ने अपने पिता पर छठा विवाह करने और उसे मार-पीट कर घर से भगा देने का आरोप लगाते हुए एसडीएम से कार्रवाई की मांग की है।युवती ने बताया कि उसका पिता थाना अटरिया में पीआरडी जवान के रूप में तैनात है। वह उसकी पहली पत्नी राजपती की पुत्री है। लगभग चार वर्ष पूर्व उसके पिता खदरा से मीना और उसके 20 वर्षीय पुत्र विवेक को ले आया। मीना और उसका पुत्र विवेक उसके घर में रह रहे हैं। आरोप है कि मीना उपरोक्त और उसके पुत्र विवेक द्वारा उसे दो बार बेचा जा चुका है। उपरोक्त लोग उसे मारते पीटते और भगाते हैं। प्रार्थिनी का पिता उसकी शादी करने के लिए राजी नहीं है और उसे घर से भगा दिया है। उसके पास सिर छुपाने का कोई स्थान नहीं है। युवती ने प्रशासन से उसके पिता के विरूद्ध कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

### बंधक बना कर किशोर का यौन शोषण करने का आरोप

**सिधौली-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)।** संदना इलाके के ग्राम चैपरिया के एक ग्रामीण ने पड़ोस के गांव की एक महिला पर अपने नाबालिग पुत्र का यौन शोषण का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। चैपरिया निवासी रामसेवक ने बताया कि उसका पुत्र हरी प्रकाश नाबालिग है। उसने पिछले ही वर्ष हाईस्कूल की परीक्षा पास की है। उसके पुत्र को पड़ोस के गांव की एक महिला ने बन्धक बना रखा है और उसका यौन शोषण कर रही है। महिला ने बच्चे को शादी का झांसा दे रखा है, जबकि नाबालिग होने के कारण उसका विवाह संभव नहीं है और वह बिना माता-पिता के कोई भी निर्णय लेने में सक्षम नहीं है। रामसेवक ने महिला के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज कराने और उसके पुत्र को उसके संरक्षण में देने हेतु कार्रवाई की मांग की है।

### 29 फरवरी को होगा शपथ ग्रहण

**सिधौली-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)।** बार एसोसिएशन सिधौली की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह 29 फरवरी को सम्पन्न होगा। बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उच्च न्यायालय, इलाहाबाद की लखनऊ खण्डपीठ के न्यायाधीश दुर्गेश कुमार सिंह पवार होंगे।

### नहर में डूबा किशोर, गोताखोर कर रहे तलाश

**सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)।** बिसवां कोतवाली इलाके में नहर किनारे बैठा किशोर अचानक गहरे पानी में चला गया। बताया जा रहा है कि पैर फिसलने के कारण यह हादसा हुआ है। किशोर को डूबता देख मौजूद राहगीर जब तक उसे बचा पाते उससे पहले वह पानी के तेज बहाव में ओझल हो चुका था। मौके पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की मदद से किशोर की तलाश शुरू कर दी है। बताते चलें कि बिसवां कोतवाली इलाके के कांशीराम कालोनी का रहने वाला पंकज का 14 वर्षीय पुत्र अर्जुन गुरुवार की दोपहर कस्बे में नहर के किनारे बैठा था। इसी दौरान अचानक पैर फिसलने से वह गहरे पानी में चला गया। शोर सुन कर मौके पर मौजूद लोगों ने उसे बचाने का प्रयास किया पर वह सफल न हो सके। मौके पर पहुंची पुलिस में स्थानीय गोताखोरों की मदद से अर्जुन की तलाश शुरू कराई है। इंस्पेक्टर अनिल कुमार सिंह ने बताया कि पैर फिसलने कारण यह हादसा हुआ है। शव की तलाश को लेकर एनडीआरएफ की टीम बुलवाई गई है।

### फेसबुक पर किशोरी की अश्लील फोटो पोस्ट करने वाले पर केस दर्ज

**सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)।** बिसवां कोतवाली इलाके में शोहदें ने गांव की रहने वाली किशोरी की अश्लील फोटो फेसबुक पर पोस्ट कर दी। किशोरी के परिजनों ने मना किया तो वह धमकी देने लगा। थाने पहुंची किशोरी की मां ने शोहदे के विरुद्ध केस दर्ज कराया है। बताते चलें कि बिसवां कोतवाली इलाके की रहने वाली किशोरी की अश्लील फोटो गांव के रहने वाले प्रदीप पुत्र राजेश ने फेसबुक आईडी से पोस्ट कर दी। किशोरी के परिजनों को जानकारी मिली तो उन्होंने प्रदीप से आपत्ति जताई। आक्रोशित प्रदीप ने युवती के परिजनों को धमकी भी दी। इंस्पेक्टर अनिल सिंह ने बताया कि प्रकरण में केस दर्ज किया है, जांच की जा रही है।

### देशी ठेके पर बिक रही थी अंग्रेजी शराब

●ऑन कैमरा सेल्समैन बोला मालिक ने भेजी है तो बेच रहा हूँ●शिकायत के बाद मौके पर पहुंचे आबकारी इंस्पेक्टर कुलदीप सिंह ●25 पेटी शराब जब्त, आबकारी अधिनियम में दर्ज होगा केस



**महोली-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)।** विभागीय सांठगांठ घाट के चलते देसी शराब ठेके पर अंग्रेजी शराब की बिक्री का लंबे समय से खुला खेल जारी था। चर्चा है कि जानकारी के बावजूद जिम्मेदार स्वार्थवश अंजान बने हुए थे। एक जागरुक व्यक्ति ने मामले का वीडियो बनाकर जब वायरल किया विभागीय दावों से इतर धांधली का खुलासा हुआ। फजीहत के बाद मौके पर पहुंचे आबकारी इंस्पेक्टर ने शराब की पेटियों को जब्त करते हुए सेल्समेन को हिरासत में लेकर केस दर्ज करने की कार्रवाई शुरू की है। मामला महोली सर्किल के बीहट गौर गांव का है। महोली से कुसैला-मिश्रिख मार्ग पर बीहट गौर गांव है। रामकोट थाना क्षेत्र के इस गांव मे अंग्रेजी शराब ठेके के पास देसी शराब का सरकारी ठेका है। इस ठेके पर गांव का ही पप्पू सेल्समैन है। ग्रामीण बताते हैं कि इस ठेके पर लंबे समय से अंग्रेजी शराब में व्हिस्की का टेट्रा पैक बेचा जा रहा था। मौखिक शिकायत के बावजूद जिम्मेदार स्वार्थवश बेखबर बने हुए थे। गुरुवार को एक ग्रामीण ने देसी शराब के ठेके से बेखौफ बेची जा रही अंग्रेजी शराब का वीडियो बना लिया। इस दौरान ऑन कैमरा सेल्समैन ने कहा कि मालिक ने भेजी है तो बेच रहा हूं। देसी शराब ठेके के अंदर ग्रीन लेबल, 8 पीएम और हाई इम्पैक्ट ब्रांड की 25 पेटी शराब लगी हुई थी। वीडियो वायरल होने होने के बाद नवजात आबकारी इंस्पेक्टर कुलदीप सिंह मौके पर पहुंचे तो शिकायत सत्य पाई गई उन्होंने शराब की पेटियों को जब्त करते हुए सेल्समेन को हिरासत में लेकर लिखा-पढ़ी की और जिला मुख्यालय के लिए रवाना हो गए। उन्होंने बताया कि सेल्समैन के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 60 और 64 के तहत के दर्ज किया जा रहा है। ठेके के लाइसेंस के निरस्तीकरण की कार्रवाई डीएम के आदेश पर की जाएगी।

### कौन दे रहा था अंग्रेजी शराब की सप्लाई

**महोली-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)।** देशी शराब ठेके पर अंग्रेजी शराब की बेखौफ बिक्री हो रही थी। इस शराब का सप्लायर कौन था, यह बड़ा सवाल है। बताया जा रहा है कि जिस देसी ठेके पर अंग्रेजी शराब बेची जा रही थी उस ठेके के मालिक का अंग्रेजी ठेका भी है। निजी लाभ के लिए आबकारी नियमों को दरकिनार कर सरकारी दावों का मखौल बनाना, विभाग में ठेका मालिक के रसूख और पकड़ को दर्शाता है। भ्रष्टाचार के इस मामले में जब जिला आबकारी अधिकारी से संपर्क करने का प्रयास किया गया तो उन्होंने कॉल रिसीव करना मुनासिब नहीं समझा। वहीं एक बार बात करने के बाद नवागत आबकारी इंस्पेक्टर कुलदीप सिंह ने भी दोबारा कॉल रिसीव करने की जरूरत नहीं समझी।

## संक्षिप्त समाचार

### मारपीट और तोड़ फोड में चार खिलाफ मुकदमा

जौनपुर। जिले के खुटहन थाना क्षेत्र के पिलकिछा गांव में घर के बगल खेल रहे बच्चों के बीच हुए विवाद को लेकर दो पड़ोसी आपस में भिड़ गए। मारपीट के साथ तोड़ फेड़ व महिला के साथ अभद्रता किए जाने का आरोप लगाया गया है। जिसके आधार पर पुलिस ने तीन सगे भाइयों सहित चार के खिलाफ सुसंगत धाराओं में केस दर्ज कर लिया है। उक्त गांव निवासी प्रमोद बिंद का आरोप है कि उसके घर के कुछ बच्चे बगल में खेल रहे थे। तभी पड़ोसी अर्षपी देवी के घर के भी बच्चे वहां आकर आपस में मिल जुलकर खेलने लगे। किसी बात को लेकर बच्चों में आपसी विवाद हो गया। तभी वहां पहुंची अर्षपी देवी, राहुल, महेंद्र और सुरेंद्र बच्चों को पीटने लगे। आरोप है कि विरोध करने पर उक्त लोगों ने मेरी माता सुशीला देवी, पिता राम जियावन, पत्नी सुमन और भाभी पूनम को लाठी डंडा से पीटकर घायल कर दिया।

### दुपट्टे से झूलती मिली विवाहिता की लाश

जौनपुर। जिले के जलालपुर थाना क्षेत्र में एक विवाहिता की संदिग्धावस्था मौत हो गई। बुधवार की देर शाम विवाहिता की कमरे में पंखे के सहारे दुपट्टे से झूलती शव मिलने से परिजनों में कोहरा मच गया। पुलिस शव को कब्जे में लेकर अग्रिम कार्रवाई में जुटी हुई है। ज्ञात हो कि तालामझवारा गांव निवासी रणजीत की पत्नी ज्योति चौबे ने गले में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। घटना के समय घर के लोग कहीं बाहर गए हुए थे वापस आकर देखा तो ज्योति के कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था। परिजनों ने ज्योति को पुकार परंतु अंदर से कोई आवाज नहीं आई तो परिजनों ने दरवाजे का कुंडी तोड़कर कमरे के अंदर प्रवेश कर देखा तो वह लोग दंग रह गए और आनन-फानन में ज्योति को सामुदायिक स्वास्थ्य के रेहटी ले गये जहां पर डॉक्टर ज्योति को मृत घोषित कर दिया। ज्योति का मायका आजमगढ़ जिले के मेहनगर थाना क्षेत्र के खलीयानी गांव बताया गया।

### छप्पर गिरने से वृद्ध की मौत

जौनपुर । जिले के बदलापुर क्षेत्र के पूरा सवाल गांव में आंधी तूफान से छप्पर गिरने से वृद्ध की मौत होने से परिजनों में कोहराम मच गया है। बताते है कि उक्त गांव में बीती रात बारिश व तेज आंधी तूफान से छप्पर गिरने से दबकर 71 वर्षीय लाल बहादुर पाल की मौत हो गई। मृतक के पुत्र संतोष पाल की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचायत नामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। तहसीलदार राकेश कुमार ने बताया कि राजस्व निरीक्षक व हल्का लेखपाल को भेज कर रिपोर्ट मंगाई जा रही है। रिपोर्ट मिलते ही आपदा राहत के तहत उन्हें अनुमन्य सुविधा दी जाएगी।

### गायत्री शक्तिपीठ ने निकाला कलश यात्रा

जौनपुर। गायत्री शक्तिपीठ लाइन बाजार की तरफ से 24 कुंडी गायत्री महायज्ञ का आयोजन विश्व कल्याण के लिए रखा गया है । इसमें गुरुवार कलश यात्रा निकाली। यह यात्रा नगर के टीडी कॉलेज जेसी ज चौराहे होते हुए विसर्जन घाट पर कलश में जल भरकर महिलाएं अपने अपने साथ वापस कचहरी होते हुए लाइन बाजार पहुंचकर गुरुदेव के सामने कलश को रखें । सांय काल संगीत व प्रवचन का क्रम चलता रहा। शुक्रवार को प्रातः 6 बजे से गायत्री महायज्ञ का भी आयोजन है

### महिला ने सीएमओ पर लगाया अभद्रता का आरोप

सुल्तानपुर। एक महिला ने सीएमओ पर अभद्रता व गलत बर्ताव का आरोप लगाते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया है। पीड़ित महिला अपनी दिव्यांग बेटी को रेलवे में रियायती पास बनवाने के लिए परेशान है। इसके लिए वो स्वास्थ्य विभाग से लेकर जिला प्रशासन तक के चक्कर लगा रही है लेकिन कोई उसकी सुनने वाला नहीं। थक हारकर उसने सोशल मीडिया पर अपना वीडियो डाल कर न्याय की गुहार लगाई। जानकारी के अनुसार नगर कोतवाली के सौरमऊ देहात की रहने वाली अंजलि पति से अलग अपनी दो बेटियों के साथ मायके में रहती हैं। उसकी छोटी बेटी एकता बचपन से ही दिव्यांग है। न वो सुन पाती है और न बोल पाती है। अंजलि ने बताया कि मेरी बेटी 90 विकलांग है लेकिन स्वास्थ्य विभाग प्रमाण पत्र जारी नहीं कर रहा। मैं इसलिए सीएमओ के पास गई तो उन्होंने मुझे फटकार लगाया। मैंने डीएम मैडम से भी फरियाद लगाया तो उन्होंने हमें आश्वासन दिया। इसके बाद जब मैं सीएमओ के पास गई तो उन्होंने हमें बतमीज और न जाने क्या क्या कहा जिस पर मैं रो पड़ी और वीडियो जारी किया। वहीं इस मामले में मुख्य चिकित्साधिकारी ओम प्रकाश चौधरी ने मानक का हवाला दिया है। उन्होंने बताया कि मानक पूरा नहीं है और मूक बाधिर विकलांगों को रेलवे रियायत प्रमाण पत्र तभी जारी होता है जब वे पूर्ण रूप से मूक बाधिर हो।

### किन्नर विवाद में दो किन्नरों समेत सात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

सुल्तानपुर। किन्नरों के विवाद में पुलिसिया कार्रवाई प्रारंभ हो गई है। दोस्तपुर थाने में चार नामजद व तीन अज्ञात के विरुद्ध जानलेवा हमले और एससी/एसटी के तहत केस दर्ज हुआ है। वहीं पुलिसिया कार्रवाई से किन्नरों के मध्य हड़कंप मच गया है। दोस्तपुर थाने में बेवाना गांव के रोहित उर्फ मुस्कान किन्नर की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया है। रोहित का आरोप है कि काजल किन्नर निवासी असरफाबाद थाना सरपतहा जिला जौनपुर, पूजा किन्नर निवासी शहजादपुर अकबरपुर, पिंकू तिवारी निवासी बंधनन टोला दोस्तपुर और अभिषेक उपाध्याय निवासी गंगापुर थाना करौदीकला व तीन अज्ञात ने बीते रविवार को दोस्तपुर कस्बे में बधाई मांगते समय हमारी टीम पर हमला किया। जिसमें किरन किन्नर (60), नताशा (27), पायल (23) और मुझे चोटे आई। आरोप है कि घटना के समय काजल किन्नर के हाथ में अवैध तमंचा ले रखा था। उसके अन्य साथी लाठी-डंडा, रॉड व हॉकी ले रखा था। इन लोगों ने हमले में किरन के सिर में चोट आई और वो बेहोश हो गई। जबकि एक का पैर फ्रैक्चर हो गया। एसओ लक्ष्मीकांत मिश्रा ने बताया कि विवेचना की जा रही है। साक्ष्य के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई होगी। बता दें कि बीते नवंबर माह से अवतक किन्नरों के दोनों गुट में कई बार मारपीट हो चुकी है।

### जायंट्स ग्रुप सहेली ने निःशुल्क डेंटल हेल्थ कैंप आयोजित किया

इटावा।जायंट्स ग्रुप आफ इटावा सहेली द्वारा निशुल्क डेंटल हेल्थ कैंप डा.एसएस परिहार की क्लीनिक ड्रीम लैंड कालोनी स्टेशन रोड मोमो मैजिक वर्ड के ऊपर लगवाया गया। जायंट्स की यूनिट डायरेक्टर स्मिता जी ने सरस्वती मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर दीप प्रज्वलित किए और जायंट्स प्रार्थना गाकर तथा फीता काट कर सभी ने कार्यक्रम को आगे बढ़ाया। सेंट्रल कमेटी मेंबर शिवराज सिंह यादव व पास्ट प्रेसिडेंट फेडरेशन 5 श्रीमती ऊषा यादव,फेडरेशन अधिकारी क्षमा दीक्षित ने शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर अध्यक्ष मीनाक्षी सक्सेना,डीओए प्रतिभा सिंह,डीओएफ विमल शर्मा,उर्वशी दीक्षित,कमलेश शर्मा,हेनू वर्मा,श्रुति अग्रवाल,मालती दीक्षित आदि उपस्थित रही।पूनम अग्रवाल का विशेष सहयोग रहा। निशुल्क डेंटल कैम्प का 20 मरीजों ने लाभ उठाया।जायंट्स सदस्यों ने डॉक्टर एसएस परिहार को मोमेंटो देकर आभार व्यक्त किया।

### सदर विधायक सरिता भदौरिया ने अपनी निधि से निर्मित कई सड़कों का किया लोकार्पण



इटावा। भारतीय जनता पार्टी की डबल इंजन की सरकार की प्रथम प्राथमिकता हर गांव को एक्सप्रेसवे से जोड़ना है इसी के तहत जनपद भर में सबसे अधिक एक्सप्रेसवे मिलने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है,जिसमें कोटा इटावा बुंदेलखंड एक्सप्रेस,बसरेहर बायपास सहित तमाम सड़कों का निर्माण चल रहा है। इसी क्रम में कुछ गांव को मुख्य मार्गो से जोड़ने के लिए व सड़कों को पक्कीकरण करने के लिए अपनी निधि से निर्माण कराया गया है जिससे सरकार की मंशा पूरी हो सके। यह उद्गार सदर विधायक सरिता भदौरिया ने विधायक निधि योजना के अंतर्गत वर्ष 2022-23 में वि.ख.बढ़पुरा के ग्राम नगला जगे में रेलवे लाइन से नरेश चंद्र के घर तक इंटरलॉकिंग रोड कार्य का शिलान्यास के अवसर पर व्यक्त किए।इसी क्रम में उन्होंने विधायक निधि योजना के अंतर्गत वर्ष 2022-23 नगर के सिविल लाइन में ईसाई कब्रिस्तान में इंटरलॉकिंग सड़क कार्य का निर्माण, विधायक निधि योजना के अंतर्गत वर्ष 2022-23 नगर के शिवा कॉलोनी में राहतपुर रोड पर दलवीर सिंह बघेल के मकान से इंजीनियर सुभाष सिंह के मकान तक इंटरलॉकिंग सड़क कार्य का मा.मुख्यमंत्री त्वरित योजनान्तर्गत वि.ख.बढ़पुरा ग्रा.एन.एच. फूफई से मेहताब सिंह के खेत तक सी.सी.रोड का शुभारंभ मा.मुख्यमंत्री त्वरित योजनान्तर्गत वि:ख.बढ़पुरा पृथ्वीपुर मार्ग से प्राइमरी पाठशाला जोधपुरा तक सी.सी.रोड का शुभारंभ विधायक निधि योजना के अंतर्गत वर्ष 2022-23 नगर के वसुन्धरा कॉलोनी ( सराय दयानत ) में श्रीमती अरुणा दुबे के मकान से मंगला मंदिर तक इंटरलॉकिंग सड़क कार्य का लोकार्पण किया।

### व्यापारियों का उत्पीड़न बर्दाश्त नही करेगा व्यापार मण्डल

इटावा। भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल की आवश्यक बैठक मनोरमा मार्केट में संगठन के जिलाध्यक्ष दीपक गुप्ता की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक को सम्बोधित करते हुये जिला महामंत्री आकाशदीप जैन ने कहा प्रशासन अपना गुडवर्क दिखाने के चक्कर में निर्दोष व्यापारियों का उत्पीड़न कर रहा है, हाल के दिनों में निर्दोष सराफा कारोबारी को जेल भेजना साथ ही आटोमोबाइल व्यापारी का थाने में बैठाकर उत्पीड़न करना शर्मनाक है। भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल प्रशासन की एकतरफा कार्यवाही की निंदा करता है। शहर अध्यक्ष रजत जैन ने कहा खाद्य विभाग लाइसेंस के नाम पर व्यापारियों का आर्थिक उत्पीड़न कर उनका शोषण कर रहा है इसका व्यापार मण्डल उच्चाधिकारियों से शिकायत करेगा। वरिष्ठ उपाध्यक्ष आलोक गुप्ता ने कहा विद्युत विभाग चेकिंग के नाम पर व्यापारियों का उत्पीड़न न करे। बैठक में मण्डल उपाध्यक्ष डॉ.सुधीर गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष आलोक गुप्ता, राजेश अग्रवाल, हिमांशु सैनी जिला कोषाध्यक्ष प्रशान्त दीक्षित, शहर महामंत्री सर्वेश जोशी, शहर उपाध्यक्ष सुनील तोमर, नवीन गुप्ता, आशीष जैन, राजीव गुप्ता आदि रहे।

# एक ही परिवार के 2 युवकों की हत्या, हिरासत में आधा दर्जन संदिग्ध



सुल्तानपुर । एक शादी समारोह में लड़की से छेड़खानी के विवाद में चार दिन बाद हुए खून खराबे में दो युवकों की हत्या कर दी गई। चाकू और धारदार हथियार का प्रयोग किया गया। तनाव को देखते हुए जहां गांव में कई थानों की फोर्स लगाई गई है वही आईजी अयोध्या व एसपी ने गांव का दौरा किया है। घटना अखंडनगर थानाक्षेत्र के गोपालपुर गांव की है।

मृतक की बहन रेनू पुत्री विनोद कुमार ने घटना को लेकर पुलिस में तहरीर दी है। उसने बताया कि गांव के जगदीश पुत्र दयाराम अपनी बाइक लेकर आए और मेरे घर पर खड़ी करने लगे। परिवार वालों ने मना किया तो वो गालीगलौज करते हुए चला गया। बाद में जगदीश, अतुल, रामजगत, दान बहादुर, अजय, सुंदरलाल, दयाराम, धर्मराज, जग्गी निषाद, रोशनी, अशोक कुमार, ऊषा व कुछ अज्ञात लोग धारदार हथियार व लाठी-डंडे लेकर घर पर आ धमके। इन लोगों ने घर वालों को खत्म करने की धमकी दिया तो हम लोग डरकर घर के अंदर चले गए। आरोप है कि ये सभी आरोपी घर में घुसे और तोड़फोड़ करने लगे। उसी समय अतुल यादव सूर्यप्रकाश को घसीटकर खेत में ले गया और पेट में चाकू से घोंप दिया। यही नहीं जगदीश ने जहां गड़ासे से हमला किया वही रामजगत ने कुल्हाड़ी से प्रहार किया। सूर्यप्रकाश को तड़पता देखकर इंद्रसेन पहुंचा तो उसे भी लाठी डंडे से पीटा। दोनों को परिवार वाले बचाने पहुंचे तो इन आरोपियों ने परिवार के सदस्यों को भी जमकर पीटा। इसमें रेनू, रेनू की मां कृष्णा देवी, भानु प्रताप, हरिओम, रोली, राधेश्याम को चोटे आई। पीड़ित रेनू ने बताया हम लोगों ने डायल 112 को सूचना दी। मौके पर आई पुलिस गंभीर रूप से घायल सूर्यप्रकाश व इंद्रसेन को लेकर सीएचसी अखंडनगर पहुंची। जहां डॉक्टर ने सूर्यप्रकाश को मृत घोषित कर दिया।जबकि इंद्रसेन व कृष्णा देवी को गंभीर हालत में अंबेडकरनगर रेफर किया। यहां इंद्रसेन की हालत बिगड़ गई तो उसे ट्रॉमा सेंटर लखनऊ रेफर किया गया। जहां गुरुवार सुबह उसकी भी मौत हो गई। वही आईजी अयोध्या प्रवीण कुमार, एसपी सोमेन बर्मा सूचना पर गोपालपुर गांव पहुंचे। दोनों ही उच्च अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। तनाव को देखते हुए कई थानों की फोर्स गांव में लगाई गई है। सीओ कादीपुर विनोद गौतम ने बताया कि केस दर्ज कर आधा लोगों को हिरासत में लिया गया है। पुलिस की तीन टीमें वर्क आऊट में लगाई गई हैं।

बताया जा रहा है कि बीते 18 फरवरी को एक बारात गांव से गई थी। जिसमें एक लड़की से नंबर लेने को लेकर दोनों पक्ष में विवाद हुआ था। लेकिन उस दिन गहमागहमी के बाद मामला शांत हो गया था। लेकिन अंदर ही अंदर वो चिंगारी सुलग रही थी जो बीती रात खूनी संघर्ष में बदल गई।

## फ्लिक्सबस ने गुरू रविदास जयंती के लिए वाराणसी से 12 अन्य शहरों के लिए कनेक्टिविटी बढ़ाई

वाराणसी । जानी-मानी ग्लोबल ट्रैवल टेक कंपनी फ्लिक्सबस ने हाल ही में भारत में अपना लॉन्च किया और आज गुरू रविवाद जयंती के लिए वाराणसी से देश भर के 12 अन्य शहरों के लिए कनेक्टिविटी का विस्तार करने की घोषणा की है। फ्लिक्सबस वाराणसी से इन 12 शहरों- नई दिल्ली, नोएडा, मथुरा, आगरा, कानपुर, प्रयागराज, ऋषिकेश, देहरादून, मुज़फ्फ़रनगर, मेरठ और रूड़की के लिए अपनी सेवाएं उपलब्ध कराएगा। यात्री वेबसाईट या ऐप से मात्र 3 क्लिक्स में अपनी टिकट बुक कर सकते हैं। फ्लिक्सबस सिर्फ प्रीमियम बस मॉडल का संचालन करता है ताकि यात्रियों को गारंटीड एक्स्ट्रा लैगरूम मिले। चुनिंदा राइड्स के लिए आरामदायक सीटें और बैड्स भी उपलब्ध हैं।

## उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के साथ की बैठक



इटावा। उप जिला निर्वाचन अधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में अंतिम प्रकाशित मतदाता सूची एवं निरंतर पुनरीक्षण 2024 के संबंध में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के साथ बैठक आयोजित की गई।

उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार चलाए जा रहे संक्षिप्त मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान के दौरान जिन लोगों ने मतदाता पहचान पत्र बनाने के लिए आवेदन किया था उनके पहचान पत्र निर्वाचन कार्यालय में पहुंचने शुरू हो गए हैं आयोग के निर्देश पर निर्वाचन कार्यालय द्वारा मतदाताओं के पहचान पत्र स्पीड पोस्ट के माध्यम से उनके पते पर भेजे जाएंगे।उन्होंने बताया कि जिन लोगों द्वारा निर्धारित प्रारूप पर नए मतदाता बनने व संशोधन के लिए आवेदन किए गए हैं उन सभी के भी स्पीड पोस्ट के माध्यम से उपलब्ध कराए जाएंगे। उन्होंने बताया कि किसी भी मतदाता को ज्यादा परेशान होने की जरूरत नहीं है उन सभी के कार्ड स्पीड पोस्ट के माध्यम से मतदाता तक पहुंच जाएंगे।उन्होंने पार्टी के सभी राजनीतिक दलों से अपील कि अगर किसी का मतदाता पत्र छूटा है या नहीं है उसको बनवाने के लिए संबंधित बीएलओ को उपलब्ध करा दें उन सभी का कार्ड तत्काल बनवाया जाएगा।

बैठक के दौरान नगर अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी,रविंद्र कुमार जिला महासचिव बहुजन समाज पार्टी,बृजेंद्र सिंह यादव कोषाध्यक्ष समाजवादी पार्टी सहित राजनीतिक दल उपस्थित रहे।

## ज़ी रिश्ते अवॉर्ड्स 2024 में रेड कार्पेट पर चमके ज़ी कुटुंब के सितारे

वाराणसी। एक शानदार नॉमिनेशन पार्टी में जहां आपके पसंदीदा ज़ी टीवी के सितारों ने मिलकर धूम मचाई, वहीं इसके बाद अब ज़ी रिश्ते अवॉर्ड्स में पूरा ज़ी कुटुंब दर्शकों के दिलों पर छा जाने को तैयार है। ज़ी टीवी का यह वार्षिक समारोह इस चैनल के कलाकारों और प्रोड्यूसर्स के आपसी रिश्तों का जश्न मनाता है, साथ ही उस खास रिश्ते को भी सलाम करता है जिसे ज़ी टीवी अपने दिल के सबसे करीब रखता है और वो है अपने दर्शकों के साथ इस चैनल का एक अनमोल रिश्ता। हालांकि इस साल होली भी करीब है तो ऐसे में पूरे परिवार के लिए साथ मिलकर रंगों का यह त्यौहार मनाने के लिए ज़ी रिश्ते अवॉर्ड्स से बेहतर मंच और क्या हो सकता है? तो आप भी जश्न के इन रंगों से सराबोर होने के लिए तैयार हो जाइए जहां ज़ी पर आपके पसंदीदा किरदार शानदार परफॉर्मेंस, दिलचस्प नोक-झोंक और हल्की-फुल्की शरारतों से भरी एक शानदार रात के साथ पारिवारिक रिश्तों का जश्न मनाने एक साथ आएंगे क्योंकि ... बुरा ना मानो फैमिली है! डेन्यूब प्रॉपर्टीज़ ज़ी रिश्ते अवॉर्ड्स 2024, 10 मार्च को शाम 7 बजे से 11 बजे तक सिर्फ ज़ी टीवी पर प्रसारित किया जाएगा। पिछली रात इस अवॉर्ड्स शो को शूट किया गया, जहां सभी कलाकार रेड कार्पेट पर अपने खास अंदाज़ में नजर आए।

## व्यापारी उत्पीड़न को लेकर संयुक्त व्यापार मंडल ने एसएसपी को दिया ज्ञापन



इटावा। जागेश्वर प्रसाद अग्रवाल जिला अध्यक्ष अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल जनपद इटावा,संतोष चौहान जिला अध्यक्ष उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल जनपद इटावा,सदाशिव श्रीवास्तव जिला महामंत्री उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल जनपद इटावा के नेतृत्व में संयुक्त व्यापार मंडल द्वारा ज्ञापन के माध्यम से संयुक्त रूप से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को संबोधित ज्ञापन एसपी ग्रामीण सत्यपाल सिंह को सौंपा।

ज्ञापन में चौगुर्जी स्थित चौधरी ऑटो मोबाइल के मालिक नरेंद्र चौधरी को सिविल लाइन थाना पुलिस ने एक साधारण शिकायत पर थाना ले गई और हिस्ट्रीशीटर अपराधी की तरह व्यापारी की एक भी सुने बगैर उसके साथ अभद्र व्यवहार करते हुए उनकी चप्पल उतरवा कर अपराधी की तरह सिविल लाइन थाने में बैठाया गया और उसका मोबाइल ले लिया किसी से बात नहीं करने दी दबाव बनाकर मानसिक उत्पीड़न करके जबरन रुपया और वाहन को कथित सुलहनामा के रूप में थाने में लिया गया शोषण एवं उत्पीड़न किया गया।दवा व्यापारी शिवराज सिंह पुत्र राम बहादुर सिंह कृष्णा नगर भरथना रोड शहर इटावा को 16 फरवरी 2024 को उनके मोबाइल नंबर 9445828335 पर 7225892993 से कॉल आया कि कोतवाल बात कर रहे हैं डरा धमका के व्यापारी के खाते से लगभग 90,000 रुपए अपने खाते में ट्रांसफर करा लिये। शहर इटावा के प्रमुख बाजारों में कुछ महिलाओं द्वारा व्यापारियों पर गलत आरोप लगाकर शोषण एवं उत्पीड़न किया जा रहा है और पुलिस व्यापारियों से अपराधी की तरह व्यवहार कर रही है।इन प्रकरण को लेकर संयुक्त व्यापार मंडल ने शीघ्र से शीघ्र जांच कराकर दोषियों के विरुद्ध आवश्यक कानूनी कार्रवाई करने का ज्ञापन देकर मांग की है। ज्ञापन देने वालों में प्रमुख रूप से जिला महामंत्री धर्मेंद्र कुमार जैन,एमपी सिंह तोमर,डॉ.ए.के.शर्मा,रंजीत सिंह कुशवाहा,रिंकू यादव,गुरुभेज सिंह भेजा,गोरखनाथ वर्मा, रणवीर सिंह चौहान,ओम रतन कश्यप,इक़रार अहमद, अब्दुल मन्नान राईन,शिवनंदन भदौरिया,चौधरी सचिन अग्रवाल,लल्लू वारसी,सर्वेश चौहान,नरेंद्र सिंह कुशवाहा, पंकज कुशवाहा, प्रत्यूष वर्मा, राम मनोहर दीक्षित, उमेश कुमार कुशवाहा,मोहम्मद उवैश,संतोष कुमार वर्मा, सत्येंद्र कुशवाहा, कुमार सोनी,अभिषेक जैन,हरेंद्र सिंह,अतुल त्रिपाठी, संजीव, मुकेश कुमार दुबे, सतीक मंसूरी,मोहन सिंह,संजीव राजपूत आदि व्यापारी शामिल रहे।

## व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष का हुआ जोरदार स्वागत

सुल्तानपुर। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल पूरे प्रदेश में व्यवसायीयों के हितों हेतु सदैव तत्पर रहने वाला एकमात्र संगठन है। बीती शाम संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मंत्री संदीप बंसल का आगमन सुल्तानपुर जनपद में हुआ, वह यहां एक निजी वैवाहिक कार्यक्रम में शरीक होने आए थे, किंतु जैसे ही जनपद कार्यकारिणी को उनके आगमन की सूचना मिली तत्काल प्रदेश मंत्री हिमांशु मालवीय व क्षेत्रीय प्रभारी अमर बहादुर सिंह के दिशा निर्देशन में जिला अध्यक्ष विजय प्रधान की अगुवाई में पहले तो अलीगंज बाजार के प्रभारी एवं जिला संगठन महामंत्री राकेश अग्रहरी व अलीगंज बाजार अध्यक्ष के नेतृत्व में असरोगा टोल प्लाजा पर बंसल का जोरदार स्वागत एवं अभिनंदन किया। तत्पश्चात अमहट चौराहे पर जिला एवं नगर कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारीयों ने अध्यक्ष का स्वागत एवं अभिनंदन करते हुए कुश कैटल मैरिज लॉन में सभी पदाधिकारी एवं व्यापारियों के साथ एक सूक्ष्म बैठक की।

## सपना होगा सरकार तीसरी बार फिर भाजपा सरकारः अजीत रावत



सोनभद्र। भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा जनता सोनभद्र मंडल चोपन सेक्टर 1 में अनुसूचित बस्ती में जाकर बस्ती संपर्क अभियान के अंतर्गत प्रधानमंत्री के लोक कल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया।भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सदर ब्लाक प्रमुख अजीत रावत ने बताया कि पीएम मोदी के नेतृत्व में आज पूरे विश्व में देश का नाम मजबूती के साथ स्थापित कर रहे हैं जिससे आयात निर्यात के साथ व्यवसाय का स्कोप बढ़ रहा है जिससे हर वर्ग टपके के लोगों को सुविधाओं का लाभ मिलेगा वही श्री रावत ने बताया कि देश प्रदेश जिले व गांव के हर व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने के लिए दिन-रात पीएम मोदी सीएम योगी के नेतृत्व में अधिकारियों के साथ मिलकर पार्टी कार्यकर्ताओं को घर-घर पहुंचकर बस्ती संपर्क अभियान के साथ जुड़ते हुए उनको योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए कटिबंध है एक भी पात्र व्यक्ति लाभ से वंचित न रहे इसके लिए विभिन्न अभियान चलाए जा रहे हैं हर अभियान में वंचित व्यक्तियों की लिस्ट सूची बनाकर संबंधित भाजपा कार्यालय व अधिकारियों को अवगत कराया जा रहा है जिससे उनके माध्यम से तत्काल उन लोगों को सुविधाओं का लाभ मिल सके वही प्रमुख अजीत रावत ने कहा कि पत्रक बात साथ ही आगामी 23 फरवरी को बनारस में संत शिरोमणि रविदास के भव्य मंदिर का उद्घाटन करने आ रहे हैं प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को लेकर सभी से आग्रह किया कि वहां अधिक से अधिक संख्या में लोग पहुचे। इस मौके पर अमन वर्मा,बल्ला ,अभिषेक कुमार, राजन गुप्ता,ओम प्रकाश सिंह, आलोक रावत ,कोमल,पुष्पा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## मौलाना आजाद की पुण्य तिथि पर हुआ स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

इटावा।शहर के मुहल्ला शाहग्रान में मौलाना आजाद सामाजिक एकता समिति के तत्वावधान में देश के पहले शिक्षा मंत्री भारत रत्न मौलाना आजाद की पुण्यतिथि के अवसर पर विशाल स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया,जिसमें करीब पांच सौ मरीजों का रजिस्ट्रेशन कर स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा निशुल्क दवा वितरण भी हुआ। शिविर का उद्घाटन सिटी मजिस्ट्रेट दिग्विजय सिंह ने फीता काट कर किया।कार्यक्रम संयोजक समिति के अध्यक्ष जमील कुरैशी,व्यापार मंडल अध्यक्ष आलोक दीक्षित,राम प्रकाश वर्मा,शमशुद्दीन अंसारी,अतुल आक्रोश ने सिटी मजिस्ट्रेट का माला,शाल,प्रतीक चिन्ह देकर अभिनंदन किया। कार्यक्रम में डा.सुरजीत सिंह जनरल मेडिसिन विभाग, डा.राजेश कुमार वर्मा जनरल सर्जरी विभाग,डा.आशुतोष नेत्र सर्जन,डा.विरेन्द्र कुमार हड्डी रोग विशेषज्ञ,डा.विद्यारानी व डा.सौगंधी शर्मा कम्युनिटी मेडिसिन विभाग,डा.अनुराधा स्त्री रोग विशेषज्ञ व डा.शैलजा दीक्षित होम्योपैथी चिकित्सक आदि ने अपनी सेवाएं दीं।

## हेलो डॉक्टर से जान सकते है दांत की समस्यायें

जौनपुर। संस्था जे सी आई क्लासिक ने अध्यक्ष ऋचा गुप्ता के निर्देशन में संस्था के पटल पर मानव सेवा को समर्पित संस्था की अनूठी पहल हेलो डॉक्टर का शुभारंभ, किया । अध्यक्ष ने बताया कि इस कार्यक्रम के अंतर्गत संस्था का प्रयास है कि प्रतिदिन बढ़ती हुई स्वास्थ्य समस्याओं को देखते हुए और कई बार किन्ही कारणोंवश या अत्यधिक व्यस्तता के कारण लोग इनकी तरफध्यान नही देते और लापरवाही के नतीजे स्वरूप बीमारी बड़ा रूप ले लेती है इन समस्याओं के त्वरित चिकित्सकीय परामर्श के लिए संस्था सीमित अंतराल पर दूरभाष सेवा के जरिये प्रत्येक विधा के चिकित्सक की सेवा आमजनता तक निःशुल्क उपलब्ध कराएगी । हेलो डॉक्टर एक ऐसा ही प्रयास है जिसके अंतर्गत इस बार जिले के दन्त रोग चिकित्सक डॉक्टर देवव्रत उपाध्याय . द्वारा दूरभाष के जरिए लोगो की दन्त समस्याओं को सुना गया व उचित चिकित्सकीय परामर्श दिया गया । डॉक्टर देवव्रत ने जानकारी दी कि यदि हम ब्रश करने का सही तरीका इस्तेमाल करे तो कई प्रकार के दन्त रोगों से बचा जा सकता है और यदि कोई समस्या हो तो उसे योग्य चिकित्सक को ही दिखा कर परामर्श लिया जाना चाहिये अन्यथा दुष्परिणाम मिलने की संभावना ज्यादा होती है । इसी क्रम में उन्होंने बताया कि संस्था का यह प्रयास सराहनीय है और परामर्श लेने वाले प्रत्येक व्यक्ति को वह आगे निःशुल्क ओपीडी सुविधा का भी लाभ दे कर इस कार्य मे अपना सहयोग करेंगे । इस अवसर मुख्यतौर पर छोटे बच्चो के परिजनों के द्वारा उनके दन्त समस्याओं के बारे में काफी सवाल किए गए जिसका उन्होंने समुचित निदान किया । संस्था अध्यक्ष ऋचा गुप्ता ने दूरभाष के जरिये सम्पर्क करने वाले लोगो को एवं मीडिया को यह जानकारी दी कि इस कार्यक्रम के अंतर्गत सभी प्रकार के चिकित्सको की निःशुल्क सेवाएं आम जनमानस तक उपलब्ध कराई जाएंगी ।

## ब्लाक स्तरीय उच्च प्राथमिक विद्यालय प्रधानाध्यापकों को दिया गया प्रशिक्षण

हलिया (मिर्जापुर)। स्थानीय उच्चीकृत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया में गुरुवार को आयुष्मान भारत के अंतर्गत स्कूल स्वास्थ्य एवं वेलनेस तहत ब्लाक स्तरीय चार दिवसीय उच्च प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापकों व अध्यापकों को स्वास्थ्य एवं वेलनेस के बारे में प्रशिक्षण के समापन के बाद प्रमाणपत्र प्रभारी चिकित्साधिकारी डाक्टर अवधेश कुमार व खंड शिक्षा अधिकारी प्रकाशचंद यादव ने दिया है।प्रशिक्षण में स्वास्थ्य विभाग के प्रशिक्षक डा. सुरेश कुमार कनौजिया व शिक्षा विभाग के प्रशिक्षक दिवाकर द्विवेदी ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान आयुष्मान भारत के तहत उच्च प्राथमिक विद्यालयों के प्रभारी प्रधानाध्यापकों व अध्यापकों को 11 बिंदुओं पर प्रशिक्षण दिया गया है जिसमें मुख्य रूप से स्वस्थ बढ़ना, भावनात्मक कल्याण और मानसिक स्वास्थ्य, पारस्परिक संबंध, मुल्य और जिम्मेदार नागरिकता,जेंडर और लिंग, पोषण स्वास्थ्य और स्वच्छता,मादक पदार्थो के दुरपयोग की रोकथाम और प्रबंधन, स्वास्थ्य जीवन शैली, हिंसा और चोट के खिलाफ इंटरनेट और सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग को बढ़ावा देने के संबंध में बिंदुओं पर प्रभारी प्रधानाध्यापक व अध्यापकों को प्रशिक्षण दिया गया है जिससे प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके उच्च प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक बच्चों को इन बिंदुओं पर जागरुक कर जानकारी दे सके।इस दौरान कौशल कुमार सिंह, अजीत कुमार यादव, कृष्ण कुमार सिंह, आरपी यादव, आनंद सिंह, राजकुमार पांडेय,उदित नारायण मिश्र,अवध बिहारी आदि मौजूद रहे।

## एमडीएम भोजन करने से विद्यालय के बच्चों की हालत बिगड़ी



हलिया (मिर्जापुर)। क्षेत्र के उमरिया स्थित प्राथमिक विद्यालय में गुरुवार की दोपहर में विद्यालय में बने एमडीएम भोजन करने के बाद विद्यालय के तेरह बच्चों की हालत बिगड़ने पर अध्यापक व बच्चों के परिजनों ने उपचार के लिए निजी साधन से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आये जहां पर चिकित्सक ने बच्चों को डायजिन व ओआरएस खोल की खुराक देने के बाद बच्चों की हालत सामान्य बताई है। प्राथमिक विद्यालय के( 1) 11 वर्षीय रंजना,(2)8 वर्षीय बंदना,(3) 4 वर्षीय दिव्या( 4),5 वर्षीय शिवम,(5),7 वर्षीय शिवपूजन (6),10 वर्षीय प्राची ( 7),10 वर्षीय प्रिंस (8)11 वर्षीय शिवम,(9)7 वर्षीय रुचि (10) 8 वर्षीय मुकेश (11),9 वर्षीय बुधिराम(12)5 वर्षीय प्राशू (13) 10 वर्षीय सुनीता की एमडीएम भोजन करने से हालत बिगड़ी गई जिस पर प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक ज्ञानेश्वर सिंह ने रसोईया रमना के साथ निजी साधन से उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आये जहां पर प्रभारी चिकित्साधिकारी डाक्टर अवधेश कुमार ने बच्चों का उपचार किया है। बच्चों की हालत सामान्य बताई जा रही है। सूचना मिलने पर एसडीएम लालगंज भरतलाल सरोज, थानाध्यक्ष हलिया विष्णु प्रभा सिंह प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पंहुचकर बच्चों का हालचाल जाना है।इस संबंध में प्रभारी चिकित्साधिकारी डाक्टर अवधेश कुमार ने बताया कि फूड प्वाइजनिंग की आशंका होने पर बीमार बच्चों को शिक्षक उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आये जहां पर बच्चों को डायजिन व ओआरएस का खोल की खुराक दी गई है बच्चों की हालत सामान्य है।

## बन्द पड़े दो घरों से लाखों का सामान गायब

जौनपुर। जिले के बदलापुर थाना क्षेत्र के दुगौली खुर्द गांव में दो अफ़सर भाइयो के बंद घर का ताला तोड़कर चोरों नगदी समेत लाखो रुपये का सामान उठा ले गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल किया तथा तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज लिया हैं। बताते है कि उक्त गांव के निवासी श्री नारायण तिवारी के बड़े पुत्र विनय तिवारी प्रथम बेतार वाहिनी केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल में कमांडेंट पद पर दिल्ली में कार्यरत हैं और छोटे पुत्र मनोज तिवारी चीफट्रेजरी आफ़िसर के पद पर झांसी में कार्यरत हैं। श्री नारायण तिवारी पत्नी के साथ गांव के पैतृक घर पर रहते हैं मौके का लाभ उठाकर चोरों ने अपना काम कर दिया। श्री नारायण तिवारी को उनके पड़ोसी ने फेन पर सूचित किया कि उनके घर का ताला टूटा हुआ है। श्री तिवारी तत्काल बुधवार की शाम दिल्ली से बड़े बेटे विनय तिवारी के साथ घर वापस आये और उन्होंने बदलापुर थाने पर सूचना दिया कि उनके घर का ताला तोड़कर घर में रखी आलमारियों जिस पर बदलापुर थाने से आई पुलिस ने उनके घर का मौका मुआयना किया ।

# रेप के आरोप में चर्चित इंस्पेक्टर को मिली क्लीन चिट



❍ हलियापुर थाने में तैनात रहे चर्चित इंस्पेक्टर निशू तोमर से यह प्रकरण जुड़ा हुआ है। सुल्तानपुर में तैनाती के दौरान वो एक महिला सिपाही से संपर्क में आए थे।

सुल्तानपुर। भगोड़ा इंस्पेक्टर निशू तोमर के चर्चित रेप के मामले में डेढ़ साल की विवेचना के बाद पुलिस ने 2000 पेज की चार्जशीट कोर्ट में दाखिल की है। विवेचना में इंस्पेक्टर निशू तोमर पर महिला सिपाही की ओर से लगे रेप के आरोपी को पुलिस ने सत्य नहीं माना है। मामले में डीजीपी के तलब होने और सुल्तानपुर एसपी सोमेन वर्मा को व्यक्तिगत उपस्थिति करने के हाई कोर्ट के सख्त कदम के बाद यह नया प्रकरण सामने आया है। हलियापुर थाने में तैनात रहे चर्चित इंस्पेक्टर निशू तोमर से यह प्रकरण जुड़ा हुआ है। सुल्तानपुर में तैनाती के दौरान वो एक महिला सिपाही से संपर्क में आए थे। तत्कालीन एसपी विपिन मिश्रा के कार्यकाल में महिला सिपाही की तहरीर पर नगर कोतवाली में 14 जुलाई 2022 को रेप समेत अन्य धाराओं में इंस्पेक्टर के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ था। इसके बाद वह सितंबर 2022 में जिला सत्र न्यायालय पहुंचे थे जहां संदिग्ध परिस्थितियों में वह लापता हो गए थे। हाईकोर्ट में हवियस कॉरपस याचिका दाखिल की गई थी। जिसमें तत्कालीन डीजीपी देवेंद्र सिंह चौहान को तलब करते हुए स्पष्टीकरण हाईकोर्ट ने मांगा था। एसपी सुल्तानपुर सोमेन वर्मा भी व्यक्तिगत रूप से मामले में हाईकोर्ट तलब हो चुके हैं। नगर कोतवाल रहे राम आशीष उपाध्याय और महिला थानाध्यक्ष मीरा कुशवाहा समेत तत्कालीन क्षेत्राधिकारी नगर राघवेंद्र चतुर्वेदी पर पक्षपात का आरोप लगा था।

जिसके चलते महिला थानाध्यक्ष मीरा कुशवाहा को सस्पेंड कर दिया गया था। इसी प्रकरण में पुलिस ने नगर कोतवाली में इंस्पेक्टर के खिलाफ भगोड़ा की धाराओं में मुकदमा भी पंजीकृत किया था। उन पर 50 हजार का ईनाम भी घोषित हुआ था। बहरहाल चर्चित इंस्पेक्टर निशू तोमर अभी लापता हैं। सीबीआई के तर्ज पर दूसरे सीओ शिवम मिश्रा की तरफसे 2000 पेज का आरोप पत्र न्यायालय दाखिल किया गया है। जिसमें दुष्कर्म के इल्जाम को सही नहीं पाया गया है और इंस्पेक्टर को राहत दी गई है। नीशू तोमर के अधिवक्ता बृजेश पाण्डेय ने बताया कि एक महिला आरक्षी में फैब्रिकेटेड रेप का मुकदमा दर्ज कराया गया था। जिसमें पुलिस ने विवेचना किया और काफी उतार चढ़ाव आया। हमने जो एविडेंस दाखिल किए पुलिस ने गहराई से उसका परीक्षण किया। उनके ऊपर लगाए गए दुष्कर्म के आरोप नहीं पाए गए हैं। 504, 506 आईपीसी में पुलिस ने आरोप पत्र दाखिल किया है। कोर्ट ने कहा है कि इसमें वादनी को सुना जाना आवश्यक है। अब इसमें 16 मार्च की तारीख नीयत है।

## सरकारी जमीन को क्रय विक्रय का लगाया आरोप

जौनपुर। सरकारी जमीन को कुछ लोगों के द्वारा अवैध रूप से ऋय विक्रय करने के संबंध में मुख्यमंत्री के पास लिखित षिकायत भेजी गयी है।षिकायत में बताया गया है कि नगर के मोहल्ला मर्दानपुर स्टेशन रोड पर राम जानकी मंदिर के पास सरकारी जमीन है जिस पर डूडा द्वारा बाजार का निर्माण कराया गया था कुछ दिनों के बाद उस जमीन से बाजार निर्माण में लगे खंभे और शेड को हटा दिया गया तथा उस जमीन को कुछ लोगों ने विक्रय कर दिया गया। उस पर एक व्यक्ति द्वारा नक्शा भी पास करा लिया गया जबकि उक्त जमीन खतौनी में सरकार बहादुर कैंसर हिंद के नाम से दर्ज है । इस जमीन के बाबत एक मुकदमा उच्च न्यायालय में चला जिसके जजमेंट में सरकारी संपत्ति घोषित की गई इन कागजातों को संज्ञान में लेकर फर्जी तरीके से ऋय विक्रय करने वालों के ऊपर उचित कार्रवाई कर सरकारी संपत्ति सरकार के पक्ष में करने की मुांग की गयी है।

पूर्वोत्तर रेलवे

खुली ई-निविदा सूचना संख्याः E-Tender-GSU/TRD-L13-23-24 दि. 21.02.2024

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/गतिशक्ति, पूर्वोत्तर रेलवे, वाराणसी द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ''खुली'' ई-निविदा आमंत्रित करते हैं। **टेंडर रिफरेंश नं.:** E-Tender-GSU-TRD-L13-23-24, **कार्य का नामः** पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मंडल के भटनी स्टेशन से अमृत भारत योजना के अंतर्गत नये एफओबी का निर्माण कार्य में आ रहे अवरोधों को हटाने से सम्बंधित 25 केवी विद्युतीकरण कार्य, **कार्य का अनुमानित लागत (₹में):** ₹42,93,330.13, **धरोहर राशि :** ₹ 85,900/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्य (₹में):** शून्य, **निविदा बंद होने की तिथि एवं समयः** 14.03.2024 up to 15.00 Hrs., **कार्य पूरा करने की अवधिः** 06 माह। **नोटः** • खुली ई-निविदा दिनांक 14.03.2024 को 15.00 बजे तक जमा कर सकेंगे। • पूर्ण विवरण जानने हेतु एवं निविदा की प्रस्तुति करने के लिए कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

वरि. मंडल विद्युत इंजीनियर/गति शक्ति वाराणसी

मुजाधि/विद्युत-279

''ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें''

## संक्षिप्त समाचार

### आबकारी विभाग ने छापेमारी कर बरामद की अवैध शराब



**अमेठी।** आबकारी आयुक्त के निर्देश पर प्रदेश भर में अवैध शराब के विरुद्ध चलाये जा रहे प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत,जिलाधिकारी अमेठी व उप आबकारी आयुक्त अयोध्या प्रभार के निर्देशन तथा पुलिस अधीक्षक व जिला आबकारी अधिकारी, अमेठी के पर्यवेक्षण में गुरुवार को जनपद के क्षेत्र-3, थाना बाजार शुकुल के अन्तर्गत ग्राम नटपुरवा एवं पूरेनेवाजी मे दबिश दी गयी। दबिश के दौरान कुल 145 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई, करीब 200 कि0ग्रा0 लहन मौके पर नष्ट किया गया। इस कार्यवाही में 05 अभियोग आबकारी अधिनियम में पंजीकृत किया गया।साथ ही गाँव के लोगो को अवैध शराब पीने से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करते हुए विभाग के टोल फ्री नम्बर अथवा संबंधित निरीक्षक के मोबाइल नम्बर पर सूचना देने की अपील की गयी।आबकारी विभाग की दबिश में आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-3 चन्द्रभान वर्मा व आबकारी स्टॉफ में शमशेर कुमार ( प्र0आ0सि0) सर्वेश कुमार तथा संजय सरोज ( आबकारी सिपाही ) सरकारी वाहन चालक बृजेश पाण्डेय के साथ सम्मलित रहें तथा साथ ही रोड चेकिंग की गई व आबकारी दुकानों का सघन निरीक्षण किया गया जिसमे सभी दुकानों पर 24 घंटे कैमरे संचालित रखने हेतु सख्त आदेश दिए गये।

### तीन दिवसीय सतत पुनर्वास कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ




**मुसाफिरखाना।** आदर्श सेवा समिति के तत्वाधान में दिव्यांगजनों के शिक्षण कार्य मे लगे शिक्षकों का तीन दिवसीय सतत पुनर्वास कार्यक्रम का शुभारंभ गुरुवार को हुआ। भारतीय पुनर्वास परिषद सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के सौजन्य से स्थानीय आदर्श सेवा समिति संस्थान में तीन दिवसीय सतत पुनर्वास कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के निदेशक विजय शंकर तिवारी द्वारा किया गया। मैनेजिंग बिहैवियर इन द क्लास रूम विषय पर प्रशिक्षक राजेश शुक्ला, श्रद्धानंद द्विवेदी आदि ने चर्चा करते हुए कहा कि दिव्यांगजन को सहानुभूति की नहीं बल्कि उनके आत्मविश्वास को बढ़ाकर समाज की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए हमें प्रयास करना होगा।

### डीएम व एसपी ने यूपी बोर्ड परीक्षा केन्द्रों का किया निरीक्षण

**अमेठी।** गुरुवार को डीएम निशा अनंत व एसपी इलामारन जी ने जनपद अमेठी में निर्धारित यूपी बोर्ड परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान थानाक्षेत्र मुंशीगंज श्री निषाद राज इंटर कॉलेज किटियावां शाहगढ़ परीक्षा केन्द्र का निरीक्षण किया गया। परीक्षा केन्द्र में परीक्षार्थियों के लिये अनुक्रमांक के अनुसार निर्धारित स्थानों पर बैठने की व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरे व सीसीटीवी कंट्रोल रूम आदि का निरीक्षण किया गया। परीक्षा केन्द्रों पर तैनात प्रशासनिक, पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को बोर्ड के निर्देशों का अक्षरशः पालन करने व सतर्कता पूर्वक ड्यूटी करने के संबंध में डीएम द्वारा निर्देश दिया गया।

### दो दिवसीय बालीबाल प्रतियोगिता का शुभारंभ

**मोहम्मदी-खीरी, (स्पष्ट आवाज)।** क्षेत्र के गांव राजापुर बैनी में प्रधानमंत्री खेलो इंडिया के तहत स्वर्गीय रोहन सिंह मेमोरियल वॉलीबॉल टूर्नामेंट का दो दिवसीय आयोजन आज होगा। शुभारंभ मुख्य अतिथि दर्जा राज्य मंत्री लोकेंद्र प्रताप सिंह करेंगे। वॉलीबॉल टूर्नामेंट के आयोजक वैभव प्रताप सिंह ने जानकारी देकर बताया खेलो इंडिया के तहत दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। 23 फरवरी से खेला जाएगा जिसका फाइनल 24 फरवरी को होगा जिसमें कई जनपद की टीमों ने हिस्सा लिया है।

### आज किसान मेला व गोष्ठी तुलसीसदन में

प्रतापगढ़। जिला उद्यान अधिकारी सुनील कुमार शर्मा ने जनपद के समस्त कृषकों को सूचित किया कि 23 फरवरी को तुलसीसदन (हादीहाल) में एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजना वर्ष 2023-24 के अन्तर्गत जनपद स्तरीय सेमीनार/वर्कशाप/गोष्ठी/ किसान मेला आयोजित किया जा रहा है जिसमें वैज्ञानिकों द्वारा बागवानी, पुष्प, मसाला, सब्जी की खेती एवं पुराने बागों का जीर्णोद्धार के कार्यक्रमों पर सम्बन्धित नवीनतम तकनीकी जानकारी उपलब्ध कराया जायेगा। उन्होने जनपद के कृषकों से अनुरोध किया है कि मेले में प्रतिभाग कर नवीनतम जानकारी प्राप्त करें।

### 9 को राष्ट्रीय लोक अदालत

**प्रतापगढ़।** आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत 09 मार्च को सफल बनाने के लिये कुटुम्ब न्यायालय प्रधान न्यायाधीश सुरेश चन्द्र आर्या की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में प्रधान न्यायाधीश ने आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत 09 मार्च में पारिवारिक वादों से सम्बन्धित मामलों को पक्षकारों की सहमति व सुलह समझौते के आधार पर अधिक से अधिक पारिवारिक मुकदमों का निपटारा कराने में सहयोग की अपेक्षा की। बैठक का संयोजन अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नीरज कुमार बरनवाल द्वारा किया गया। बैठक में पारिवारिक वादों से सम्बन्धित विद्वान अधिवक्तागण, मध्यस्थगण आदि उपस्थित रहे।

### वाहन स्वामी पुलिस लाइन में वाहन का भुगतान प्राप्त करें

प्रतापगढ़। उप जिला निर्वाचन अधिकारी त्रिभुवन विश्वकर्मा ने बताया है कि विधानसभा सामान्य निर्वाचन-22 में प्रयोग में लगायी गयी भारी वाहन जिनका 3/8 भाग पुलिस विभाग प्रतापगढ़ से भुगतान किया जा रहा है। ऐसे भारी वाहन स्वामी जिनके भारी वाहन 2022-विधानसभा निर्वाचन में प्रयोग में लगाये गये थे वह वाहन स्वामी पुलिस लाइन से सम्पर्क स्थापित कर अपने वाहन के किरायें/भाड़े का भुगतान प्राप्त करें।

### छात्र की मौत के मामले में तीन पर हत्या का मुकदमा

**लालगंज, प्रतापगढ़।** ननिहाल में रहकर पढ़ाई कर रहे इण्टर के छात्र की मौत को लेकर तीन के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है। लालगंज कोतवाली के अनेहरा गांव का अंकित प्रजापति अपने ननिहाल लीलापुर के मुल्तानीपुर में रहकर पढ़ाई करता था। बोर्ड परीक्षा से तीन दिन पहले उन्नीस फरवरी को वह संदिग्ध परिस्थिति में गायब हो गया। घटना के दो दिन बाद बुधवार को सड़वा दुबान में छात्र का शव फंदे से लटकता मिला। घटना की जानकारी पर पुलिस ने शव को पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। मामले में मृतक अंकित के मामा बाबूलाल प्रजापति ने मुल्तानीपुर निवासी लाल बाबू प्रजापति पुत्र देवी प्रसाद, राजकमल प्रजापति पुत्र राज नारायण व संध्या प्रजापति पुत्री लाल बाबू के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया है। लीलापुर एसओ नीरज यादव ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर एक आरोपी से पूछताछ की जा रही है। शीघ्र ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

### विधायक ने खेल एवं युवा कल्याण मंत्री से मिलकर अपने क्षेत्र के विकास पर की चर्चा



**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर स्पष्ट आवाज।** शोहरतगढ़ के विधायक विनय वर्मा ने उत्तर प्रदेश के राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार (खेल एवं युवा कल्याण विभाग) गिरीश चन्द यादव से शिष्टाचार भेंट-मुलाक़ात कर उनका स्नेह-आशीर्वाद एवं मार्गदर्शन प्राप्त किया। इस दौरान विधायक ने अपने विधानसभा क्षेत्र में स्टेडियम के निर्माण हेतु उनका ध्यान आकृष्ट कराया जिसको मंत्री जी ने संज्ञान में लेकर जल्द ही उक्त कार्यवाही करने हेतु आश्वस्त किया। साथ ही उन्होंने कहा कि स्टेडियम के निर्माण हेतु वित्त संबंधी कार्यवाही लगभग अंतिम चरण में है और किसी भी वक्त हमारे क्षेत्रवासियों को खुशखबरी मिल सकती है। विधायक ने मंत्री जी का हृदय से धन्यवाद ज्ञापित किये।

### विधायक ने संसदीय कार्य मंत्री से किया मुलाकात



शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर स्पष्ट आवाज। उत्तर प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना से विधायक विनय वर्मा ने शिष्टाचार भेंट मुलाक़ात कर उनका स्नेह, आशीर्वाद एवं मार्गदर्शन प्राप्त किया।इस दौरान विधायक विनय वर्मा ने अपने विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत विकास कार्यों व कई विभिन्न विषयों तथा योजनाओं पर उनका ध्यान आकृष्ट कराया। ताकि शोहरतगढ विधान सभा क्षेत्र में विकास की गति निरंतर जारी रहे।

# यूपी बोर्ड : हाईस्कूल में 88 और इंटर में 62 बच्चों ने परीक्षा छोड़ी



**सिद्धार्थनगर स्पष्ट आवाज।** उसका बाजार यूपी बोर्ड परीक्षा 2024 गुरुवार को शुरू हुई है। बोर्ड परीक्षा के प्रथम दिन कस्बा के तीन इंटर कालेजों में हाई स्कूल के 88 और इंटर के 62 बच्चो ने कड़ाई के चलते परीक्षा छोड़ दी है। हाई स्कूल की परीक्षा सुबह तथा इंटर की शाम की पाली में सम्पन्न हुई । दोनो के परीक्षार्थियों की हिंदी विषय की परीक्षा थी।कस्बा के किसान इंटर कालेज के केंद्र व्यवस्थापक गोपेश्वर चौबे ने बताया कि हाई स्कूल में कुल 329 बच्चे रहे जिनमे 16 अनुपस्थित , इंटर में 171 में से 5 अनुपस्थित रहे। बाबा हरि दास इंटर कालेज के केंद्र व्यवस्थापक मनोज कुमार गौतम ने बताया कि इंटर की परीक्षा में कुल 296 बच्चे पंजीकृत रहे जिनमे 21 अनुपस्थित रहे तथा हाई स्कूल में कुल 556 बच्चो में से 36 अनुपस्थित रहे। इसी प्रकार कस्बा के ज्ञानोदय इंटर कालेज के प्रधानाचार्य शिव चंद यादव ने बताया कि हाई स्कूल में कुल399 बच्चो में से 36 अनुपस्थित, इंटर में कुल 73 बच्चो में से 6 अनुपस्थित रहे। बोर्ड परीक्षा को शांति पूर्ण और सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस बल की तैनाती भी रही। थानाध्यक्ष रोहित उपाध्याय केंद्र का दौरा करते रहे।

### रोजगार मेले में 192 प्रशिक्षणार्थियों को किया चयनित

**प्रतापगढ़।** उप्र कौशल विकास मिशन, दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना, आईटीआई एवं जनपद के अन्य प्रशिक्षित बेरोजगार युवक/युवतियों को रोजगार/स्वरोजगार में नियोजित करने के उद्देश्य से दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना के अन्तर्गत उप्र कौशल विकास मिशन, राजकीय आईटीआई के संयुक्त तत्वाधान में जिलाधिकारी संजीव रंजन एवं मुख्य विकास अधिकारी नवनीत सेहारा के निर्देशानुसार द्वितीय चरण में विकास खण्ड स्तरीय वृहद रोजगार मेला 02 स्थलों क्रमश संग्रामगढ़ डिग्री/इण्टर कालेज रामपुर संग्रामगढ़ एवं सरयू इन्द्रा निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बाबागंज में आयोजित किया गया। संग्रामगढ़ डिग्री/इण्टर कालेज रामपुर संग्रामगढ़ में आयोजित रोजगार मेले का उद्घाटन सांसद प्रतिनिधि भगवती प्रसाद एवं सरयू इन्द्रा निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बाबागंज में राजकुमार शुक्ला निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान द्वारा किया गया।

## सदर सर्किल के एसओ से एसपी ने जानी विवेचना की स्थिति



**सिद्धार्थनगर स्पष्ट आवाज।** उसका बाजार थाना परिसर में वृहस्पतिवार को पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने सदर सर्किल के पांचों थानाध्यक्षों से उनके प्रभार वाले थानों में लंबित प्रकरणों की समीक्षा की।उन्होंने अरसे से लंबित विवेचनाओं की जानकारी ली और उसे शीघ्र निस्तारण करने के लिए विवेचकों को निर्देश दिए। कहा कि विवेचना लंबित रहने से पीड़ितों को जल्द न्याय नही मिलता है। इससे समाज में पुलिस की नकारात्मक छवि बनती है।उसका बाजार के अलावा सिद्धार्थनगर, लोटन, मोहाना और कपिलवस्तु के थानाध्यक्ष, एसआई व दीवान ने बारी बारी से अपने क्षेत्र के मामलों की जानकारी दी। कहा कि थाने में आने वाली फरियादी की बात सहानुभूतिपूर्वक सुनकर कार्यवाही की जाए।महिला हेल्प डेस्क पर नियुक्त पुलिसकर्मियों को महिला फरियादियों की समस्याएं सुनकर उनके प्रति सहानुभूतिपूर्वक व्यवहार करते हुए तत्काल निस्तारण कराने के निर्देश दिए।एसपी ने प्रार्थना पत्रों,आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों का तय समय में निस्तारण करने, अपराध व अपराधियों से कड़ाई से निपटने का निर्देश दिया।

## विधायक ने उप मुख्यमंत्री से मिलकर क्षेत्र के अस्पताल को सुसज्जित करने पर किया चर्चा



**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर स्पष्ट आवाज।** शोहरतगढ के विधायक विनय वर्मा ने उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री सह स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक से स्नेहिल मुलाक़ात कर उनका आशीर्वाद एवं मार्गदर्शन प्राप्त किया।विधायक ने अपने विधानसभा क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर उनका ध्यान आकृष्ट कराया। इस दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में डॉक्टरों की कमी, इक्यूपमेंटस आदि सेवाओं को लेकर उनसे चर्चा किया।साथ ही अपने क्षेत्र में अस्पताल में 4 बेड से 50 बेड करने को लेकर भी माननीय मंत्री जी का ध्यान आकृष्ट कराया। इस दौरान योगेन्द्र शर्मा (नोएडा रेज़डिंटस वेलफ़ेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष) तथा त्रिलोक शर्मा (वरिष्ठ पत्रकार) के साथ-साथ विधायक के बड़े भाई हरीश वर्मा उपस्थित रहें।

## पीड़ित परिवार से मिले शैक्षिक महासंघ के पदाधिकारी

### दिलाया हर संभव मदद का भरोसा



**डुमरियागंज, सिद्धार्थनगर स्पष्ट आवाज।** बेसिक शिक्षा परिवार के सदस्य एवं खेल अनुदेशक स्व. अब्बास मेहंदी पूर्व माध्यमिक विद्यालय हल्लौर का 19 फरवरी 2024 को ट्रेन दुर्घटना में असामयिक निधन हो गया था। जिससे उनके परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ डुमरियागंज की टीम द्वारा गुरूवार को उनके घर पहुंचकर परिवार का कुशलक्षेम पूछा गया और हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया गया। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिला मंत्री/ब्लाक अध्यक्ष राकेश पाण्डेय ने स्व. अब्बास मेहंदी के पिता से कहा कि हम ईश्वर के किये को बदल तो नहीं सकते हैं, फिर भी हम सभी से जो भी बन पड़ रहा है, आर्थिक सहयोग कर रहे हैं और लोगों को सहयोग करने के लिए निवेदित भी कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि शिक्षक, शिक्षा मित्र, अनुदेशक अपनी तरफ से सहायता के रूप में सहयोग राशि खाते में भेज रहे हैं। आगे जो भी सहयोग होगा परिवार को किया जाएगा। इस संवेदना में वरिष्ठ उपाध्यक्ष इश्तियाक अहमद, उपाध्यक्ष रमेश कुमार यादव, कोषाध्यक्ष राम सिंह पाल, शिवम पाठक, संजय कुमार मिश्र, आलोक गिरि, मुशीर अहमद, राकेश कुमार, अमृत लाल, तौकीर अहमद रिजवी, कदर अहमद रिजवी, सजर अहमद सहित तमाम शिक्षक/अनुदेशक उपस्थित रहे।

### इलाज के दौरान घायल युवक की मौत

**हलिया (मिर्जापुर)।** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के हलिया ड्रमंडगंज मार्ग पर स्थित महोगढ़ी गांव के पास बीते 14 फ़रवरी को बाइक के धक्के से गंभीर रूप से घायल युवक की उपचार के दौरान बुधवार को प्रयागराज जनपद के निजी अस्पताल में मौत हो गई। युवक के मौत की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। महोगढ़ी गांव निवासी 28 वर्षीय कमलेश बीते 14 फ़रवरी को अपने घर के सामने स्थित सड़क के किनारे से जा रहे थे। उसी दौरान विपरीत दिशा से तेजगति से आ रहे एक बाइक सवार ने अनियंत्रित होकर युवक को टक्कर मार दिया था। जिससे युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उस समय घटना के बाद बाइक चालक मौके से बाइक लेकर भाग गया था। परिजन घायल युवक को इलाज के लिए पहले नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ड्रमंडगंज ले गए थे।

### नालसा द्वारा पैनल अधिवक्ताओं को दिया ऑनलाइन प्रशिक्षण

**प्रतापगढ़।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली द्वारा संचालित टोल फ्री नम्बर 15100 के उपयोग और जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों के समक्ष आने वाली समस्याओं के समाधान हेतु जनपद न्यायाधीश अब्दुल शाहिद के आदेशानुसार एवं नीरज कुमार बरनवाल अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के संयोजकत्व में जनपद न्यायालय प्रतापगढ़ में स्थित सभागार में नालसा के लिए चयनित पैनल एड विश्वनाथ प्रसाद त्रिपाठी, मुकुंद राव, प्रेम प्रकाश सहित जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रतापगढ़ के कार्यालय स्टाफ को नालसा द्वारा ऑन लाइन दो घंटे का प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के टोल फ्री नंबर 15100 पर आने वाली काल एवं उसके निराकरण में आने वाली समस्याओं के संबंध में नालसा की टेक्निकल टीम द्वारा प्रदेश के समस्त जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के स्टाफ और पैनल एडवोकेट को दो घंटे का प्रशिक्षण दिया।

## सहायक उपकरण दिव्यांगजन को मुख्य धारा से जोड़ने में सहायक : सांसद

### डुमरियागंज ब्लाक परिसर में आयोजित हुआ कार्यक्रम



**डुमरियागंज, सिद्धार्थनगर स्पष्ट आवाज।** कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण योजना के तहत गुरूवार को ब्लाक परिसर डुमरियागंज में दिव्यांगजनों में सहायक उपकरण का वितरण किया गया। व्हील चेयर, ट्राई साइकिल, कान की मशीन, स्मार्ट कैन आदि सहायक उपकरण पाकर दिव्यांगजनो के चेहरे खुशी से चमक उठे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सांसद जगदंबिका पाल ने कहा कि दिव्यांगजन किसी से कम नहीं हैं। दिव्यांगता को अपनी कमजोरी न समझें।

सहायक उपकरण इस अक्षम्ता को समाप्त तो नहीं कर पाएंगे। लेकिन उसमें कमी अवश्य लाएंगे। इस योजना से लाभार्थियों को स्वावलंबी एवं सशक्त करने व उन्हें समाज की मुख्य धारा से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। भाजपा सरकार दिव्यांग जनों को आगे बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। जबकि विधायक डुमरियागंज सैय्यदा खातून ने कहा कि यह उपकरण दिव्यांगजनों के दैनिक जीवन में सहायक सिद्ध होंगे। आज शिक्षा, खेल, राजनीति सहित अन्य क्षेत्रों में वह अपना परचम लहरा रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान दिव्यांगों को 30 ट्राई साइकिल, 3 कान की मशीन, 6 व्हील चेयर, 2 स्मार्ट कैन वितरित किया गया। इस मौके पर पूर्व नपं अध्यक्ष नौगढ़ एसपी अग्रवाल, एडीओ महिला मानसी पटेल, जिला दिव्यांग सशक्तीकरण अधिकारी संदीप मौर्य, राजेश द्विवेदी, कुलदीप द्विवेदी, नरेन्द्र मणि त्रिपाठी, बच्चा राम बौद्ध, सूर्य प्रकाश उपाध्याय, केशव सिंह, अनुराग उपाध्याय, मनीष सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

### श्रीकृष्ण बाल लीला की कथा सुनकर श्रद्धालु हुए भावविभोर

लालगंज, प्रतापगढ़। सांगीपुर के कोठा नेवढ़िया गांव में आयोजित श्रीमद्भागवत महापुराण कथा में गुरुवार को श्रीकृष्ण बाललीला की कथा सुनकर श्रद्धालु भावविभोर दिखे। कथाव्यास ओमानंद जी महराज ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का जन्म धरती पर पाप का अंत कर धर्म की रक्षा की मजबूती के लिए हुआ। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का जीवन दर्शन समाज के लोगों के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने भागवत महापुराण की महत्ता भी श्रद्धालुओं को बताई। मुख्य यजमान रामशिरोमणि तिवारी व सुमित्रा तिवारी ने व्यासपीठ का रोली चंदन से श्रीअभिषेक किया। इस मौके पर राजकिशोर तिवारी, राजभूषण, शाश्वत, शिवाजीत, सुचित आदि मौजूद रहे।

### स्वच्छता एवं जल जीवन को लेकर जागरूकता अभियान,

लालगंज, प्रतापगढ़। जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति जल जीवन मिशन के तहत गुरूवार को ब्लाक ओपनिंग का कार्यक्रम सोल्लास हुआ। रामपुर संग्रामगढ़ ब्लाक परिसर में हर घर जल योजनान्तर्गत स्वच्छता के कार्यक्रम को लेकर सहायक विकास अधिकारी प्रवीण कुमार ने गांव के लिए समारोहपूर्वक हरी झंडी दिखाकर जागरूकता वाहनों को रवाना किया। जागरूकता के तहत गांव में स्वच्छ परिवेश तथा जल संचयन को लेकर लोगों से सहयोग का आहवान किया गया। राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन के तहत पेयजल योजना में मरम्मत के तहत रोजगार सृजन की भी अधिकारियों ने जानकारियां प्रदान की। सार्वजनिक शिक्षोन्यन संस्थान लखनऊ के द्वारा स्वयंसेवको ने स्वच्छता मिशन में जागरूकता के साथ लोगों के अहम सहयोग के टिप्स दिये। जागरूकता कार्यक्रम में स्वच्छ भारत मिशन के तहत देश को स्वच्छ परिवेश में शौच मुक्त बनाये जाने का संकल्प लिया गया। इस मौके पर प्रधान धीरेन्द्र प्रताप सिंह, प्रमोद पटेल, संस्था के डीपीसी प्रवेश यादव, मनोज कुमार गौतम, प्रिंस सोनी व प्रशिक्षक अनुराग शुक्ला आदि रहे।

## राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने आठ सूत्रीय मांग पत्र बीईओ भनवापुर को सौंपा



**डुमरियागंज, सिद्धार्थनगर स्पष्ट आवाज।** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ भनवापुर ब्लाक इकाई के पदाधिकारियों द्वारा गुरूवार को आठ सूत्रीय मांग पत्र बीईओ भनवापुर को सौंपा गया। ब्लाक अध्यक्ष अरूण कुमार चतुर्वेदी ने ज्ञापन देते हुए शिक्षकों के समस्याओं को शीघ्र ही निस्तारित करने की मांग किया। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के ब्लाक अध्यक्ष के नेतृत्व में बीईओ को दिए गए अपने ज्ञापन मे सफाई कर्मचारियों को विद्यालयों में सप्ताह में कम से कम तीन दिन उपस्थित होकर साफ-सफाई करने, शिक्षकों का अवकाश अपने स्तर से अग्रसारित अथवा निस्तारित अपने स्तर से समय से करने, आंगनबाड़ी केंद्रों पर जो प्राथमिक विद्यालय में संचालित हैं। उनके बच्चों को बैठने के लिए विभाग को निर्देशित करने, आंगनवाड़ी के बच्चों के एमडीएम के संबंध में निर्देश जारी करने, बोर्ड परीक्षा में ड्यूटी करने वाले शिक्षकों को पारिश्रमिक का भुगतान, हर माह बीईओ और प्रधानाध्यापकों का मासिक बैठक आदि सहित आठ सूत्रीय मांग पर बीईओ विंदेश्वरी प्रसाद मिश्र को देकर शीघ्र समस्या के समाधान की मांग किया। इस दौरान शिवम कुमार, जितेंद्र पांण्डेय, उमाकांत गुप्ता, गोपेश दूबे, अभयंकर, अवधेश भारती, आबिद रिजवी, शिवाजी सिंह, राम बरन जयसवाल, सज्जन श्रीवास्तव आदि लोग उपस्थित रहे।

## आपदा मित्र व सखियों ने केंद्रीय गृह राज्य मंत्री को सौंपा ज्ञापन

- आपदा मित्र व आपदा सखियों ने आपदा प्राधिकरण की कड़ी से कड़ी जोड़ते हुए अपनी ड्यूटी की मांग करते हुए उचित मानदेय दिलाए जाने की माग की ।



**निघासन-खीरी,(स्पष्ट आवाज)।** तहसील इकाई आपदा मित्र परियोजना के अंतर्गत मार्च 2022 में नियुक्त किए गए आपदा मित्रों व आपदा सखियों ने अपनी मांगों को लेकर आपदा ट्रेनिंग कराई गई थी आपदा मित्र व आपदा सखियों को मानदेया लागू किया जाए जिससे आपदा मित्र व आपदा सखियों को काम मिल सके निघासन आपदा मित्रों ने मिलकर केंद्रीय गृह राज्य मंत्री को सोपा ज्ञापन जिला प्रशासन से ड्यूटी और उचित मानदेय देने की मांग की भारत सरकार द्वारा संचालित एन0डी0एम 0ए आपदा मित्र परियोजना के अंतर्गत शासनादेश संख्या जी 0आई 038/ एफ 11के2वा 2021 दिनाक 06/04/2021के निर्देशों के अनुपालन में श्री जिलाधिकारी महोदय द्वारा जनपद की समस्त तहसीलों के उपजिलाधिकारी के मध्यम माह के मार्च खंड 2 में 500आपदा मित्रों की पात्रता को पत्र अपने पर योग आपदा मित्रों को प्रशिक्षण हेतु भेजा गया था

आपदा मित्रों व आपदा सखियों ने समय-समय पर राज आपदा मोचन बल उत्तर प्रदेश द्वारा किए गए आपदा प्रबंधन बुनियादी प्रशिक्षण आपदा मित्र के रूप में सफलता प्राप्त किया है आपदा मित्र व आपदा सखी आदेशों की आशा पर बेरोजगार रहकर आदेश की तत्परता से प्रतीक्षा कर रहे हैं आपदा मित्र आपदा सखी प्रशिक्षित होने के बावजूद भी अन्य प्रदेशों में मजदूरी करने पर मजबूर है राजेश राजपूत,रवि , कमलेश कुमार मंगल सिंह, पंकज कुमार गुप्ता, सुरेश राजपूत, प्रदीप कुमार, रामू, आदि आपदा मित्र मौजूद।

### भागवत कथा के पूर्व श्रद्धालुओं ने निकाली कलश शोभा यात्रा

लालगंज, प्रतापगढ़। श्रीमदभागवत कथा के पूर्व श्रद्धालुओं ने गाजे बाजे के साथ शोभा यात्रा निकाली। शोभा यात्रा चमरूपुर शुक्लान से होते हुए शमसेरगंज की काली माता मंदिर व बाबा दूधनाथ धाम पहुंची। यहां पूजन अर्चन के बाद श्रद्धालु कथास्थल चमरूपुर शुक्लान वापस पहुंचे।

कथा के पहले दिन कथाव्यास आचार्य काली प्रसाद मिश्र ने कहा कि जीव ईश्वर का स्वरूप होते हुए भी ईश्वर को पहचानने का प्रयत्न नहीं करता। इसके कारण उसके जीवन में दुख व कष्ट आते हैं। उन्होने कहा कि भागवत कथा सुनने मात्र से ही मानव का जीवन धन्य हो जाता है। मुख्य यजमान राधेकृष्ण मिश्र व निर्मला ने व्यासपीठ की आरती उतारी। इस मौके पर विनय दुबे, रोहित मिश्र, पवन शुक्ल, प्रमोद मिश्र, संतोष मिश्र, अजय मिश्र आदि रहे।

## ग्रह राज्य मंत्री ने निघासन में खोला विकास का पिटारा



**लखीमपुर -खीरी,(स्पष्ट आवाज)।** केन्द्रीय गृहराज्यमंत्री मा0 अजय मिश्र टेनी ने विधानसभा में दो दर्जनों से अधिक विकास कार्यों का शिलान्यास व लोकार्पण किया।सर्वप्रथम निघासन नगरपंचायत कार्यालय में पहुंचे केन्द्रीय गृहराज्यमंत्री का नगर पंचायत अध्यक्ष बद्री प्रसाद मौर्य ने जोरदार स्वागत किया। इसके बाद पतिया में प्रधानमंत्री सड़क योजना के अन्तर्गत सत्तू पुरवा से मोती पुरवा मार्ग 5 किमी पांच सौ मीटर लागत 371.65 लाख से बनी सड़क का लोकार्पण किया।

इसके बाद ग्राम पंचायत खैराहनी के बौधिया खुर्द में बनी सांसद निधि से बनी इंटर लॉकिंग अनमोल सिंह के घर से परस राम के घर तक एक सौ छः मीटर बनी इंटर लॉकिंग का लोकार्पण किया। और ग्राम पंचायत बौधिया कला में बनी सांसद निधि से तुलसी राम के घर से परशुराम के घर तक सत्तर मीटर लागत लगभग पांच लाख से बनी इंटरलॉकिंग का लोकार्पण किया। इस प्रकार कई दर्जनों विकास कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास किया।बौधिया खुर्द में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केन्द्रीय गृहराज्यमंत्री ने बताया कि सरकार गरीबों के हित में कार्य कर रही है।

पूर्ववर्ती सरकारों में बिजली का हफ्ता चलता था अब हर गांव घरों बिजली पहुंच गई है बिजली प्रयाप्त मात्रा में मिल रही है चारों तरफ सड़कें बन गई है जो बची है वो लोकनिर्माण विभाग से बनी रही हैं। सरकारी स्कूलों में पढ़ाई के साथ साथ सौंदर्यीकरण भी हो गया शिक्षा में काफी सुधार हुआ है।इस प्रकार कई जन कल्याणकारी योजनाओं का बखान किया।

इस दौरान सांसद प्रतिनिधि अरविंद सिंह संजय,कनक पाल सिंह राणा, नागेन्द्र सिंह सेंगर, रतीराम लोधी,मोनू दीक्षित,के के तिवारी, अशोक तिवारी, हरिशंकर,श्री राम मौर्य, ग्राम विकास अधिकारी उपदेश वर्मा,उमाशंकर मौर्य, प्रधान प्रतिनिधि पंकज मौर्य,राजेन्द्र प्रसाद, अनमोल, राजेश लोधी, अरविंद लोधी, रामनिवास लोधी, पंकज पटेल, दिनेश, रामपाल लोधी,आदि काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### मंत्री के वाहन से चुटहिल छात्रा को सौंपी मदद

लालगंज, प्रतापगढ़। केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी की कार से चुटहिल हुई छात्रा का कुशलछेम जानने गुरूवार को प्रदेश कांग्रेस कमेटी का प्रतिनिधि मण्डल राजापुर के चकिया गांव पहुंचा। प्रतिनिधि मण्डल ने चुटहिल छात्रा का कुशलछेम लेते हुए उसके स्वास्थ्य लाभ की कामना की। प्रतिनिधिमण्डल के दौरे के पहले राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी तथा कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने भी घायल छात्रा से फोनिक वार्ता कर उसका कुशलछेम जाना। प्रदेश महासचिव विवेकानंद पाठक के नेतृत्व में पहुंचे कांग्रेसियों के प्रतिनिधि मण्डल ने छात्रा के इलाज एवं उसकी क्षतिग्रस्त साइकिल के मरम्मत कराये जाने को लेकर पार्टी की ओर से आर्थिक मदद भी सौंपा। बतादें सुमन यादव राजकीय महाविद्यालय सांगीपुर की बीए की छात्रा है जो बुधवार की सुबह राजकीय महाविद्यालय सांगीपुर जा रही थी। छात्रा के स्कूल जाते समय केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी का काफिला भी आ पहुंचा। काफिले में मंत्री के वाहन से छात्रा सुमन यादव दुर्घटना में चुटहिल हो गयी।

टेण्डर नोटिस

रूप पत्र संख्या 8 के तहत

अमृत सरोवर वसौली में पक्का निर्माण कार्य, विकास खण्ड पट्टी, प्रतापगढ़

ग्रा0पं0 अभिषेक रावत
जेई विजय प्रताप सिंह

ग्राम प्रधान
श्रीमती आशादेवी

उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

ई–निविदा सूचना

मुख्य परियोजना प्रबंधक/निर्माण, उत्तर रेलवे, वाराणसी द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए निर्धारित प्रोफॉर्मा पर खुली ई–निविदाएँ दो पैकेट में आमंत्रित की जाती हैं ।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम व स्थान | उत्तर रेलवे के लखनऊ मण्डल पर जौनपुर–जाफराबाद–सुल्तानपुर सेक्शन पर जाफराबाद स्टेशन के निकट लेवल क्रॉसिंग संख्या 38–ए पर (बी एस जी स्पैन 1 x 72 M + कम्पोजिट स्टील गर्डर स्पैन 1 x 30 M) के साथ 2 लेन उपरिगामी सेतु के केवल रेलवे हिस्से का निर्माण। |
| 2 | कार्य पूरा करने की अवधि | 12 (बारह ) माह |
| 3 | कार्य की अनुमानित लागत | रु. 2362.62 लाख |
| 4 | धरोहर राशि | रु. 13,31,300/– |
| 5 | ई निविदा जमा करने की तारीख/समय एवं निविदा खुलने की तारीख | निविदाएँ दिनांक 18.03.2024 को 11:30 बजे तक आई.आर.ई.पी.एस. के वेबसाइट www.ireps.gov.in पर अपलोड की जा सकती है तथा दिनाँक 18.03.2024 को समय 11:30 बजे खोली जाएगी। |
| 6 | विस्तृत निविदा सूचना व प्रपत्र | विस्तृत निविदा सूचना व निविदा प्रपत्र दिनाक 26.02.2024 से आई.आर.ई.पी.एस के वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध रहेंगे व दिनाँक 04.03.2024 से 18.03.2024 तक ई–निविदा अपलोड की जा सकती है। |

संख्या 1–टेण्डर/सी पी एम/नि./वाराणसी दिनाँक : 21.02.2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 571/24

# पौराणिक स्थलों का कराया जा रहा है जीर्णोद्धारः डीएम

- **वंदन योजना के तहत जनपद में दो पौराणिक स्थलों का हो रहा है जीर्णोद्धार**
- **वंदन योजना के तहत जनपद को मिला 393.85 लाख**



अम्बेडकरनगर(स्पष्ट आवाज)। मुख्यमंत्री द्वारा उत्तर प्रदेश के नगरीय क्षेत्र अवस्थित सांस्कृतिक, धार्मिक ,पौराणिक एवं ऐतिहासिक महत्व के स्थलों पर अवस्थापना तथा अन्य सुविधाओं के विकास हेतु वंदन योजना के अंतर्गत जनपद अंबेडकर नगर के नगर पालिका अकबरपुर में अवस्थित शिव बाबा, मेला क्षेत्र में अव स्थाना सुविधाओं के कार्य के तहत विश्रामालय, वाटर किवोस्क, साइनेज, छादक एवं प्रकाश व्यवस्था व इंटरलॉकिंग हेतु 200 लाख तथा नगर पंचायत राजेसुल्तानपुर में अवस्थित बुढ़िया माता मंदिर में अवस्थापना सुविधाओं के कार्य के तहत संपर्क मार्ग, विश्रामालय,वाटर किवोस्क, साइनेज, छादक एवं प्रकाश व्यवस्था, सुंदरीकरण, इंटरलॉकिंग आदि कार्य हेतु 193.85 लाख रुपए की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक में शहरी निकायों में स्थित सांस्कृतिक, पौराणिक, ऐतिहासिक एवं धार्मिक स्थलों के विकास के लिये वंदन योजना को स्वीकृति दी गई। नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने बताया कि योजना के तहत इन स्थलों पर लाइटिंग, पेयजल, टॉयलेट, साफ-सफाई, लिंक रोड और बेंच सहित अन्य बुनियादी सुविधाएँ विकसित की जाएंगी। ज़िलाधिकारी की अध्यक्षता में बनी कमेटी प्रत्येक वर्ष ऐसे 2-2 स्थलों का चयन करेगी।

इस योजना के तहत ऐसे स्थलों पर संपर्क मार्ग, विश्राम स्थल, शेड, पेयजल की व्यवस्था, लाइटिंग, पेंटिंग, इंटरलॉकिंग, परिक्रमा पथ, घाटों का निर्माण आदि कार्यों को पर्यटन विभाग से समन्वय कर कराया जाएगा। इस योजना में वित्तीय वर्ष 2023-24 में 50 करोड़ रुपए की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा पर्यटन विभाग, सीएसआर मद, सांसद-विधायक निधि व नगर निकाय विभाग के बजट से भी इन स्थलों को विकसित किया जा सकेगा। जिलाधिकारी अविनाश सिंह द्वारा विगत 1 वर्ष से लगातार सार्थक प्रयास जनपद के सर्वांगीण विकास के लिए किया जा रहा है। इसी क्रम में वंदन योजना के तहत भी जनपद के दो पौराणिक स्थलों के जीर्णोद्धार के लिए वित्तीय स्वीकृति प्राप्त हुई है। जिलाधिकारी द्वारा यह भी कहा गया कि यदि जनपद में कोई भी पौराणिक स्थल जीर्णोद्धार लायक हो तो उसे संज्ञान में लाया जाए। जनपद के सभी पौराणिक स्थलों का विभिन्न योजनाओं के तहत जीर्णोद्धार कराया जाएगा।

## भारत जोड़ो न्याय यात्रा को लेकर राष्ट्रीय सचिव प्रदीप नरवाल ने की प्रेस वार्ता

मुरादाबाद। राहुल गांधी प्रियंका गांधी समेत तमाम कांग्रेस नेता 24 फरवरी को मुरादाबाद पहुचेंगे..मुरादाबाद में 24 फरवरी को कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा पहुंचेंगी यात्रा को लेकर कांग्रेस पार्टी ने सभी तैयारी पूर्ण कर ली है जिसको लेकर करूला स्थित प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया जिसमें राष्ट्रीय सचिव प्रदीप नरवाल ने बताया कि 24 फरवरी की सुबह 9 बजे से भारत जोड़ो न्याय यात्रा मुरादाबाद पहुंचेगी, उन्होने कहा पश्चिमी यूपी मुरादाबाद से भाजपा के सफाए की शुरुआत होगी। यात्रा में राहुल गांधी के साथ प्रियंका गांधी और तमाम कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता मौजूद रहेंगे। वहीं यात्रा मुगलपुरा क्षेत्र जामा मस्जिद से शुरु होकर इंद्राचौक, गलशहीद चौराहा, डबल फाटक, करूला, कोहिनूर, टीपी नगर होते हुए पाकबड़ा के रास्ते अमरोहा जिले में पहुंचेगी। इस मौके पर भारी सख्या में काग्रेस नेतागण मौजूद रहे।

## शारदा पर चैनेलाइजेशन का सर्वे करने पहुंची इंजीनियरों की टीम



पूरनपुर-पीलीभीत (स्पष्ट आवाज)। शारदा नदी पर चैनेलाइजेशन का सर्वे करने इंजीनियर शारदा नदी पर पहुंचे। सूचना पर कई ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। इंजीनियरों ने जल्दी इसका कार्य शुरू करने का आश्वासन दिया।

शारदा नदी में डोजिंग द्वारा चैनेलाइजेशन के कार्य के लिए बुधवार को लखनऊ से चीफ इंजीनियर रूपेंद्र सिंह,कार्यशाला स्थापना खण्डल कानपुर के अधिशासी अभियंता आशुतोष सिंह,कानपुर के स्थापना खंड के जेई विक्रम सिंह,बाढ़खंड पीलीभीत के जेई डीके सिंह चेन्नई से चेनेलाइजशेन स्पेशलिस्ट सहित तमाम टेक्निकल टीम के साथ शारदा नदी के चेनेलाइजशेन का फाइनल सर्वे ड्रोन के द्वारा पूरी नदी पर किया गया।जिसमे सर्वे करने पहुंचे अधिकारियों ने बताया कि सर्वे पूरा होने के बाद कार्य स्थल पर मशीने पहुंचना शुरू हो जाएंगी।चेनेलाइजशेन के सर्वे के लिए पहुंचे अधिकारी की खबर ग्रामीणों तक पहुंची तो भारी संख्या में ग्रामीण सर्वे स्थल पर एकत्र हो गई।

उन्होंने शारदा नदी को लेकर कुछ समस्याओं के वारे में अबगत कराया। जिस पर अधिकारियों ने लोगों को समस्याओं से निजात दिलाने का अश्वाशन दिया। यह मांग वीते कई सालों से की जा रही थी। अब ग्रामीणों को इस समस्या से निजात मिलेगी। इसको लेकर प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। जल्द ही इसका कार्य शुरू कर दिया जाएगा। इससे ग्रामीणों में खुशी की लहर देखी जा रही है। इस दौरान इंजीनियर सहित कई लोग मौके पर मौजूद रहे।

## संक्षिप्त आवाज़

### जिले के सभी थानों पर जन जागरूकता हेतु चस्पा किया गया सूचनात्मक पोस्टर




बदायूँ(स्पष्ट आवाज़)।पुलिस की महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन जनपद इकाई द्वारा मिशन शक्ति अभियान के तहत जन जागरूकता हेतु सूचनात्मक पोस्टर तैयार किया गया।पोस्टर को जनपद के समस्त थानों की महिला हेल्प डेस्क पर सर्वसामान्य हेतु चस्पा किया गया।जन जागरूकता हेतु बनाए गए इस पोस्टर को चस्पा करने की कार्रवाही थाना सिविल लाइन से शुरू की गई जहां एसपी आरए ने महिला हेल्प डेस्क पर पोस्टर चस्पा कर इसका शुभारंभ किया। बृहस्पतिवार को ÷मिशन शक्ति अभियान÷ के अन्तर्गत महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन जनपद इकाई द्वारा महिलाओं तथा बच्चों के विरुद्ध हो रहे अपराधो के नियंत्रण, अनुश्रवण तथा जनजागरुकता सम्बन्धी कार्यो का संचालन हेतु निःशुल्क विधिक सहायता हेतु सर्वसामान्य को सूचनात्मक पोस्टर पर पूर्ण विवरण तैयार किया गया। सूचनात्मक पोस्टर को जनपद के समस्त थानो पर चस्पा किया गया जिससे महिलाओं एवं बालिकाओं को निःशुल्क विधिक सहायता प्रदान की जा सके।पोस्टर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में सूचीबद्ध अधिवक्ताओं का विवरण मौजूद है,जिनसे निःशुल्क विधिक सहायता हेतु संपर्क किया जा सकता है।

### अवैध शराब व उपकरण युवक गिरफ्तार, भेजा जेल



बदायूँ(स्पष्ट आवाज़)।थाना दातागंज पुलिस द्वारा एक व्यक्ति को अवैध शराब तथा शराब बनाने के उपकरणों सहित गिरफ्तार किया गया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी के निर्देशन में क्राइम पर अंकुश की दृष्टि से चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना दातागंज पुलिस द्वारा अवैध शराब तथा शराब बनाने की भट्टी सहित एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार बृहस्पतिवार को मुखविर की सूचना पर शम्भू नंगला जाने वाले रास्ते से कच्ची शराब बना रहे अभियुक्त अजयपाल पुत्र भीकम निवासी ग्राम अन्धरऊ थाना दातागंज को गिरफ्तार किया गया। पुलिस का कहना है कि मौके से अवैध शराब तथा शराब बनाने की उपकरण बरामद हुए।पुलिस द्वारा गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध बरामदगी के आधार पर आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत कर जेल भेजा गया है।

### छेड़छाड़ तथा अश्लील मैसेज भेजने वाले को न्यायालय ने सुनाई सजा

बदायूँ(स्पष्ट आवाज़)। न्यायालय द्वारा छेड़छाड़ तथा अश्लील मैसेज भेजने के मामले में अभियुक्त को सात वर्ष साश्रम कारावास तथा अर्थदंड की सजा सुनाई गई है। पुलिस के अनुसार थाना उसहैत पर वर्ष 2019 में दर्ज हुए मु0अ0सं0 239/2019 धारा 376डीए,506,354वी भादवि 3/4 पॉक्सो एक्ट 66ई आईटी एक्ट 3(2)5ए एससी/एसटी एक्ट बनाम भूरे उर्फ रईस पुत्र जिलेदार निवासी वार्ड न0सात कस्बा व थाना उसहैत की विवेचना सर्वेन्द्र सिंह क्षेत्राधिकारी उझानी द्वारा की गयी थी। विवेचक द्वारा विवेचना की कार्यवाही पूर्ण करते हुए न्यायालय के समक्ष आरोप पत्र प्रेषित किया गया था।तभी से न्यायालय में मामले की सुनवाई चल रही थी?।बृहस्पतिवार को न्यायालय द्वारा अभियुक्त भूरे को मामले का दोषी पाते हुए सात वर्ष का साश्रम कारावास तथा साठ हजार रुपए अर्थ दंड की सजा सुनाई गई है।न्यायालय द्वारा अपने आदेश में कहा गया है कि यदि अर्थ दंड जमा नहीं किया जाता है तो 6 मा का अतिरिक्त कारावास अभियुक्त को भुगतना होगा। मामले को प्रदेश के पुलिस मुखिया के निर्देशन में चलाए जा रहे ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत चिन्हित कर इसमें पुलिस द्वारा न्यायालय में सशक्त रूप से पैरवी की गई थी।

### माध्यमिक शिक्षा परिषद की परीक्षाओं का जायजा लेने पहुंचे डीएम



बदायूँ(स्पष्ट आवाज़)।उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षा परिषद, प्रयागराज द्वारा प्रारंभ हुई हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट परीक्षाओं को सकुशल, नकल विहीन एवं सुचितापूर्ण ढंग से सम्पन्न कराए जाने के लिए प्रथम पाली में 10वीं के हिन्दी विषय की चल रही परीक्षा के दृष्टिगत परीक्षा केन्द्रों का जिलाधिकारी मनोज कुमार ने निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होने स्टेटिक मजिस्ट्रेट एवं केन्द्र व्यवस्थापकों को नकल विहीन परीक्षा संपन्न कराने के आवयक दिशा निर्देश दिए। डीएम ने शिव देवी सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कॉलेज, कुंवर रुकुम सिंह वैदिक इण्टर कॉलेज नगला पूर्वी, राजकीय इण्टर कॉलेज एवं हाफिज सिद्दीकी इस्लामिया इण्टर कॉलेज के परीक्षा केन्द्रो का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने सीसीटीवी, स्ट्रांग रूम आदि व्यवस्थाओं को देखा। राजकीय इंटर कॉलेज में जनपदीय मॉनिटरिंग सैल में तहसील वार की जा रही निगरानी को भी देखा। शिव देवी सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज में 253 के सापेक्ष 241 उपस्थित 12 अनुपस्थित, रुकुम सिंह वैदिक इंटर कॉलेज नगला पूर्वी में 387 के सापेक्ष 380 उपस्थित 7 अनुपस्थित, राजकीय इण्टर कॉलेज में 282 के सापेक्ष 259 उपस्थित 23 अनुपस्थित एवं हाफिज सिद्दीकी इस्लामिया इण्टर कॉलेज में 398 के सापेक्ष 376 उपस्थित 22 अनुपस्थित परीक्षार्थी रहे। उन्होंने केन्द्र व्यवस्थापकों से परीक्षार्थियों की उपस्थिति एवं अनुपस्थिति के बारे में जानकारी कर डबल लॉक, स्ट्रांग रूम, सी0सी0टी0वी0 कक्ष एवं अवशेष प्रश्न पत्रों के रखरखाव आदि की जांच की। उन्होने परीक्षा केन्द्रों पर तैनात स्टेटिक मजिस्ट्रेट, केन्द्र व्यवस्थापक, कक्ष निरीक्षक, सचल दल टीम तथा परीक्षा केन्द्र पर तैनात समस्त कर्मचारियों को जारी आई0डी0 कार्ड को परीक्षा के दौरान पहनने के निर्देश दिए। जिससे कि यदि परीक्षा केन्द्र कोई जाँच हेतु आता है तो संबंधित की पहचान की जा सके।

### जहांगीरगंज राजवाहा नहर की टेल मे पहुंचा पानी



अम्बेडकरनगर(स्पष्ट आवाज)। जनपद में सिंचाई खण्ड टांडा के अंतर्गत आने वाली नहर जहांगीरगंज राजवाहा नहर चौधरी चरण सिंह टांडा पंप नहर के किमी 016.00 से निकलने वाली नहर 62.760 किमी0 लंबाई और उससे निकलने वाली नहरें राजवाहा हंसवार, राजवाहा कटार गढ़, राजवाहा शंकरपुर, राजवाहा शिवतारा, राजवाहा मगनपुर समेत राजवाहा जहांगीर गंज की समस्त नहरों, 43 नहारों सहित जहांगीरगंज राजवाहा नहर टेल फीड किया गया, जहांगीरगंज राजवाहा नहर के टेल भाग में पानी पहुंचाया गया, जिससे उक्त समस्त नहरों से जुड़े कृषक बंधु के खेतों की सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराई गई, जहांगीरगंज राजवाहा नहर प्रणाली से जुड़े कृषक बंधु सिंचाई कर रहे हैं, रबी फसल 1431 हेतु वांछित सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।

## डीएम के कड़े तेवर देख प्रधान ने शुरू की लीपा-पोती

पूरनपुर-पीलीभीत (स्पष्ट आवाज)। जांच अभिलेख उपलब्ध न कराने पर जिलाधिकारी के तीखे तेवर दिखाई दिए। उन्होंने शिकायत मिलने पर कार्यवाही के कडे निर्देश दिए हैं, जिससे हडकंप मचा हुआ है।

कोतवाली क्षेत्र की ग्राम पंचायत अमरैया कलां में 25 लाख रुपए की गड़बड़ी का आरोप लगाकर ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र दिया। जिस पर डीएम ने जांच समिति गठित कर दी। जिलाधिकारी ने नौ फरवरी को आदेश में ग्राम पंचायत व ग्राम विकास अधिकारी को दो दिन में ग्राम जांच सम्बंधी अभिलेख उपलब्ध कराने के निर्देश दिए थे। जांच अधिकारी जिला ग्रामोद्योग अधिकारी प्रतापनरायण व सहायक अभियंता प्रान्तीय खण्ड लोक निर्माण विभाग सुरेन्द्र कुमार को 15 दिन में जांच आख्या उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। लेकिन ग्राम प्रधान व सचिव ने 25 लाख रुपए के घोटाले को छिपाने के लिए जांच सम्बंधी अभिलेख उपलब्ध नहीं कराए। जिससे जांच अधिकारी को जांच करने में असुविधा होने पर जांच आख्या समय से पूर्ण नहीं हुई। ग्राम प्रधान व सचिव ने रातोंरात काम कराना शुरू कर दिया। जांच न होने पर शिकायतकर्ताओं ने जिलाधिकारी से शिकायत की। पुनः शिकायती पत्र पर मिलने से नाराज डीएम ने तीखे तेवर दिखाते हुए मुख्य विकास अधिकारी को जल्द जांच कराने के सख्त निर्देश दिए हैं। ऐसा न होने पर कार्रवाई के लिए आदेशित किया गया है। डीएम के तेवर तीखे होने प्रधान व सचिव के अलावा अन्य सचिवों व प्रधानों में खलवली मची हुई है।

## दोषी सिद्ध होने पर लेखपाल व प्रधान पर कार्रवाई का डीएम ने दिया आश्वासन

पूरनपुर-पीलीभीत (स्पष्ट आवाज)। जेल भेजने की धमकी देने वाले लेखपाल की जिलाधिकारी से शिकायत की गई है। जिलाधिकारी ने लेखपाल पर कार्यवाही करते हुए उपजिलाधिकारी व क्षेत्राधिकारी को तीन दिन में मामला निस्तारण करने के निर्देश दिए।तहसील क्षेत्र के ग्राम अमरैया कलां निवासी सुरेश कुमार शर्मा ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र दिया। सुरेश कुमार ने बताया कि उसकी पैतृक जगह है। जिस पर पुत्तूलाल व उसके पुत्र हरिओम,राजीव व अरविंद बलपूर्वक अवैध कब्जा कर रहे हैं। जोकि मामला बीस वर्षो से चल रहा है। ग्राम प्रधान ने दो बार फैसला किया। लेकिन ग्राम प्रधान सत्यपाल शर्मा पहले फैसला कर देते हैं और बाद में उन्ही को उकसा देते हैं। आरोप है कि आधी जगह में देवेन्द्र ने मकान बना लिया है। लेकिन ग्राम प्रधान के इशारे पर हरिओम राजीव व अरविंद दीवार नहीं उठाने दे रहे हैं। जबरदस्ती कब्जा कर लिया है। सुरेश कुमार ने बताया कि जब जिलाधिकारी से शिकायत की तो लेखपाल श्याम राणा ने भी ग्राम प्रधान से बात करके हरिओम से सांठगांठ कर ली। लेखपाल रिश्वत लेकर मुझे जेल भेजने की धमकी देने लगे। लेखपाल व ग्राम प्रधान ने मामले का निस्तारण नहीं किया। पुत्तूलाल, हरिओम राजीव व अरविंद मेरे परिवार के साथ मारपीट करते हैं। ग्राम प्रधान के जरिए ही यह लोग झगड़ा व मारपीट करते हैं। ग्राम प्रधान ने मेरे पिता को हत्या के मामले में फर्जी मुकदमा में जेल भेजने की धमकी दी। प्रधान ने सरकारी विद्यालय, बृजबिहारी यादव, मंगली प्रसाद आदि लोगों की जमीन व जगह बेंच दी है। अब उसकी जगह पर भी नियत है। बुद्धवार को शिकायती पत्र मिलने पर जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह ने तीन दिन में उपजिलाधिकारी राजेश शुक्ला व क्षेत्राधिकारी आलोक सिंह को मौके पर जाकर मामला निस्तारण करने के आदेश दिए हैं और दोषी सिद्ध होने पर लेखपाल व ग्राम प्रधान पर कार्यवाही का आश्वासन दिया।

## भाजपा ने जन सम्पर्क अभियान के लिए कार्यशाला का किया आयोजन



बिजनौर(स्पष्ट आवाज ) बिजनौर विधानसभा के आदमपुर मंडल की लाभार्थी जनसंपर्क अभियान कि कार्यशाला भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित की गई जिसमें मुख्य अतिथि जिला उपाध्यक्ष संगीता अग्रवाल रही 7 कार्यशाला की अध्यक्षता आदमपुर मंडल के यशस्वी मंडल अध्यक्ष देवेंद्र मलिक द्वारा तथा संचालन मंडल महामंत्री एवं इस अभियान के मंडल संयोजक आशीष शर्मा द्वारा किया गया । इस अवसर पर मुख्य अतिथि द्वारा इस अभियान को किस प्रकार चलाया जाना है इस बारे में विस्तार से बताया गया 7 इस अवसर पर अपने अध्यक्षीय भाषण में मंडल अध्यक्ष देवेंद्र मलिक ने सभी से निवेदन किया कि जिस प्रकार सभी अभियानों में मंडल के पदाधिकारी कार्यकर्ता गण कार्य करते रहे है उसी तरह इस अभियान में कार्य करें । इस अवसर पर मंडल उपाध्यक्ष सुभाष प्रधान, रणजीत सैनी मंडल मंत्री कल्याण सिंह,मधु भूषण , अभ्रा पाठक, मंडल अध्यक्ष युवा मोर्चा सुधांशु काकरान, मंडल अध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा विकार हैदर रिजवी, मंडल अध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा पुष्पराजकमल,शक्ति केंद्र संयोजक डॉ0 सामोद,पवन वर्मा मंडल महामंत्री महिला मोर्चा उषा भटनागर, मंडल उपाध्यक्ष महिला मोर्चा शिवानी भारद्वाज आदि उपस्थित रहे।


## कार्यालय जिला पंचायत, बदायूँ

**पत्रांक :1016/जि0पं0/कांजी हाउस/2023-24** **दिनांक : 22-02-2024**

**गोवंश आश्रय स्थल (कांजी हाउस) संचालन ठेके पर दिये जाने की विज्ञप्ति/सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इच्छुक गोरक्षक जिला पंचायत, बदायूँ के क्षेत्रान्तर्गत जिला पंचायत, बदायूँ द्वारा संचालित निम्नांकित गोवंश आश्रय स्थल (कांजी हाउसों) को वर्ष 2024-25 हेतु शासन द्वारा निर्धारित खुराकी मूल्य रूपया 48.00 प्रति दिन प्रति पशु की दर से संचालन के लिए दिनांक 07.03.2024 अपरान्ह 12.00 बजे तक कार्यालय जिला पंचायत, बदायूँ में आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। आश्रय स्थल जिला पंचायत अपने स्तर से निःशुल्क देगा।

| क्र0 सं0 | कांजी हाउस का नाम | विकास खण्ड का नाम | जमानत धनराशि | संचालन की विधि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | कादरचौक | कादरचौक | 2000.00 | गोवंश आश्रय स्थल (कांजी हाउस) के संचालन हेतु शासन से निर्दिष्ट/अनुमन्य धनराशि नियमानुसार विभाग से देय होगी। आवेदन पत्र इसी आधार पर आमंत्रित हैं। |
| 2 | मुजरिया | सहसवान | 2000.00 | |
| 3 | सादुल्लागंज | समरेर | 2000.00 | |
| 4 | कुँवरगॉव (अस्थाई) | सालारपुर | 2000.00 | |

**शर्ते :** 1. गोवंश आश्रय स्थल (कांजी हाउस) को संचालन हेतु खुराकी मूल्य अकंन रू0-48.00 प्रति दिन की दर से करना होगा, पंजीकृत संस्था/व्यक्तियों/स्वयंसेवी संस्थाओं को वरीयता प्रदान की जायेगी। 2. अन्य शर्ते किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में देखी जा सकती हैं। 3. ठेका स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का अधिकार अध्यक्ष, जिला पंचायत, बदायूँ में निहित है।

**अपर मुख्य अधिकारी**
**जिला पंचायत, बदायूँ**


## डीएम ने किया प्राथमिक विद्यालय कुन्दरकी का औचक निरीक्षण



मुरादाबाद। जिलाधिकारी द्वारा प्राथमिक विद्यालय नानपुर ब्लाक कुन्दरकी का औचक निरीक्षण किया गया के दौरान प्रधानाध्यापक व एक शिक्षामित्र अनुपस्थित पाये गये। प्रधानाध्यापक का एआरपी सुपरवीजन में जाना एवं एक शिक्षामित्र का ट्रेनिंग पर जाना बताया गया। बी0एस0ए0 को अनुपस्थित कार्मिकों से स्पष्टीकरण मांगने के दिये निर्देश। बताते चले कि गुरूवार की सुबह जिलाधिकारी मानवेद्र सिंह अचानक कुन्दरकी के नानपुर प्राथमिक विद्यालय पहुचे और उनके द्वारा बारीकी से निरीक्षण भी किया गया। विद्यालय में पढ़ाई का स्तर संतोषजनक पाया गया। निरीक्षण में जिलाधिकारी ने स्वयं विद्यालय में छात्रों को दिये जा रहे एम0डी0एम0 को ग्रहण कर भोजन गुणवत्ता का लिया जायजा।पर्याप्त कक्ष होने पर भी एक कक्ष में दो क्लास चलती हुई पायी गयी। पोषण वाटिका में काफी बड़ी-बड़ी झाड़िया थी, पोषण वाटिका के रख-रखाव पर कोई ध्यान नहीं दिया गया है। विद्यालय में तीन आंगनवाड़ी केन्द्र संचालित थे, जिसमें एक बन्द मिला व दो आंगनवाड़ी केन्द्रों में केवल 12 बच्चे उपस्थित पाये गये। आंगनवाड़ी के बच्चों हेतु भोजन की व्यवस्था ठीक नहीं पायी गई, बताया गया कि पैसा न आने की वजह से बच्चों को भोजन नहीं दिया जा रहा है। आंगनवाड़ी केन्द्रों का संचालन ठीक से न होने पर संबंधित सीडीपीओ को स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।


## कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी मिश्रिख - सीतापुर

**पत्रांक : 4713/पंचम रा0वि0, 15वॉं वि0आ0/2023-24** **दिनांक : 22-02-2024**

**।। निविदा आमंत्रण सूचना।।**

पंचम वित्त आयोग/पन्द्रहवां वित्त आयोग (टाईड/अनटाइड) के निर्माण कार्यों को कराये जाने हेतु क्षेत्र पंचायत, मिश्रिख एवं अन्य शासकीय विभागों में पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मों हेतु क्षेत्र पंचायत राज्य वित्त आयोग/15वॉं वित्त आयोग अन्तर्गत प्राप्त धनराशि एवं स्वीकृत कार्यों का निर्माण कार्य करवाने हेतु मोहरबन्द निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा फार्म दिनांक-22-02-2024 से विक्रय किये जायेगे। टेण्डर फार्म का मूल्य 500.00 रू0 प्रति होगा तथा दिनांक - 02-03-2024 को पूर्वान्ह 12 बजे तक विक्रीत निविदायें निविदा बाक्स में जमा की जायेगी। तदोपरान्त उसी दिन खण्ड विकास अधिकारी कक्ष में उपस्थित ठेकेदारों के समक्ष अपरान्ह 03 बजे गठित समिति की उपस्थिति में खोली जायेगी। निर्धारित समय सीमा के बाद प्राप्त निविदाओं पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। निविदा के साथ सामान्य धरोहर के रूप में कार्य की कुल लागत का 02 प्रतिशत की धनराशि अधोहस्ताक्षरी के नाम जमानत के रूप में जमा करना होगा जो नकद के रूप में अथवा किसी राष्ट्रीयकृत बैंक से निर्गत एफ0डी0आर0 अथवा डाकघर से निर्गत बचत पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। ठेकेदार द्वारा प्रस्तुत बिल में 02 प्रतिशत आयकर, 02 प्रतिशत जी0एस0टी0 01 प्रतिशत सेवाकर का चार्ज की कटौती की जायेगी। टेण्डर स्वीकृत के उपरान्त शेष 08 प्रतिशत जमानत की एफ0डी0आर0 एग्रीमेन्ट के साथ से नोटरी से सत्यापित प्रस्तुत करना होगा। टेण्डर के साथ समस्त प्रस्तुत चरित्र प्रमाण पत्र, हैसियत प्रमाण पत्र जी0एस0टी0 पंजीयन, पैन कार्ड, आधार कार्ड, 10 रू0 के स्टाम्प पर शपथ पत्र पंजीयन प्रमाण पत्र की छायाप्रति स्वहस्ताक्षरित प्रस्तुत करना होगा। खण्ड विकास अधिकारी को यह अधिकार होगा कि किसी या सभी निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त कर दें। अन्य शर्तों/निविदा सम्बन्धी जानकारी किसी कार्य दिवस में खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय से प्राप्त की जा सकती हैं।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | प्राक्कलन के अनुसार कार्य का प्रकार | कार्य की प्राक्कलित लागत | स्वीकृत लागत की धनराशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | जमानत धनराशि | योजना का नाम |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | नीमसार देहात में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में सार्वजनिक स्थान पर वाटर कूलर आर0ओ0 की स्थापना | वाटर कूलर | 373300 | 373300 | 500 | 7466 | केन्द्रीय वित्त टाइड |
| 2 | मिश्रिख देहात में कोतवाली परिसर के निकट सार्वजनिक स्थान पर वाटर कूलर स्वच्छ पेयजल हेतु आर0ओ0 की स्थापना | वाटर कूलर | 373300 | 373300 | 500 | 7466 | केन्द्रीय वित्त टाइड |
| 3 | ग्राम मडरूदा में परिक्रमा पडाव पर सार्वजनिक स्थान पर वाटर कूलर स्वच्छ पेयजल हेतु आर0ओ0 की स्थापना | वाटर कूलर | 373300 | 373300 | 500 | 7466 | केन्द्रीय वित्त टाइड |
| 4 | बेलहरी में सड़क के किनारे यात्री प्रतिक्षालय के पास सार्वजनिक स्थान पर वाटर कूलर स्वच्छ पेयजल हेतु आर0ओ0 की स्थापना | वाटर कूलर | 373300 | 373300 | 500 | 7466 | केन्द्रीय वित्त टाइड |
| 5 | पियना चौराहे पर सार्वजनिक स्थान पर वाटर कूलर स्वच्छ पेयजल हेतु आर0ओ0 की स्थापना | वाटर कूलर | 373300 | 373300 | 500 | 7466 | केन्द्रीय वित्त टाइड |
| 6 | मिश्रिख देहात कुतुबनगर डामर रोड के किनारे रावत हास्पिटल के पास सार्वजनिक स्थान पर वाटर कूलर स्वच्छ पेयजल हेतु आर0ओ0 की स्थापना | वाटर कूलर | 373300 | 373300 | 500 | 7466 | केन्द्रीय वित्त टाइड |
| 7 | मिश्रिख देहात में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में सार्वजनिक स्थान पर वाटर कूलर स्वच्छ पेयजल हेतु आर0ओ0 की स्थापना | वाटर कूलर | 373300 | 373300 | 500 | 7466 | केन्द्रीय वित्त टाइड |
| 8 | ग्राम मुडियारा में हरे कृष्ण के घर के सामने शंकर जी मन्दिर के पास सार्वजनिक स्थान पर वाटर कूलर स्वच्छ पेयजल हेतु आर0ओ0 की स्थापना | वाटर कूलर | 373300 | 373300 | 500 | 7466 | केन्द्रीय वित्त टाइड |
| 9 | ग्राम पंचायत बलियापुर के ग्राम अरसेनी में सार्वजनिक स्थान पर वाटर कूलर स्वच्छ पेयजल हेतु आर0ओ0 की स्थापना | वाटर कूलर | 373300 | 373300 | 500 | 7466 | केन्द्रीय वित्त टाइड |
| 10 | नीमसार देहात में कोतवाली परिसर के सामने सार्वजनिक स्थान पर वाटर कूलर स्वच्छ पेयजल हेतु आर0ओ0 की स्थापना | वाटर कूलर | 373300 | 373300 | 500 | 7466 | केन्द्रीय वित्त टाइड |
| 11 | ग्राम पंचायत भिखनापुर के मजरा समसापुर में महापुष्प मन्दिर के पास सार्वजनिक स्थान पर वाटर कूलर स्वच्छ पेयजल हेतु आर0ओ0 की स्थापना | वाटर कूलर | 373300 | 373300 | 500 | 7466 | केन्द्रीय वित्त टाइड |

**निविदा की पात्रता :-** 1. निविदा सम्बन्धी अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस में खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय मिश्रिख से प्राप्त की जा सकती हैं। **2.** निविदा के साथ हैसियत प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र, पैनकार्ड, अनुभव प्रमाण पत्र, जी0एस0टी0 प्रमाण पत्र, शैक्षिक योग्यता एवं अन्य अर्हता सम्बन्धी प्रमाण पत्रों की प्रमाणित प्रतियां संलग्न करना अनिवार्य है अन्यथा निविदा पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। **3.** निविदा के साथ 02 प्रतिशत जमानत धनराशि राष्ट्रीकृत बैंक का एफ0डी0आर0 अथवा एन0एस0सी0 जो खण्ड विकास अधिकारी मिश्रिख के पक्ष में लगाना अनिवार्य होगा अन्यथा निविदा पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। **4.** भुगतान की गयी धनराशि पर निर्धारित जी0एस0टी0 की कटौती ठेकेदार द्वारा जमा करने के पश्चात प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।

**खण्ड विकास अधिकारी**
**मिश्रिख - सीतापुर**


स्वामी स्पष्ट आवाज के लिए, **मुद्रक एवं प्रकाशक** - आनन्द सिंह, द्वारा दी इण्डियन एक्सप्रेस प्राईवेट लि. प्रेस सी- 26 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, कानपुर रोड, लखनऊ से मुद्रित एवं 47/1, क्ले स्क्वायर होम्स, कबीर मार्ग, लखनऊ से प्रकाशित। आर.एन.आई. पंजीयन संख्याः U.P. HIN/2004/13625, डाक पंजीयन संख्या - SSP/LW/NP-119/2010-12
*संपादक -डा. विजय सिंह, फोन/फैक्स : 0522-3599932,0522-4306534, मो0: 9415003504 E-mail : spawaz2010@gmail.com, anand.singh2@gmail.com.* इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचार के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट की धारा- 7 के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनमें उत्पन्न समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन होंगे।

## हत्या करने के प्रयास में नहीं हुई कार्रवाई

**कौशाम्बी।** मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के बरातफारिक गांव में मंगलवार की सुबह एक पेशेवर अपराधी ने बेटे के साथ मिलकर रमाकांत मौर्य के गले में रस्सी फंसा कर उनकी हत्या का प्रयास किया। रस्सी फंसाए जाने के बाद रमाकांत हाथ पैर झटकने व तड़पने लगे। बचाव में रस्सी छूट गयी इसके बाद अपराधी के बेटे ने हथौड़ा उठा लिया और रमाकांत को मारने लगा। हथौड़ी की कई चोट रमाकांत मौर्य के पीठ पर लगी। जिससे वह विचलित हो गए। हथौड़े की मार से बचने के लिए रमाकांत झुक गए। जिससे बेटे के हथौड़ा का प्रहार उनके अपराधी पिता के सर में लग गया। और उसके सर से खून बहने लगा। रमाकांत मौर्य के गले में रस्सी के स्पष्ट गहरे निशान दिखाई पड़ रहे हैं। पीठ में हथौड़े के निशान साफ दिखाई पड़ रहे हैं। दिनदहाड़े गले में रस्सी फंसा कर हत्या किए जाने की कोशिश के इस मामले के बाद क्षेत्र में दहशत और भय का माहौल है। पुलिस ने मामले में प्राण घातक हमले का मुकदमा आरोपी और उसके बेटे के विरुद्ध दर्ज करने के बजाय रमाकांत मौर्य पर शांति भंग की धारा में मुकदमा दर्ज कर चालान कर दिया। हमला करने वाले पर जब पुलिस ने मुकदमा नहीं दर्ज किया। तो उनकी गिरफ्तारी का सवाल ही नहीं बनता है। कोतवाली पुलिस के अंधेरगर्दी की हद तो तब हो गई जब जिसकी जान लेने का प्रयास किया गया। उसी से पुलिस को शांति भंग का खतरा दिखाई पड़ने लगा। उसी का चालान कर दिया। घटना को तीन दिन बीत चुके हैं लेकिन मामले में पुलिस ने प्राण घातक हमले का मुकदमा नहीं दर्ज किया है। जिससे थाना और चौकी पुलिस के अपराधियों से साठगांठ का अंदाजा लगाया जा सकता है। रमाकांत मौर्य पर हमला करने वाला अपराधी 18 वर्ष पहले पश्चिम शरीरा थाने का भी हत्या का नामजद मुलजिम है। हत्या के मामले में लगभग 3 वर्ष तक जेल की सजा काट चुका है।

# पूजा स्थल पर अवैध अतिक्रमण के विरोध में प्रदर्शन

**पल्हना लेखपाल पर लगा धार्मिक भावनाओं पर ठेस पहुंचाने का आरोप**



**कौशाम्बी।** लेखपाल पर धार्मिक आस्था पर चोट पहुंचाने तथा मंदिर पर लोगों द्वारा अवैध अतिक्रमण करवाए जाने के आप को लेकर गुरुवार को सैकड़ों की संख्या में पहुंचे हिंदू जागरण मंच जिलाध्यक्ष अवधेश नारायण शुक्ला की अगुवाई में कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। इस मौके पर कार्यकर्ताओं ने लेखपाल के खिलाफ नारे लगाते हुए उसे निलंबित कराए जाने की मांग की। मंच के साथ गांव के लोगों ने आरोप लगाया कि लेखपाल ने ब्रह्मदेव स्थान पर जूता पहनकर चढ़ने का प्रयास किया। गांव के लोगों के विरोध पर लेखपाल ने भगवान और गांव के लोगों को अपशब्द कहा, जिसके चलते गांव के लोगों में भारी आक्रोश है। जिसके विरोध में पहुंचे गांव के सैकड़ों लोगों ने उप जिलाधिकारी चायल को ज्ञापन देकर कार्रवाई की मांग किया।

इस मौके पर लोगों ने न्याय की मांग करते हुए कहा कि चायल के थाना संदीपन घाट के ग्राम सभा में प्राचीन पीपल के वृक्ष के नीचे ब्रह्मदेव स्थान है। जिसे गांव के लोग सैकड़ो साल से पूजते आ रहे हैं।जो हमारे आस्था का प्रतीक है। इस ब्रह्मदेव स्थल गांव के ही धरमपाल, गुड्डू, मिथलेश, धर्मेन्द्र ने बरमबाबा के स्थान के ऊपर से सोरेपुरती से दरवाजा लगाकर रातों रात रास्ता कायम करने का प्रयास किया गया था। जिसमें वर्तमान चौकी इंचार्ज ने दरवाजे में ताला लगवाकर चाभी चौकी में रखवा लिया गया था और निरोधात्मक कार्यवाही किया था। उपजिलाधिकारी चायल द्वारा 2 जून 2022को जाँच कराई गई, जिसकी जाँच रिपोर्ट की प्रति संलग्न है। तब से दरवाजा बंद तथा ताला लगा हुआ था। 20/11/23 को शाम को उपरोक्त लोगों द्वारा हल्का लेखपाल की मिली भगत से ने ताला तोड़ कर दरवाजा खोल लिया। जब उक्त प्रकरण में गांव के लोगों ने हल्का लेखपाल से इस अन्याय के विषय में बताया तो गांव के दर्जनों लोगों के सामने हल्का लेखपाल ने कहा कि जूता पहन के और पैर रखने से तुम्हारे ब्रह्म देव दबे नहीं जा रहे हैं। जब उनको परेशानी होगी तो तुम्हारे भगवान आकर मुकदमा दाखिल करेंगे। हम कार्रवाई कर देंगे। लेखपाल के इस कथन से गांव के लोगों की भावनाएं आहत हुई है। जिम्मेदार सरकारी कर्मचारी कैसे लोगों की भावनाओं और धार्मिक आस्था को ठेस पहुंचा सकता है। इस मौके पर प्रमुख रूप से शिवम् पाण्डेय, दीपक मौर्य, जेपी सरोज, देवमणि मिश्रा, रंजीत कुमार, प्रदीप कुमार, संदीप साहू, महेंद्र, रामबाबू मिश्रा, आशीष वर्मा, घनश्याम सोनी, जितेंद्र सोनकर, लवकुश पाल, रजत कुमार, अनूप शर्मा सहित सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूद रहे।

## संक्षिप्त आवाज

### मंदिर से चोरी करने वाले को न्यायालय ने सुनाई सजा

**बांदा (स्पष्ट आवाज)।** आपरेशन कन्वेक्शन के तहत पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता के निर्देश में पुलिस द्वारा गुण दोष पूर्ण विवेचना तथा अभियोजन द्वारा प्रभावी पैरवी के परिणामस्वरूप न्यायाधीश जे.एम. प्रथम द्वारा मंदिर से चोरी किये जाने के अभियोग में नामित अभियुक्त को जेल में बिताये गयी अवधि तथा 1000 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है। अर्थदण्ड अदा न करने पर अभियुक्त को 7 दिवस अतिरिक्त का कारावास भुगतना पड़ेगा। थाना श्रीनगर में 2021 में पंजीकृत धारा 379, 411 भादवि से सम्बन्धित अभियुक्त गोलू सक्सेना उर्फ पटवारी पुत्र सुरेन्द्र सक्सेना निवासी ग्राम पिपरामाफ थाना श्रीनगर को सजा मिली है।

### वन्य जीव संरक्षण अधिनियम में आरोपी गिरफ्तार



**महोबा (स्पष्ट आवाज)।** जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता के निर्देशन पर चलाये जा रहे अभियान में गुरुवार को क्षेत्राधिकारी नगर दीपक दुबे के निकट पर्यवेक्षण में दुर्ग विजय सिंह, प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली द्वारा गठित पुलिस टीम द्वारा तलाश वाँछित, वारण्टी, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वाहन से वारण्टी अभियुक्त प्रेमलाल पुत्र दयाराम ढ़ीमर उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम बीजानगर थाना कोतवाली नगर को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के द्वारा जारी गैर जमानतीय वारण्ट सम्बधित धारा 27, 29, 50, 51, 52 वन्य जीव संरक्षण अधिनियम में ग्राम बीजानगर से गिरफ्तार किया गया । आवश्यक कार्यवाही करते हुए वारंटी अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया ।

### चौथे स्थापना दिवस पर विशेष छूट का उठाये लाभ

**कौशाम्बी।** सराय अकिल पटेल चौराहा स्थित संजीवनी अस्पताल में चौथे स्थापना दिवस पर शुक्रवार को पहुंचने वाले मरीजो को भारी छूट दिया जायेगा। एक्सरे, पैथोलॉजी ऑपरेशन में कीमत पर 50त्न की छूट दी जाएगी। 23 फरवरी शुक्रवार को संत गाडगे महाराज के जयंती व हास्पिटल के चौथे स्थापना दिवस के मौके पर मरीजों को बेहतर इलाज कम पैसे में किया जायेगा। उक्त जानकारी हास्पिटल मैंनेजर संजय पाल ने दिया है।

### एसपी ने सुनी लोगों की समस्याएं

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी द्वारा पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई की गयी। इस दौरान पुलिस कार्यालय में आने वाले फरियादियों की समस्याओं को सुना गया तथा उनकी समस्याओं के समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु संबन्धित को आवश्यक आदेश-निर्देश दिए गये।

### कम पैसे में करायें बेहतर इलाज

**कौशाम्बी।** सराय अकिल पटेल चौराहा स्थित गंगा हॉस्पिटल में कम खर्चे में बेहतर इलाज होगा। 23 फरवरी को संत गाडगे महाराज के जयंती के अवसर पर 50त्न की छूट मरीजो को मिलेगी। उक्त जानकारी हास्पिटल के मैनेजर अजय चौधरी ने दिया है।

### योजनाओं के लाभ से वंचित विकलांग परिवार

**कौशाम्बी।** मंझनपुर के अंतर्गत दीवर निवासी चंद्र शेखर चौरसिया बचपन से जन्म जाति विकलांग है। लगभग 51वर्ष उम्र हो जाने के बाद इन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल सका है। विकलांग होने के बाद इनका हौसला कम नहीं हुआ । लगातार अधिकारियों के चौखट पर योजनाओं का लाभ लेने के लिए फरियाद करते रहे ,लेकिन अधिकारी नहीं पसीजे। जिससे इन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल सका। मौजूदा सरकार डंका पीटती है कि हमने पूरे हिंदुस्तान में गरीब किसान के लिए कई योजनाएं चलाई है। सरकार के सांसद विधायक सरकारी योजनाओं के पारदर्शी तरीके से लागू होने की बड़ी-बड़ी बात करते हैं, लेकिन आज तक विकलांग चंद्र शेखर चौरसिया को सरकार के द्वारा पारित कोई भी सुविधा नही मिली। विकलांग का अब तक न ही आयुष्मान कार्ड बना है। न ही विकलांग वाली साइकिल प्रदान किया गया। न ही कालोनी दिया गया न ही शौचालय दिया गया। यह कैसी विडंबना है कि उप मुख्य मंत्री केशव प्रसाद के गृह जनपद में जिम्मेदार सरकार के द्वारा पारित किए गए कानून का उलंघन करके एक गरीब असहाय विकलांग को कोई सुविधा नहीं प्रदान किया । जिससे सरकार की योजनाओं के पारदर्शी तरीके से लागू होने की हकीकत का अंदाजा लगाया जा सकता है।

### डीएम, एसपी ने जिला कारागार का किया निरीक्षण

**कौशाम्बी।** टेवां स्थित जिला कारागार कौशाम्बी का जिलाधिकारी राजेश कुमार राय व पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा गुरुवार को आकस्मिक निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर उन्होंने बंदियों से वार्ता कर सुविधाओं व समस्याओं की जानकारी ली गई, उन्होंने कहा कि जेल परिसर के अंदर कोई भी प्रतिबंधित सामग्री न जाने पाये । साथ ही कारागार मे साफ सफाई आदि के सम्बन्ध मे संबंधित को निर्देशित किया गया।

# सब पर भारी पंचायत अधिकारी

**फरमान को दरकिनार कर पुनः कराया स्थानांतरण, महीने भर में ही स्थानांतरण कराकर मूल तैनाती**

**कौशाम्बी।** दोआबा में चार सचिव सब पर भारी पड़ रहे है। शासकीय फरमान को दर-किनार महीनाभर में चार ग्राम सचिवो ने मूल तैनाती ब्लाक में वापस स्थानांतरण करा लिया है। महीने भर पहले हुए चारो सचिवो के स्थानांतरण ने सीएम योगी के जीरो टॉलरेंस के दावे को कटघरे में खड़ा कर दिया है। इलाकाई लोगों ने मामले की शिकायत जिले के अफसरों से किया है। डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य के निर्देश पर एक ही ब्लाक में तीन साल से तैनात पंचायत सचिवो का स्थानांतरण दूसरे-दूसरे ब्लाक में कर दिया गया था। सिराथू ब्लाक में तैनात ग्राम विकास अधिकारी सतीश चौधरी का स्थानांतरण कौशाम्बी ब्लाक कर दिया गया था। साथ ही नेवादा ब्लाक में तैनात ग्राम पंचायत अधिकारी अंशुमान सिंह, अजय सिंह, अनुराग का स्थानांतरण मूरतगंज ब्लाक कर दिया गया था। आरोप है कि अफसरों ने महीने भर में सतीश चौधरी को कौशाम्बी ब्लाक से पुनः सिराथू ब्लाक में तैनात कर दिया है। इसके अलावा ग्राम पंचायत अधिकारी अंशुमान, अनुराग व अजय को भी मूरतगंज ब्लाक से नेवादा ब्लाक में पुनः तैनात कर दिया गया है। साथ ही सतीश चौधरी को सिराथू ब्लाक में फिर से ग्राम पंचायतों का चार्ज सौंप दिया गया है। जबकि अजय व अंशुमान ने भी नेवादा में ज्वाईन कर लिया है। अनुराग को लिलीव करने की कवायद चल रही है। सूत्रों की माने तो चारों सेक्रेटरियो ने स्थानांतरण के लिए अफसरों को मोटी रकम भेंट करने के साथ ही एक माननीय से सिफारिश भी कराया है।

**फिर शुरू हुआ ट्रांसफर पोस्टिंग का खेलः** ग्राम पंचायतों में एक बार फिर ट्रांसफर पोस्टिंग का खेल शुरु हो गया है। मन माफिक ग्राम पंचायतों में तैनाती के लिए सेक्रेटरी अफसरों से सम्पर्क कर रहें हैं। साथ ही नेताओं से सिफारिश भी करा रहें है। मामले में जिलाधिकारी राजेश कुमार राय ने कहा कि मामला संज्ञान में नहीं है।

## दो बाईकों में भिड़ंत तीन गम्भीर

**कौशाम्बी।** सरायअकिल थानाक्षेत्र के तिल्हापुर चौकी के बइरनएर गांव के समीप गुरुवार को दो बाइक सवार आपस में भिड़ गये। घटना में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना उपनिरीक्षक अभिषेक गुप्ता को गुरुवार दोपहर मिली । इलाके के बिरनेर गांव के पास दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गई ।जिसमें तीन युवक घायल हो गए। जिसमें दो की हालत नाजुक थी। जैसे ही दुर्घटना की सूचना अभिषेक गुप्ता को मिली,बिना समय गंवाए वह अपने सरकारी वाहन को खुद चलाकर कछ देर में घटनास्थल पर पहुंचे। बिना देरी किए साथ में मौजूद सिपाहियों की मदद से तीनों घायलों को सरकारी वाहन में लादकर तुरंत इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया।

## बाइकों की भिड़ंत में दो की मौत, दो घायल



**चित्रकूट।** राजापुर थाना क्षेत्र के अर्जुनपुर गांव के पास आमने-सामने दो मोटरबाइकें भिड गई। जीजा-साले समेत चार लोग घायल हो गए। चारों को सीएचसी पहाड़ी में भर्ती कराया। इलाज दौरान दो की मृत्यु हो गई। पुलिस व आक्रोशित परिजनों से नोंकझोंक भी हुई। ये हादसा बुधवार को देर रात हुआ। बताया गया कि जमहिल गांव के अवनीश त्रिपाठी (30) व पहाड़ी के नीरज पांडेय (25) एनजीओ में काम करते हैं। राजापुर में संस्था के काम बाद दोनों बाइक से गांव लौट रहे थे। अर्जुनपुर गांव पहुंचे तो सामने से तेज रफ्तार से आई बाइक से भिडन्त हो गई। दूसरा बाइक सवार रैपुरा के गिरधारा का संदीप कुमार (26) व साला विनय वर्मा (24) समेत चारों घायल हो गए। लोगों की मदद से घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया। प्राथमिक इलाज बाद डॉक्टरों ने सभी को जिला अस्पताल रेफर किया। दोनों बाइक चालक हेलमेट पहने थे। घायलों के परिजन जिला अस्पताल पहुंचे। इलाज शुरू होने से पहले नीरज पांडेय व संदीप वर्मा की मौत हो गई। पुलिस के अस्पताल पहुंचने पर गुस्साये परिजनों से नोकझोंक होने लगी। आरोप लगाया कि सूचना के बाद समय से पुलिस नहीं पहुंची।

## कारोबारियों ने वाहन निकालने के लिए पाट दिया नहर

**कौशाम्बी।** कारोबारियो ने वाहन निकालने के लिए नहर पाट दिया है।सूचना देने के बावजूद नही किया नहर विभाग ने कोई कार्रवाई की। जिसको लेकर भारतीय किसान यूनियन भानु ने क्षेत्राधिकारी और उपजिलाधिकारी चायल को गुरुवार को ज्ञापन देकर कार्यवाही की मांग किया है। भारतीय किसान यूनियन भानु संगठन का प्रतिनिधि मंडल चायल सर्किल के क्षेत्राधिकारी और उपजिलाधिकारी को पिपरी थाना अंतर्गत बालू कारोबारी द्वारा नहर पाटकर वाहन के आवागमन किये जाने के संबंध में ज्ञापन दिया। जिलाध्यक्ष राजू सिंह ने बताया की भ्रष्टाचार जिले के कई विभागो में चरम सीमा पर है। क्षेत्र के बालू कारोबारी इतने मनबढ़ हो गए है। उन्होंने किसानों के प्रयोग में आने वाले नहर को भी अपने स्वार्थ के लिए नहीं छोड़ा।

## गिरवां पुलिस ने मोटरसाइकिल सहित दो अभियुक्तों को किया गिरफ्तार




**बांदा।** अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना गिरवां पुलिस द्वारा चोरी की मोटरसाइकिल के साथ 02 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। गिरवां पुलिस के अनुसार 15 फरवरी को अज्ञात अभियुक्तों द्वारा आर्यवर्त बैंक खुरहण्ड रेलवे स्टेशन के पास से एक पैशन प्रो मोटरसाइकिल चोरी कर ली गई थी। इस संबंध में थाना गिरवां पर अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्तों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे थे। इसी क्रम में गुरूवार को पुलिस द्वारा 02 अभियुक्तों को चोरी की मोटरसाइकिल के साथ कतराबल नहर पुलिया के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। बरामदगी में चोरी की एक पैशन-प्रो मोटरसाइकिल है। गिरफ्तार अभियुक्तों में सोनू यादव पुत्र छुट्टन यादव नि0 चौसड़ बल्लान थाना बिसंडा, गुरू प्रसाद पाल पुत्र रामकिशोर नि0 खुरहंड थाना गिरवां है। गिरफ्तार करने वाली टीम में चौकी प्रभारी खुरहण्ड रोशन गुप्ता, कां0 मयंक कुमार शामिल है।

# ...और फिर कुछ लोग मर जाने के डर से मर गये

**चार मासूमों की मौत का मुद्दा लोस चुनाव में उठे तो ताज्जुब नहीं? यकीनन कुछ तो काला है**

**चित्रकूट।** उस गली में कुछ हुआ है, इस खबर से मर गये। और फिर कुछ लोग मर जाने के डर से मर गये- कुछ इसी अंदाज में जिले में लोग प्रतिदिन जी और मर रहे हैं। 14 फरवरी को चित्रकूट इंटर कालेज में बम विस्फोट से चार मासूम छात्रों की मौत के बाद भी लोग उद्धेलित नहीं हो रहे। ये हालात किसी के साथ भी हो सकते हैं। मृतक मासूमों के परिजन जिस हाल में दिल की बात कहते हैं, उनके दिल से लोग उतर से गये हैं। 14 फरवरी को सीआईसी में जो हृदय विदारक घटना हुई है, उससे कोई भी मानवीय संवेदना से लैस व्यक्ति चुप नहीं रह सकता, फिर मृतक मासूमों के परिजन कैसे चुप रह सकते हैं। मृत यश मिश्रा के पिता विश्वबन्धु मिश्रा ने कहा कि यकीनन कुछ तो काला है यहां पर, उजाला ही उजाला है यहां पर-इसीलिए वास्तविक दोषियों पर कार्यवाही नहीं हो रही। निशाना चूक गया और मचान टूट गया, हमारे सिर पर तेरा आसमान टूट गया। सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से न्याय की आस लगी है,उन्होंने भी अब तक वह कार्यवाही नहीं की-जो उनसे अपेक्षित थी। मृतक के चाचा आकाश मिश्रा ने कहा कि दोषियों के घर में ऐसी घटना होती तो तत्काल न्याय को धरती-आसमान एक कर देते। बम विस्फोट बाद बच्चों को लोडर से अस्पताल पहुंचाया, एम्बुलेंस तक मुहैया न हो सकी। ये जिला प्रशासन की नाकामी नहीं तो और क्या है? प्रतिबंधित स्थल पर खतरनाक विस्फोटक सामग्री बिना सुरक्षा के कैसे रखी गई? ये घटना चार घंटे बाद होती तो सैकडों लोग चपेट में आते। जिले के कुछ जनप्रतिनिधियों पर सवाल खडे किये। कहा कि ऐसे जनप्रतिनिधि उनके दरवाजे शोक के दो शब्द कहने भी नहीं आये। आगामी लोकसभा चुनाव में चार मासूमों की बम विस्फोट से मौत का मुद्दा गरमा जाये तो लोगों को ताज्जुब नहीं होना चाहिए। इस मामले में बेशर्मी की हद तो तब पार हो गई,जब पारस के परिजन प्रयागराज से शव लाये तो एम्बुलेंस का किराया उन्हें देना पडा। ऐसे मामले में उन्हें सरकारी एम्बुलेंस मुहैया नहीं हो सकी। ये जिला प्रशासन के नकारेपन का सबूत नहीं तो और क्या है?

उत्तर रेलवे

निविदा सूचना

| निविदा सं. | खुलने की तिथि | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | वेबसाईट |
|---|---|---|---|---|
| 96245250 | 11.03.2024 | सप्लाई इंस्टॉलेशन एंड कमिश्निंग ऑफ एयर कम्प्रेशन ऑफ रोटरी स्क्रू। | 01 न. | www.ireps.gov.in |

पत्रांक– Sr. DMM/NR/TENDER/AT/LKO2023
दिनांक– 21.02.2024

सहा0 मंडल सामग्री प्रबंधक
उत्तर रेलवे, लखनऊ 569/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## ओलावृष्टि से किसान हुए परेशान, मुआवजे की उठाई मांग

**बांदा।** ब्लाक जसपुरा के अंतर्गत कई गांवो में दिन मंगलवार की शाम व देर रात को हल्की बरसात हुई गांव की सैकड़ो बीघा फसल ओलो से बर्बाद हुई। किसान शत्रुघन सिकहुला ने बताया कि सिकहुला में सैकड़ो बीघा की फसल खराब हो गई है। वही किसान जयनारायण रामपुर ने बताया कि रामपुर में ओला वृष्टि से फसल व पेड़ पौधे भी टूटकर गिर गये हैं वही धुन्नू सिंह गौरीकला ने बताया कि लाही, चना आदि की फसल पूरी तरह से गिर गई है। चने के फूल पत्ते झड़ गये है। इस तरह से काफी मात्रा में किसानों की सैकड़ो बीघा की फसल खराब हो गई है। साथ ही बहुत सारे पेड़ो डाले टूट गई। वही भारतीय किसान यनियन (टिकैत) के पैलानी तहसील अध्यक्ष मनोज कुमार द्विवेदी ने बताया कि ब्लॉक जसपुरा क्षेत्र व तहसील क्षेत्र के गांव जसपुरा ,रामपुर, गौरीकला, कनाखेड़ा, सिकहुला आदि लगभग साठ फीसदी फसल खराब हो चुकी हैं। सबसे ज्यादा फसल मटर, चना, सरसो आदि की फसलें फट कर नष्ट हो गई है। वही कस्बा जसपुरा के पुराने बसस्टैंड में एक पोल लाईट खंभा भी तूफान से टूटकर गिर गया है। अभी तक बिजली विभाग के कर्मचारियों ने खंभा नही लगाया गया है। किसी भी समय आंधी व तूफान आने से आपस में तार टकराकर हादसा हो सकता है। वही बाँदा-हमीरपुर रोड में कई बबूल के पेड़ लटके व झुके हुए है उन से कभी भी हादसा हो सकता हैं। किसान यूनियन तहसील अध्यक्ष मनोज द्विवेदी ने विभागीय अधिकारियों से मांग व अपील की है कि ओलावृष्टि से बर्बाद हुई फसल की जांच कराकर किसानों को मुआवजा दिलाने की मांग की है। साथ ही बिजली का खम्भा व कटीले पेड़ो को रोड हटवाने की मांग की है।

# सभी बैरिकों का अपर जिला जज ने किया निरीक्षण

**जिला कारागार में विधिक साक्षरता, जागरूकता शिविर का कार्यक्रम संपन्न**



**उरई (जालौन)।** आज जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव/अपर जिला जज महेन्द्र कुमार रावत द्वारा आज दिनांक- 22.02.2024 को जिला कारागार उरई में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन एवं सभी बैरिकों का निरीक्षण किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष जनपद न्यायाधीश लल्लू सिंह के निर्देशन में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा आयोजित शिविर में उपस्थित सिद्धदोष/विचाराधीन बन्दियों को महत्वपूर्ण कानूनी जानकारी प्रदान की गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुये जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव/अपर जिला जज महेन्द्र कुमार रावत ने बताया कि जिला कारागार में निरूद्ध ऐसे सिद्धदोष/विचाराधीन बन्दी जिनकी जमानत न्यायालय से हो चुकी है किन्तु वे जमानतगीर भरवा पाने में सक्षम नहीं है, ऐसे बन्दियों को 40,000/- तक की धनराशि तक की सहायता शासन द्वारा की जायेगी तथा श्री रावत ने बताया कि ऐसे सिद्धदोष बन्दी जो आजीवन कारावास से दण्डित है तथा जिनकी उम्र 70 वर्ष से अधिक हो चुकी हैं एवं उनकी दया याचिका छः माह से अधिक समय से लम्बित हैं और जो समयपूर्व रिहाई के पात्र हैं। ऐसे बन्दियों को वर्तमान में शासन द्वारा चलाई जा रही योजना के तहत जमानतगीर भरवाकर जमानत पर रिहा कराया जा सकता है।

बन्दियों की समस्याओं के निराकरण हेतु जिला कारागार प्रशासन को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।इसी कार्यक्रम में सचिव श्री रावत ने बताया कि ऐसे सिद्धदोष बन्दी जिनको सजा के साथ 25,000/- तक का जुर्माने का भी आदेश हुआ है।, एवं ऐसे बन्दी जो सजा पूर्ण कर चुके हैं। ऐसे बन्दियों पर लगाये गये जुर्माने के 25,000/- तक की राशि सरकार द्वारा जमा करके उन्हें रिहा कराया जायेगा। इस कार्यक्रम में असिस्टेन्ट लीगल एड डिफन्स काउन्सिल सिस्टम अभिषेक पाठक द्वारा जेल लोक अदालतों, लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल सिस्टम,विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा दी जाने वाली विभिन्न कानूनी सुविधाओं के सम्बन्ध में विस्तार से बताया गया। कार्यक्रम के उपरान्त विचाराधीन बन्दियों की समस्याओं के निराकरण हेतु और उनको विधिक सहायता पहुंचाने के लिये जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव श्री रावत ने जिला कारागार उरई की सभी बैरिकों का निरीक्षण किया इस अवसर पर जेल अधीक्षक नीरज देव, चिकित्साधिकारी डॉ0 राहुल वर्मन, उपकारापाल तारकेश्वर सिंह एवं अमर सिंह, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जालौन के कनिष्ठ लिपिक शुभम् शुक्ला समेत सिद्धदोष/विचाराधीन बन्दी उपस्थित रहे।

## निविदा आमंत्रण/सूचना

**राजकुमार सिंह जूनियर हाईस्कूल माल्हनपार गोरखपुर** विधान मण्डल क्षेत्र विकास निधि योजनान्तर्गत वर्ष (2023-24) में विद्यालय में कक्ष, बरामदा व सीढ़ी निर्माण हेतु मु0 10.00 लाख रू0 (दस लाख रूपया) में प्रथम श्रेणी के ईंट, लोकल बालू, मौरंग, बालू, सरिया, सीमेन्ट आदि से सम्बन्धित सामग्री हेतु खुली निविदा आमंत्रित की जाती है। दिनांक 25.02.2024 को इच्छुक फर्म द्वारा कार्यालय में बन्द लिफाफे में अपरान्ह 02:00 बजे तक विद्यालय के कार्यालय में खोली जायेगी एवं समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेगी।

प्रबन्धक
राजकुमार सिंह जूनियर हाईस्कूल माल्हनपार गोरखपुर

# अनुरागिनी संस्था ने लगाया नाबार्ड बसंत मेला: उर्विजा दीक्षित



**उरई (जालौन)।** आज महिला स्वयं सहायता समूह के उत्पादों में गुणवत्ता के साथ पैकेजिंग पर विशेष ध्यान देकर अपने उत्पाद को जिले नहीं बल्कि देश-विदेश तक पहुंचाएं आज के युग में महिलाएं हर क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं यह बात टाउन हॉल परिसर उरई में आयोजित नाबार्ड द्वारा अनुरागिनी संस्था के सहयोग से लगाए गए तीन दिवसीय बसंत मेले के दूसरे दिन महिला समूह को संबोधित करते हुए मुख्यअतिथि भारतीय जनता पार्टी जनपद जालौन की जिलाध्यक्ष उर्विजा दीक्षित ने व्यक्त किए उन्होंने कहा कि धीरे-धीरे अब लोग स्वयं सहायता समूह के उत्पादों पर विश्वास कर रहे हैं पर उचित प्लेटफार्म न मिलने के कारण स्वयं सहायता समूह के उत्पादों की बिक्री में समस्या उत्पन्न होती है। अनुरागिनी संस्था द्वारा नाबार्ड बसंत मेले का आयोजन नाबार्ड के सहयोग से किया गया है।, महिला सशक्तिकरण के लिए पिछले 27 वर्षों से कार्य कर रही बुंदेलखंड की अग्रणी सामाजिक संस्था अनुरागिनी की यह पहल सराहनीय है।

नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक परितोष कुमार नाबार्ड द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि नाबार्ड बसंत मेले का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को बाजार उपलब्ध कराना है। उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण सहकारी संघ के निदेशक एवं अनुरागिनी संस्था के अध्यक्ष डॉ प्रवीण सिंह जादौन ने बताया कि जनपद में अनुरागिनी संस्था द्वारा ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में स्वयं सहायता समूह का गठन कर उनका सामाजिक एवं आर्थिक रूप से सख्त बनाया जा रहा है एवं महिला सशक्तिकरण हेतु विभिन्न प्रयास किया जा रहे हैं। नाबार्ड बसंत मेले में भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष सूर्य नायक जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र सिंह सेंगर डॉ अनुज भदौरिया डा कुमारेंद्र सिंह सेंगर सहकार भारती उत्तर प्रदेश के प्रदेश मंत्री महेंद्र सोनी चित्रकार रोहित विनायक क्रय विक्रय सहकारी समिति लि कालपी के अध्यक्ष सोमेश सिंह संचालक जितेंद्र कुमार पांडेय रोहित विनायक डॉ पंकज वर्मा डॉ श्रवण कुमार डॉ हासिम अंसारी डॉ अर्चना विश्वास रामेंद्र सिंह गुर्जर आशुतोष कुमार समूह सदस्य वंदना बबली श्यामा प्रेमवती पुष्पा नरेश कुमारी नीलम कुसमा किरण मीना आकांक्षा राष्टीय ग्रामीण आजीविका मिशन के ब्लॉक प्रबंधक चंदन कुमार श्रीवास अनुरागिनी संस्था के समन्वयक प्रेरणा झा लक्ष्मी प्रसाद राजपूत राम कुमार जादौन राहुल समाधियां रोगी सहायता केंद्र के प्रबंधक ब्रज किशोर कश्यप समाजसेवी सर्वेश सिंह अमन अग्रवाल प्रिंस उपाध्याय राजा सिंह राज शास्त्री दीपू कुमार आशु गौरव कुमार मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## शव की हुई शिनाख्त

**बांदा।** शहर के इन्दिरा नगर स्थित पावर हाउस के समीप बने नाले में बुधवार की दोपहर अज्ञात युवक का शव पुलिस ने बरामद किया था। सूचना पाकर पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे परिजनो ने शव की शिनाख्त उदयभान सिंह उर्फ राजाबाबू (45) पुत्र रामसुहावन निवासी जारी थाना देहात कोतवाली के रूप में की गई। शव देखते ही घरवालो में कोहराम मच गया। मृतक के भाई कुलदीप ने बताया कि राजाबाबू अपनी ससुराल अतर्रा में रहता था। शुक्रवार की शाम की दोपहर वह घर से बिना बताए चला गया। देर शाम तक जब वह घर नही पहुंचा तो घर वालो ने उसकी खोजबीन किया। लेकिन उसका कुछ पता नही चला। अगले दिन घर वालो ने थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। बुधवार को उसका शव बरामद किया गया। भाई कुलदीप का कहना है कि वह नशे का आदी था। नशे में ही नाले में गिर पड़ा, जिससे उसकी मौत हो गई। मृतक अपने पीछे पत्नी माया के अलावा एक पुत्री है।

## एबीवीपी के कार्यकर्ताओं ने फूंका ममता बनर्जी का पुतला

**कौशाम्बी।** पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में हजारों महिलाओं के साथ शारीरिक उत्पीड़न के खिलाफ गुरुवार को जिला मुख्यालय मंझनपुर में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का पुतला फूंक कर अपना विरोध दर्ज कराया है। संदेश खाली की इस घटना को राज्य प्रायोजित संगठित अपराध बताते हुए पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाए जाने की मांग उठाई। इस मौके पर एबीवीपी के विभाग संयोजक ऋषभ द्विवेदी ने कहा कि जिस तरीके से पश्चिम बंगाल में हजारों महिलाओं के साथ शारीरिक उत्पीड़न किया गया। उसके बाद भी दोषियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई।

## कार्यालय ग्राम पंचायत-लखिमा, विकास खण्ड परतावल, जनपद-महराजगंज

निविदा

**ग्राम पंचायत लखिमा, विकास खण्ड परतावल, जनपद-महराजगंज** में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के अन्तर्गत ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन हेतु **वित्तीय वर्ष 2022-23** के अन्तर्गत स्वीकृत निम्न कार्यो हेतु मुहरबंद निविदा फार्म दिनांक **22 फरवरी 2023** तक ग्राम पंचायत पर रखे निविदा बाक्स में प्राप्त किये जायेंगे जो दिनांक **23 फरवरी 2023** को सायं 4 बजे टेण्डर कमेटी के समक्ष ग्राम पंचायत के सभागार में खोला जायेगा। इच्छुक निविदा दाता या उनके प्रतिनिधि द्वारा **21 फरवरी 2023** को सायं 4 बजे तक 100.00 रूपये नकद जमा कर प्राप्त किया जा सकता है। अन्य नियम एवं शर्ते ग्राम पंचायत के सूचना पट्ट पर चस्पा कर दी गयी है।

**कार्य का विवरण -**

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत |
|---|---|---|
| 1. | ग्राम पंचायत में नाडेज निर्माण | 0.22 लाख प्रति |
| 2. | ग्राम पंचायत में हैण्डपम्प चबूतरा निर्माण | |
| 3. | ग्राम पंचायत में सामुदायिक सोख्ता गढ्ढा निर्माण | 0.16 लाख प्रति |
| 4. | ग्राम पंचायत में फिल्टर चेम्बर निर्माण | 0.40 लाख प्रति |
| 5. | ग्राम पंचायत में RRC निर्माण | 10.00 लाख |
| 6. | रामदुलारे के घर से पिच रोड तक नाली निर्माण | 1.77 लाख |
| 7. | किशोर के घर से दक्षिण पोखरी तक नाली निर्माण | 4.80 लाख |
| 8. | उमेश के घर से राजेश के घर से तालाब तक नाली निर्माण | 1.47 लाख |
| 9. | पिच रोड से परदेशी के घर तक नाली निर्माण | 1.87 लाख |
| 10. | संत के घर से श्रीनिवास के घर तक नाली निर्माण | 0.94 लाख |

ग्राम प्रधान
ग्राम सभा-लखिमा

ग्राम पंचायत सचिव
ग्राम सभा-लखिमा

# चुनाव पर चर्चा के तहत भाजपा कार्यकर्ताओं ने साधा सम्पर्क



**खरेला/महोबा (स्पष्ट आवाज)।** भारतीय जनता पार्टी के लाभार्थी संपर्क अभियान की कार्यशाला खरेला में आयोजित की गई। जिसमें पार्टी पदाधिकारी व सदस्यों ने आगामी लोकसभा चुनाव की रणनीति पर चर्चा की। कार्यशाला के दौरान भाजपा जिला महामंत्री अंकुर शिवहरे ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए जानकारियां दी गई। नगर खरेला में स्थित शिवमंगलम पैलेस में भारतीय जनता पार्टी द्वारा लाभार्थी संपर्क अभियान की कार्यशाला को अंकुर शिवहरे ने संबोधित करते हुए कहा कि आगामी दिनों में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के द्वारा भाजपा की केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा आमजन मानस तक जो लाभकारी योजनाएं पहुंचाई गई हैं उनसे संपर्क स्थापित कर भाजपा की रितियां एवं नीतियों को बताएं, जिससे आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा ज्यादा से ज्यादा वोटो से प्रत्याशी को विजय प्राप्त हो। मोती द्विवेदी ने कहा कि हम सभी कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारी को इस कार्यक्रम में एक-एक लाभार्थी तक पहुंचना है और उसको भाजपा की केंद्र व प्रदेश की सरकारो द्वारा जो भी योजनाओं का लाभ मिला है उसे बताना है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे मंडल अध्यक्ष रूद्र शुक्ला ने कहा कि संगठन का एक-एक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता संगठन के लिए महत्वपूर्ण कड़ी है जहां दूसरे दल आम जनमानस का बिल्कुल ध्यान नहीं रखते वहीं भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी हमेशा आमजन के बीच उपलब्ध रहते हैं। कार्यशाला में जिला मंत्री रोशन सिंह, पिछड़ा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अजय विश्वकर्मा, अनुज तिवारी, कन्हिया सिंह, प्रवीण तिवारी, आर्यन सचान, संतोष शिवहरे, ईशान सिंह, सहित सभी पदाधिकारी मौजूद रहे।

## वृद्ध को पीट कर घर से निकाला

**कौशाम्बी।** चरवा थाना क्षेत्र के रतगहां गांव का राम कुमार पुत्र स्व. बाबा दीन वृद्ध व असहाय व्यक्ति हैं। पीड़ित के चार लड़के राम चन्द्र, हरीश चंद्र,नरेश कुमार व जयचंद है। बेटा जय चन्द्र व बहू सुमन देवी एक माह पूर्व पीड़ित वृद्ध को बहला फुसलाकर खाते से डेढ़ लाख रुपए निकाल लिए। तथा नरेश कुमार व जय चन्द्र व बहू सुमन देवी एकजुट होकर पीड़ित वृद्ध का खेत भी हड़प लिए। पीड़ित वृद्ध न्याय के लिए गांव के सम्मानित लोगों से अपनी पीड़ा बताने लगा। पीड़ित वृद्ध का बेटा जय चन्द्र व बहू सुमन देवी किसी की बात मानने को तैयार नहीं हुए। बेटा जय चन्द्र व बहू सुमन देवी ने गाली-गलौज देते हुए लाल घूंसा डण्डा से मार पीट कर पीड़ित वृद्ध को घर से भगा दिया।

उत्तर रेलवे

इलेक्ट्रोनिक निविदा ई-प्रणाली के अन्तर्गत मद की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण

निविदा नोटिस सं. ईपीएस/56/2023-2024

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य सामग्री प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, चारबाग, लखनऊ-226005 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मद के लिये ई-निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. सं. | निविदा सं. | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 56245141 | BOGIE BOLSTER ARRANGEMENT WITH BUILT-IN AIR RESERVOIR FOR MEMU OB 3 PHASE DMC AIR SPRING BOGIE AS PER DRG NO. ICF/SK3-0-001, ALT-D | 30 Nos. | 18.03.2024 |
| 02 | 56245142 | PNEUMATIC PIPING ARRANGEMENT FOR MEMU/TC BOGIE, AS PER ANNEXURE & DRAWING NO. 61705002 | 112 Set | 20.03.2024 |

निविदा शर्ते-1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानि www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी।

565/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# पीडीए पदयात्राः दल में जोड़ कर दिल से जुड़ते दिखे आनंद भदौरिया

- 175 किलोमीटर चलकर नवें दिन महोली पहुंची आनंद की पदयात्रा
- आनंद भदौरिया की समाजवादी पीडीए पदयात्रा में उमड़ा जन सैलाब
- किसानों, महिलाओं और साधु-संतों का मिला आशीर्वाद, अगड़े भी चले साथ




**महोली-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)।** लोकसभा चुनाव को लेकर समाजवादी पार्टी नए तरीके से अपने कैडर को मजबूत करने में जुटी है। धौरहरा सीट से समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी और धाकड़ नेता आनंद भदौरिया समाजवादी पीडीए पदयात्रा निकालकर पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यकों को एकजुट कर रहे कर रहे हैं। खास बात यह है कि उनकी पदयात्रा में साधु-संत जहां उनको आशीर्वाद दे कर उनके साथ चल रहे हैं वहीं अगड़े भी खुलकर उनके कदम से कदम मिला रहे हैं। और सत्ता परिवर्तन का संकल्प ले रहे हैं।

आनंद की पदयात्रा जिस भी गांव-गली-चौबारे से गुजरी, सभी जाति और धर्म के लोगों ने गर्मजोशी से उसका स्वागत किया और दस-बीस कदम साथ चलकर उनमें विश्वास जताया। तिरंगे के साथ कई दलों और संगठनों के फहराते हुए झंडे और समर्थकों के जोशीले नारे मतदाताओं पर अपनी छाप छोड़ रहे हैं। 14 फरवरी को धौरहरा से शुरू हुई आनंद भदौरिया की समाजवादी पीडीए पदयात्रा गुरुवार को करीब 175 किलोमीटर की दूरी तय करके महोली विकास के बड़ागांव से हरदासपुर-चमारबाग-महमूदपुर- सील्हापुर-भगवानपुर-गिरधरपुर होते हुए महुआकोला गांव पहुंची। पदयात्रा के हुजूम में तिरंगे और सपाई झंडे के साथ लहराते भीम आर्मी, भाकपा माले सहित कई संगठनों के परचम पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यक और अगड़ों की एकजुटता की गवाही दे रहे थे। पदयात्रा जिस भी गांव- गली-चौबारे से गुजरी, समर्थकों का समूह उनके साथ जुड़ता चला गया। लललहाते खेतों के बीच से जोशीले नारों के साथ गुजरता कारवां एक नया इतिहास लिखने का इशारा कर रहा था।

पूर्व मंत्री और दलितों के नेता रामहेत भारती के साथ कदमताल कर रहे आनंद भदौरिया का किसानों, युवाओं, मजदूरों, नौजवानों ने जहां माला पहनकर स्वागत किया वहीं महिलाओं और साधु-संतों ने आगे बढ़कर उन्हें अपना आशीर्वाद दिया। यह उनकी लोकप्रियता ही है, कि कहीं वह लोगों को गले लगा रहे थे तो कहीं लोग उन्हें गले लगाकर उनकी विजय कामना कर रहे थे। दोपहर बाद अमिरता गांव पहुंचे आनंद भदौरिया ने रात्रि विश्राम किया और लोगों का दर्द साझा करते हुए उनसे संवाद किया। इस मौके पर धर्मेंद्र भार्गव, अतुल मिश्रा, वीरेंद्र यादव, मोनू दीक्षित, अविनाश मिश्रा गुड्डू, रामदास लोधी, रामविलास मौर्य, तुलाराम राजवंशी, वीरपाल सिंह? हरेराम सिंह, महेंद्र राज, दिलशाद, कल्लू मिश्रा, जगन्नाथ सिंह, अमित शुक्ला, वेद प्रकाश यादव, कपिल मिश्रा, रमेश शुक्ला, टोनू पांडेय, पुनीत पांडेय, विपिन दीक्षित, पवन कनौजिया, अमित जोशी, देवनाथ यादव, अशोक राजवंशी, तुलाराम, भगवती प्रसाद, सतीश त्रिवेदी, वेद प्रकाश, जगन्नाथ सिंह, हर्षित गुप्ता, कृपा शंकर मिश्रा, सत्यदेव दीक्षित, नरोत्तम मिश्रा सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, समर्थक, क्षेत्रीय ग्राम प्रधान, बीडीसी व जिला पंचायत सदस्य मौजूद रहे।

## नाकारा लोग हटाइये, समाजवादी को मौका दीजिए

**महोली-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)।** हजारों समर्थकों के साथ दो जिलों (सीतापुर-लखीमपुर) को जोड़ने वाले महुआकोला पुल पर पहुंचे आनंद भदौरिया ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि महुवाकोला का यह पुल समाजवादी सरकार की देन है। धौरहरा क्षेत्र में तमाम ऐतिहासिक काम समाजवादी पार्टी की सरकार में हुए हैं। लेकिन लोकसभा धौरहरा में बीते 10 वर्ष से भाजपा की सांसद हैं। उनके खाते में एक भी पुल नहीं है। न उनके पास कोई उपलब्धि है। जबकि लोक निर्माण विभाग के मंत्री उनकी सरकार के हैं। वो पूरे प्रदेश में पुल बना सकते हैं। लेकिन भाजपा की सरकार ने क्षेत्र में कोई काम नहीं किया। इसलिए हम मतदाताओं से अपील करते हैं कि नकारा लोगों को हटाइये और समाजवादियों को मौका दीजिए। उन्होंने कहा कि अगर यहां की जनता ने उन्हें जिताकर भेजा तो दिल्ली में इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी। देश और प्रदेश का सर्वांगीण विकास होगा और दहशत का माहौल खत्म होगा।

# वित्तमंत्री के शहर आगमन पर प्रशिक्षण के नाम पर एसबीआई आरसेटी में उड़ाई जा रही धज्जियां

**महराजगंज (स्पष्ट आवाज)।** भारत सरकार के वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण का जनपद आगमन हो रहा है। हर कोई इस प्रयास में जुटा नजर आया कि कही भी कोई कमी नजर न आए। बैंकों की चमचमाती साइन बोर्ड इस बात की गवाही दे रही है कि बैंकों द्वारा योजनाओं का लाभ सीधे लाभार्थियों तक पहुंच रहा है। लेकिन अंदर कुछ और बाहर कुछ वाली यहां कहावत चरितार्थ होते दिख रही है। इसी बीच न्यूज की टीम गुरूवार को लीड बैंक के बिल्डिंग में संचालित आरसेटी प्रशिक्षण केन्द्र पहुंची। जहां महिलाओं व युवतियों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रशिक्षण दिया जा रहा था। लेकिन यहां प्रशिक्षण में अजीबोगरीब स्थिति नजर आई। टीम ने सीधे प्रशिक्षण ले रही प्रक्षिशुओं से बात की। यहां बैंकों के अधिकारियों व आरसेटी के डायरेक्टर की पोल खुल गई।

**समय दोपहर दो बजे :** आरसेटी के एक कमरे में सिंलाई टेलरिंग के लिए 26 प्रशिक्षु प्रशिक्षण लेते नजर आए। टीम के वहां पहुंचते ही अफरा-तफरी का माहौल बन गया। प्रशिक्षुओं से प्रशिक्षण में मिलने वाले सुविधाओं को कुरेदने की कोशिश की गई। प्रशिक्षुओं ने कहा कि यहां न तो मानक के हिसाब से भोजन मिलता है और न ही नाश्ता। सिलाई के लिए मात्र छह मशीन मिला है। उसमें से एक सिंलाई मशीन कई महीनों से खराब पड़ा है। सिलने वाले कपड़ा, सुई, धागा सहित अन्य सभी सामान अपने घर से लाया जाता है। वहीं पास में रखे तीन-चार पुड़िया और कुछ सब्जियां मनमानी की गवाही देते नजर आई। पास के एक कमरे में बेतरतीब रखी प्लास्टिक की कुर्सियां प्रशिक्षण की पोल खोल रही थी। जबकि नियम है कि इनके लिए राईटिंग चेयर होने चाहिए।



प्रशिक्षण देती बालिकाएं, पर मानक के हिसाब से नहीं मिल रहा भोजन, नाश्ता इनसेट में राजेश कुमार प्रशिक्षक

## निर्मला सीतारमण के आगमन के बाद भी नाबार्ड व एनआरएलएम द्वारा संचालित महिलाओं व युवतियों के प्रशिक्षण में भी भारी गोलमाल, प्रशिक्षु खुद अपने जुबानी दे रहे उपेक्षा की गवाही

गुरूवार को भोजन व जलपान मानक के हिसाब से एक दिन में जलपान एवं भोजन के लिए चाय, अरहर की दाल, विभिन्न प्रकार की सुखी सब्जी, रोटी, चावल, मिठाई, आचार, सलाद, विस्किट या समोसा आदि देने का प्राविधान था। लेकिन मौके पर कुछ नजर नहीं आया। खुद प्रशिक्षुओं ने संवाददाता को बताया कि यहां सिर्फ कहने के लिए सब कुछ उपलब्ध है पर मिलता कुछ नही है। महिलाओं को आत्म निर्भर बनाने के लिए एसबीआई आरसेटी द्वारा विभिन्न विषयों पर समय-समय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया जाता है। देश के पीएम नरेन्द्र मोदी और सीएम योगी आदित्यनाथ का सपना है कि इन कार्यक्रमों के जरिए महिलाओं व युवतियों को हुनरमंद बनाया जाए। इसकों योजना को सकुल संचालित करने के लिए मुख्य रूप से एसबीआई बैंक, आरसेटी एनजीओ, एनआरएलएम, नाबार्ड, डूबा विभाग की महत्पूर्ण भूमिका होती है। स्टेट स्तर पर इनकी निगरानी के लिए लोकल हेड आफिस आफ एसबीआई लखनउ को जिम्मेदारी दी गई। जिले स्तर पर मानिटरिंग के लिए लीड बैंक जिला प्रबंधक को जिम्मेदारी सौंपी है। लेकिन यहां न तो कोई जिम्मेदार इनकी सटीक निगरानी करता है और न ही कोई इस संबंध में बताने की कोशिश। भारत सरकार द्वारा संचालित योजना सिर्फ महराजगंज में बेमानी साबित हो रही है। एसबीआई आरसेटी निदेशक राजेश कुमार ने बताया कि अभी तीन महीने से वेंडर बदला गया है। इसलिए व्यवस्था में थोडी दिक्कत आई। उन्होंने अन्य सवालों पर चुप्पी साध गए। इस संबंध में लीड बैंक के जिला प्रबंधक अमरेन्द्र मौर्य ने बताया कि यह शिकायत पहली बार मिली है। इसकी जांच कराकर लापरवाह लोगो के खिलाफ कार्रवाई होगी।

# भाजपा ने राजनीति में विश्वसनीयता का संकट किया समाप्त



**नबरंगपुर (ओडिशा)।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को दावा किया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कांग्रेस द्वारा पैदा किये गये राजनीति में विश्वसनीयता के संकट को समाप्त किया है और वादों को पूरा करके लोगों का विश्वास हासिल किया है। रक्षा मंत्री सिंह तीन लोकसभा क्षेत्रों नबरंगपुर, कालाहांडी और बोलांगीर के पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने चुनाव के दौरान किए गए वादों को पूरा नहीं किया जिससे लोगों का नेताओं पर से भरोसा उठ गया था, लेकिन भाजपा ने अपने चुनावी वादों को पूरा करके लोगों का भरोसा जीता है। इस प्रकार राजनीति में विश्वसनीयता का संकट समाप्त हुआ है। जनता को अब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर भरोसा है। उन्होंने कांग्रेस पर हमला करते हुए कहा कि कांग्रेस चुनाव के बाद लोगों से किए गए वादे भूल जाती थी और इसीलिए लोगों का नेताओं पर से भरोसा उठ गया था। रक्षा मंत्री ने कहा लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 2014 में सत्ता में आने के बाद से चीजें बदली हैं। रक्षा मंत्री ने कहा कि आप हमारे चुनाव घोषणापत्र को देख सकते हैं और आप पाएंगे कि सभी वादे पूरे किए गए हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी ने अनुच्छेद 370 को समाप्त करने, तीन तलाक को खत्म करने और अयोध्या में श्री राम मंदिर के निर्माण का वादा किया था और सभी वादे पूरे किए गए। उन्होंने कहा कि लोगों को अब एहसास हो गया है कि भाजपा जो वादे करती हैं उन्हें पूरा करती है। रक्षा मंत्री ने कहा कि हम (भाजपा) लोगों की सेवा करने की और राष्ट्र निर्माण के लिए राजनीति करते हैं केवल देश पर शासन करने की नहीं। उन्होंने कहा कि भारत आर्थिक मोर्चे पर तेजी से प्रगति कर रहा है और वह 2047 तक विकसित राष्ट्र बन जाएगा।

उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से दिन के 12 घंटे पार्टी के प्रति समर्पित करने का आग्रह किया ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि केंद्र में मोदी सरकार बने और ओडिशा में डबल इंजन की सरकार बने। सिंह ने कहा कि ओडिशा को भी डबल इंजन सरकार की जरूरत है, राजनीतिक समीक्षकों का कहना है कि हम यहां सरकार बनाएंगे। रक्षा मंत्री ने कहा कि उनका ओडिशा के साथ भावनात्मक लगाव है। उन्होंने कहा कि हमने कांग्रेस के शासन के दौरान भारत सुरक्षा यात्रा निकाली थी। मैंने यात्रा की शुरुआत ओडिशा से की थी।

# देव काज और देश काज दोनों ही तेज गति से हो रहे : मोदी



**मेहसाणा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मौजूदा कालखंड को भारत की विकास यात्रा के लिए अहम बताते हुए कहा कि ये ऐसा समय है, जब देव काज (भगवान का काम) और देश काज (देश का काम) दोनों ही बहुत तेज गति से हो रहे हैं। प्रधानमंत्री गुरुवार को गुजरात के मेहसाणा में वलीनाथ धाम मंदिर का उद्घाटन करने के बाद जनसभा को संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री ने गुजरात के मेहसाणा में 13,500 करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाओं को राष्ट्र को समर्पित किया और आधारशिला रखी। उन्होंने कहा कि इन रेल, सड़क, बंदरगाह, परिवहन, जल, सुरक्षा, शहरी विकास और पर्यटन परियोजनाओं से जीवन में आसानी बढ़ेगी और क्षेत्र के युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। सभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने ठीक एक महीने पहले 22 जनवरी को याद किया, जब उन्हें अयोध्या में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह करने का अवसर मिला था। प्रधानमंत्री ने अयोध्या में भगवान श्रीराम के मंदिर निर्माण को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि आज जब भव्य राम मंदिर बन गया है तो नकारात्मकता में जीने वाले लोग नफरत का रास्ता छोड़ने को तैयार नहीं हैं। प्रधानमंत्री ने मंदिरों को ज्ञान और विज्ञान का केंद्र बताया और कहा कि हमारे यहां मंदिर सिर्फ देवालय या पूजा पाठ करने की जगह नहीं बल्कि ये हमारी हजारों वर्ष पुरानी संस्कृति और परंपरा के प्रतीक हैं। हमारे यहां मंदिर देश और समाज को अज्ञान से ज्ञान की तरफ ले जाने के माध्यम रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत की विकास यात्रा में ये एक अद्भुत कालखंड है। ये एक ऐसा समय है, जब देवकाज हो या फिर देश काज, दोनों तेज गति से हो रहे हैं। देवसेवा भी हो रही है और देशसेवा भी हो रही है। उन्होंने कहा कि ये वही लोग हैं, जिन्होंने सोमनाथ जैसे पावन स्थल को भी विवाद का कारण बनाया। ये वही लोग हैं, जिन्होंने पावागढ़ में धर्मध्वजा फहराने की इच्छा तक नहीं दिखाई। ये वही लोग हैं, जिन्होंने दशकों तक मोढ़ेरा के सूर्य मंदिर को भी वोटबैंक की राजनीति से जोड़कर देखा। ये वही लोग हैं, जिन्होंने भगवान राम के अस्तित्व पर भी सवाल उठाए, उनके मंदिर निर्माण को लेकर रोड़े अटकाए।

